सुप्रभात

रांची, शनिवार

07.06.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 322 | 12





मस्क ने ट्रंप पर फोड़ा 'बड़ा बम'

## न्यूज डायरी

### ईद-उल-अजहा (बकरीद) आज, नमाज की तैयारी पूरी

**रांची।** कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद आज मनायी जाएगी। इस अवसर पर मस्जिदों और ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा कर इबादत की हर रस्म निभाई जायेगी। मस्जिदों और ईदगाहों में पहले से ही पूरी तैयारी की गई है।

### टाटा से दो मेमू ट्रेन को दिखायी गयी हरी झंडी

**जमशेदपुर।** टाटा रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को टाटानगर-चाईबासा और टाटानगर-चाकुलिया मेमू ट्रेन की शुरुआत हो गयी। सांसद विद्युत वरण महतो ने दोनों नयी मेमू पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि इससे लोकल यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अब चाकुलिया से बहरागोड़ा तक मेमू चलाने की योजना है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा घायल

**लोहरदगा।** नेशनल हाईवे 39 कुडू-रांची मुख्य पथ पर राजरोम मोड़ के समीप शुक्रवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। चान्हो थाना क्षेत्र के होन्हे गांव निवासी दो चचेरे भाई अजय महली और नरेश महली सुबह सात बजे अपनी पल्सर बाइक से कुडू की तरफ आ रहे थे। इसी बीच कुडू थाना क्षेत्र के राजरोम मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में बने डिवाइडर से जा टकरायी। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

पीएम ने चिनाब रेलवे पुल का किया उद्घाटन, वंदेभारत को दिखायी हरी झंडी, कहा

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर किया था वार


## ऐतिहासिक क्षण

एजेंसी

**रामबन (कटरा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन का उसे राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अंजी पुल का भी उद्घाटन किया। साथ-साथ प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आरामदायक, विश्वसनीय यात्रा प्रदान करेंगी।

इस दौरान आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर निशाना साधा और कहा कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उसे ऐसा सबक सिखाया कि आगे अब वह सिंदूर के नाम से ही खौफ खायेगा। (पेज12 भी देखें)

## पाक का भारत में दंगे कराने का था इरादा



चिनाब ब्रिज के उदघाटन के बाद परियोजना का निरीक्षण करते पीएम

### पड़ोसी देश मनावता का दुश्मन

पीएम ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है। पाकिस्तान का इरादा भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था। कश्मीर के लोगों की रोजी-रोटी छीनना था, इसलिए उसने पर्यटकों को निशाना बनाया।

### जम्मू-कश्मीर मां भारती का मुकुट मणि

पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट है। इसमें एक से बढ़कर एक खूबसूरत रत्न जड़ा हुआ है। ये अलग-अलग रत्न, जम्मू कश्मीर का सामर्थ्य हैं। यहां की पुरातन संस्कृति, यहां के संस्कार, यहां की आध्यात्मिक चेतना, प्राकृति का सौंदर्य, यहां की जड़ी बूटियों का संसार, फलों और फूलों का विस्तार, यहां के युवाओं का कौशल... मुकुट मणि की तरह चमकता है। पीएम ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गयी है। यह भारत की नई शक्ति का उद्घोष है।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने तारीफ की, मुस्करा उठे प्रधानमंत्री मोदी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, प्रधानमंत्री जी इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। यहां तक की कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वे पूरा नहीं कर पाए। जो काम अंग्रेज नहीं कर पाये, वह आपके हाथों पूरा हुआ। जम्मू-कश्मीर, कश्मीर की वादी को बाकी मुल्क के साथ जोड़ दिया गया। अब्दुल्ला ने चिनाब ब्रिज के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब इस प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी, तब मैं आठवीं में पढ़ता था। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ है। अब्दुल्ला जब ये कह रहे थे, तो पीएम मोदी मुस्कुरा उठे।

सीएम ने मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला

# कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन जरूरी : हेमंत



- किसान को समृद्ध बना रही सरकार, कृषि के बिना अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ सकती आगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि किसान को समृद्ध बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। श्री सोरेन शुक्रवार को होटवार के मेधा डेयरी प्लांट में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखने के बाद हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसान भाइयों की आय दोगुनी करने और स्वावलंबी बनाने के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर खड़ी है। इस सिलसिले में कई योजनाएं चल रही है और कई और योजनाएं धरातल पर उतारी जायेगी। सीएम ने इस अवसर पर मेधा रागी लड्डू, मेधा सूधन खाद और जानवरों का चारा बनाने वाली मशीन साइलेज को लॉन्च किया।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक कृषि आज की जरूरत है। कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष ध्यान देना है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुये कहा कि वे जब कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तो किसान क्यों आगे नहीं बढ़ सकता है।

**अर्थव्यवस्था में कृषि पशुपालन का अहम योगदान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि पशुपालन का अहम योगदान है। यह बड़ी संख्या में लोगों के आजीविका का साधन है। हमारी सरकार कृषि, पशुपालन को बढ़ावा दे रही है।

**कृषि कार्यों से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं :** उन्होंने कहा कि देश में कई उद्योग धंधे संचालित हैं। फैक्टरियों की वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन कृषि ही एक ऐसा क्षेत्र है, जिससे सिर्फ फायदे ही फायदे हैं। आज हमारे घर में गाय और अन्य पशु संसाधन हो तो हमें शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिलेगा। जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है।

## कार्टून कोना




# आरबीआइ ने ब्याज दर में की कटौती, होमलोन वालों को राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने अपनी एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) बैठक में रेपो रेट को आधा फीसदी (0.50%) तक घटाकर होम लोन लेने वालों को बड़ी राहत दी है। आरबीआई ने इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट यानी एक चौथाई फीसदी (0.25%) की कटौती की थी। इस साल इन तीन कटौतियों के चलते रेपो रेट में कुल 100 बीपीएस यानी एक फीसदी की गिरावट आयी है। ज्यादातर होम लोन लेने वाले फ्लोटिंग रेट होम लोन लेते हैं। इनमें से ज्यादातर की ब्याज दरें रेपो रेट से जुड़ी होती हैं। इसलिए, रेपो रेट में किसी भी कटौती का मतलब होम लोन की ब्याज दर में भी कमी है।




जब होम लोन की ब्याज दर कम होती है तो बैंक आपको दो विकल्प देते हैं। पहला विकल्प है कि आप अपनी एटककम कर लें और लोन की अवधि वही रखें। दूसरा विकल्प है कि आप अपनी एटकवही रखें और लोन की अवधि कम कर लें। दोनों ही विकल्पों में आपको ब्याज पर बचत होगी। लेकिन बचत की रकम अलग-अलग होगी। अगर आप इएमआइ करते हैं तो आपकी मासिक किश्त कम हो जाएगी। साथ ही, आपको कुल ब्याज में भी लाखों रुपये की बचत होगी।

## आरसीबी के मार्केटिंग हेड समेत चार गिरफ्तार

### जीत के जश्न में हादसा

**बेंगलुरू।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान भगदड़ में हुई मौत मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरसीबी मार्केटिंग विभाग के प्रमुख निखिल सोसले, इवेंट कंपनी डीएनए इंस्टीट्यूट के सुनील मैथ्यू, किरण और सुमंत को गिरफ्तार कर लिया है। चारों से पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कार्यक्रम के आयोजन में किन-किन नियमों की अनदेखी की गयी। किसकी अनुमति से आयोजन हुआ। सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। कौन जिम्मेदार है। सीएम सिद्धारमैया ने इस मामले में केस दर्ज दर्ज कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। इसी के बाद इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।




गयाजी और नालंदा में कांग्रेस सांसद ने बिहार को बताया 'क्राइम कैपिटल'

# मोदीजी को सरेंडर करने की आदत : राहुल

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार के एकदिवसीय दौरे पर शुक्रवार को पीएम मोदी, केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर जम कर हमला बोला। बिहार को तो उन्होंने क्राइम कैपिटल तक कह दिया। वहीं उन्होंने कहा, 'मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है। मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग चिट्ठी लिखने लगते हैं। अब तो जमाना बदल गया है, चिट्ठी नहीं, व्हाट्सएप कर देंगे। ट्रंप ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया। मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि यही सच्चाई है।

**संविधान सुरक्षा सम्मेलन :** राहुल गांधी ने राजगीर अंतर्राष्ट्रीय समागम केंद्र में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि देश की 90% आबादी की सत्ता और फैसलों में कोई भागीदारी नहीं है। मेरा लक्ष्य है- जातीय जनगणना। मैंने संसद में मोदी जी की आंखों में आंख डालकर कहा कि देश में जाति जनगणना होकर रहेगी। भाजपा वाले कभी असली जाति जनगणना नहीं करायेंगे क्योंकि इन्होंने जिस दिन असली जाति जनगणना करा दी, उसी दिन इनकी राजनीति खत्म हो जायेगी।



### बिहार अब बना क्राइम कैपिटल

राहुल गांधी ने बिहार की वर्तमान स्थिति, जातिगत जनगणना, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय पर केंद्र व राज्य सरकारों को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने पहले बिहार की पुरानी परिभाषा सत्य, न्याय और अहिंसा की जमीन थी। वर्तमान सरकार ने बिहार को 'क्राइम कैपिटल' ऑफ इंडिया बना दिया।

### दशरथ मांझी के घर पहुंचे राहुल

राजगीर पहुंचने से पहले गया जिले के गहलौर गांव पहुंचे। 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के परिवार से मुलाकात की। दशरथ मांझी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी और उनके परिवार के लोगों के साथ कुछ वक्त बिताया। गया एयरपोर्ट से सीधे राजगीर पहुंचे। गहलौर में दशरथ मांझी के समाधि स्थल जाकर नमन किए और परिजन से मुलाकात की। वहां से फिर फिर गया लौटे।

### भाजपा का पलटवार

इधर, राहुल गांधी के बिहार दौरे पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, राहुल गांधी सिर्फ चुनाव के समय ही चुनावी राजनीति में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए बाहर निकलते हैं। वे और उनके परिवार के लोग लंबे समय तक सरकार में रहे, न तो उन्होंने दलितों, न महिलाओं और न ही बिहार के उत्थान के लिए काम किया। बिहार को बर्बाद करने वालों, बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और बलात्कार का उद्योग चलाने वालों के साथ सत्ता में बैठकर उन्होंने बिहारियों को अपमानित करते हैं।

खबर एक नजर में

## संजय सेठ ने मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स का किया दौरा



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को हैदराबाद स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दौरा किया। उन्हें कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय ने संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और नई प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्होंने नई परियोजनाओं को देखा और ईएमई तकनीशियनों के काम और एमएसएम और स्टार्टअप के साथ-साथ रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में एमसीईएमई की पहल की सराहना की। उन्होंने एमसीईएमई के परिसर में एक पौधा भी लगाया।

## तेलंगाना के भाजपा मुख्यालय में संजय सेठ ने किया पौधरोपण

**रांची।** शुक्रवार को हैदराबाद में तेलंगाना के भाजपा मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ। भाजपा मुख्यालय में संजय सेठ ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात किया। स्थानीय पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के आत्मीय स्नेह और और सम्मान से अभीभूत हूं । इस अवसर कर भाजपा की सासंद डीके अरुणा, तेलंगाना के महासचिव कसम वेंकटेश, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौड़ और प्रवक्ता दिलीप आचार्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सरकार ने 211 दिन विलंब से अपील दायर की, हाईकोर्ट ने खारिज किया

**रांची।** ट्रांसफर से संबंधित एक मामले में अपील दाखिल करने में 211 दिन की देरी राज्य सरकार को महंगी पड़ी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुरेंद्र कुमार सिंह के ट्रांसफर से संबंधित एक मामले में राज्य सरकार की एलपीए पर फैसला सुनाते हुए इसे खारिज कर दिया। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अपील दाखिल करने में देरी का सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कारण नहीं बताया गया। सरकार की ओर से मामले में एलपीए दायर करने से पूर्व इसके अप्रूवल को लेकर एक विभाग से दूसरे विभाग में फाइल को देर से मूव करना उचित नहीं है। दरअसल, पलामू के पाटन में क्लर्क पद पर रहे सुरेंद्र कुमार सिंह का ट्रांसफर पाकुड़ सिविल सर्जन ऑफिस में वर्ष 2019 में हुआ था, जिसे चुनौती देते हुए उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि उनका ट्रांसफर दंड देने के रूप में प्रतीत होता है। दंड के फलस्वरूप उनके ट्रांसफर पर सुनवाई ठीक ढंग से नहीं हुई थी। इस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सुरेंद्र कुमार सिंह के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके ट्रांसफर आदेश को रद्द कर दिया था। सरकार की ओर से अपील दाखिल कर इसे चुनौती दी गई थी, लेकिन 211 दिन विलंब से अपील दाखिल होने पर कोर्ट ने सरकार की अपील खारिज कर दी।

## मनरेगा : संविदा पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी, 12 तक जमा करना होगा कागजात

रांची। मनरेगा सेल झारखंड द्वारा संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए जनवरी माह में प्रकाशित विज्ञापन के बाद आवेदन में मिले उम्मीदवारों को शार्ट लिस्ट करते हुए सूची जारी कर दी गयी है। सभी की नियुक्ति ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा कोषांग झारखंड में होगी। विशेष कार्य पदाधिकारी जो अवर सचिव स्तर के रिटायर, राज्य एमआईएस नोडल ऑफिसर, सहायक अभियंता, सहायक वन संरक्षक, मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी एवं लेखापाल के लिए योग्य व रिजेक्ट कैंडिडेट की सूची जारी की गयी है। जिनका चयन हुआ है उन्हें 12 जून तक अपने कागजात को ग्रामीण विकास विभाग में जमा कराना है। जिनका रिजेक्शन हुआ है उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज करने का भी मौका दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों के लिए स्किल टेस्ट व इंटरव्यू के लिए अलग से तिथि निर्धारित की जायेगी। **मीडिया ऑफिसर के एक पद लिए ये चयनित हुए :** ज्योति कुमारी, राधवेंद्र प्रताप सिंह, पंखुरी प्रियम, धीरज कुमार, आदित्य कुमार, शशि भूषण कुमार, विजय कुमार ठाकुर, अनस, सिदाम महतो, अनुराग कुमार उपाध्याय. इनमें एक पद के लिए किन्हीं का अंतिम रूप से चयन होगा।

## पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत पांच की याचिका पर सुनवाई 30 को

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप मामले में आरोपी पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत पांच की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 30 जून को सुनवाई होगी। दाखिल याचिका पर शुक्रवार को न्यायायुक्त की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई। आरोपियों ने बीते 26 अप्रैल को अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। मामले में गीताश्री उरांव के साथ कुंद्रसी मुंडा, निरंजन हेरेंज टोप्पो, सुनीता मुंडा और राहुल तिर्की ने याचिका दाखिल की है। इन लोगों पर विरोध मार्च करने और पुलिस के द्वारा की गई बैरिकेटिंग को तोड़ने का आरोप है। केंद्रीय सरना स्थल के सामने से फ्लाई ओवर का रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज आंदोलनरत था। 30 मार्च को प्रशासन ने विवादित स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर रखी थी और मुख्य सड़क पर कई जगह बैरिकेटिंग कर रखी थी। इससे आक्रोशित समाज के लोग बैरिकेटिंग तोड़कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। इस मामले में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत 21 लोगों के खिलाफ नामजद और 150 से अधिक अज्ञात लोगों पर चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

Government of Jharkhand
Directorate of Food & Consumer Affairs
3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002

Letter No- Kha.Up.ni.-24/chini-04/2024- 808 Date- 06-06-2025

Tender/Bid Cancellation Notice

Tender Reference No. Kha.Up.ni.-24(chi.vi.yo.)-04/2024-Re-448, Dated: 24/03/2025 For Supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As Per FSSAI Norms) for 4th Quarter (January 2025 to March 2025) of Financial Year 2024-25 through reverse e-auction platform of NCDEX e Markets Limited with reference to Directorate Letter No.- 448 Dated-24/ 03/ 2025, PR No. 349157 is hereby cancelled on account of unavoidable reasons.

Fresh tender will be invited soon.

Sd/- ( Dilip Tirkey ) Director

PR.NO.354462 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26):D

Government of Jharkhand
Directorate of Food & Consumer Affairs
3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002

Letter No- Kha.Up.ni.01-namak-09/2025- 801 Date- 05/06/2025

Tender/Bid Cancellation Notice

GeM Bid No. GEM/2025/B/6208355, Dated:07/05/20 25 for Selection of Bidder for Supply of Free Flow Refined Iodized Edible Salt (As Per FSSAI Norms) for 1st Quarter (April 2025 to June 2025) of Financial Year 2025-26 By e-Tender through e-Bid followed by Reverse Auction on GeM Platform with reference to Directorate Letter No.- Kha. Up.ni.01-namak-09/2025-629 Dated:-06/05/2025, PR No. 351918 is hereby cancelled on account of unavoidable reasons.

Fresh tender will be invited soon.

Sd/-
( Dilip Tirkey ) Director

PR.NO.354470 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26):D

# ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सड़कों और पुलों के निर्माण को बढ़ावा देगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास और ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और सड़क संपर्क में सुधार करना है। इससे न केवल लोगों का जीवन आसान होगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इस निर्णय के तहत विधायकों को अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार, सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं का चयन करने और अनुशंसा करने का अधिकार होगा। इससे यह सुनि>ित होगा कि परियोजनाएं स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएंगी। इसके तहत राज्य के प्रत्येक विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 15 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं और 10 करोड़ रुपये की पुल निर्माण योजनाएं अनुशंसित करने का अनुरोध किया गया है। इसको लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधायकों से अनुशंसाएं आमंत्रित की गई हैं। सरकार ने राज्य संपोषित सड़कों और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत इन परियोजनाओं को पूरा करने की योजना बनाई है। विधायकों से प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर, सरकार परियोजनाओं का डीपीआर तैयार करेगी और स्वीकृति के लिए आगे बढ़ेगी। इससे यह सुनि>ित होगा कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

**इंजीनियरों की भूमिका :** इंजीनियरों को विधायकों से अनुशंसाएं प्राप्त करने और परियोजनाओं के निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। वे सुनि>ित करेंगे कि परियोजनाएं निर्धारित समय और गुणवत्ता के अनुसार पूरी हों।

## रथ यात्रा की तैयारी का जायजा लेने पहुंचीं मंत्री दीपिका पांडे सिंह, मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा 27 जून को निकाली जायेगी। रथयात्रा को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस बीच शुक्रवार जेठ शुक्ल निर्जला एकादशी के दिन राजधानी रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे विधायक और पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस नेता आलोक दूबे, किशोरनाथ शाहदेव और राजेश गुप्ता छोटू भी मौजूद रहे।

इस दौरान सभी ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का दर्शन पूजन अर्चन किया एवं राज्यवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। साथ ही राजधानी रांची स्थित जगन्नाथपुर में



आगामी 27 जून से शुरू होने वाले राज्य स्तरीय एतिहासिक रथ मेला की तैयारी का जायजा लिया। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने रथ यात्रा की तैयारी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी के अवसर पर भगवान जगन्नाथ का दर्शन साथ में आगामी रथ मेले की तैयारी का जायजा लेने के लिए हम यहां पहुंचे हैं। इस मंदिर के प्रति आस्था सभी की है यही वजह है कि हमें भी आने का अवसर मिला और मैंने प्रसाद भी ग्रहण किया।

**जगन्नाथ मंदिर से सभी की आस्था बनी हुई है :** जगन्नाथपुर मंदिर पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री और लोहरदगा के विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने रथयात्रा की तैयारी से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि इस मंदिर से सभी की आस्था बनी हुई है यह एतिहासिक मंदिर है जहां हर साल रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भगवान जगन्नाथ से समाज और राज्यवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है। वहीं कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रथ मेला यहां होती है जो अपने आप में ऐतिहासिक होता है। इसकी तैयारी का जायजा लेने सभी लोग आए हैं। उन्होंने कहा कि इस रथमेला की तैयारी में कोई कमी ना रहे इसकी मांग सरकार से मैं करता हूं।

# बीएयू करेगा पांच गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशन में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के पांच गांवों को समग्र कृषि विकास के लिये बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने अंगीकृत किया है। विश्वविद्यालय द्वारा इन गांवों का सर्वेक्षण तथा इसके आधार पर कार्य योजना तैयार कर सरकार को समर्पित किया जायेगा। इसी क्रम में शुक्रवार को चान्हो प्रखंड के सिलगाई गांव में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक दल ने अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रतिमा स्थल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार के विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये किसान-वैज्ञानिक इंटरफेस का भी आयोजन किया गया। इसमें करीब 100 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति डॉ दुबे ने कहा कि सिलगाई गांव झारखंड का ऐतिहासिक गांव है जो शहीद वीर बुधु भगत के आदर्श पर चलता आ रहा है। विश्वविद्यालय इस गांव के समग्र विकास के लिये व्यापक अध्ययन करायेगा। एक तीन वर्षीय योजना तैयार कर सरकार को समर्पित करेगा। वैज्ञानिक दल में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बीके झा, सस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डॉ एस सेन गुप्ता तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार उपस्थित थे। इंटरफेस कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों के दल द्वारा पीआर एक्सरसाइज के माध्यम से किसानों के संसाधनों एवं समस्याओं तथा अपेक्षाओं का आकलन किया गया। ग्रामीणों की ओर से सिलागाई गांव की मुखिया गुड़िया कुमारी उरांव, शिवपूजन भगत, मोरहा उरांव आदि ने भाग लिया।

विद्यार्थी दल का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक डॉ नीतू कुमारी ने किया। विद्यार्थी दल में प्रिया पल्लवी, आस्था सिन्हा, श्वेता कुमारी, अनूप कुमार, अलका कुमारी एवं सिद्धार्थ कुमार शामिल थे।

## फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर अब होगी ईनाम की घोषणा

**रांची।** झारखंड सरकार ने कुख्यात अपराधियों को पकड़ने के लिए नक्सलियों की तर्ज पर इनाम की नीति लागू की है। अब फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर एक लाख से लेकर तीस लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि की घोषणा की जाएगी। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुरस्कार राशि अपराधियों और नक्सलियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस नीति के तहत नक्सलियों के खिलाफ पहले ही कई सफलताएं हासिल की गई हैं, और अब इसे अपराधियों पर भी लागू किया गया है। हाल ही में कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस नीति के तहत उन अपराधियों पर इनाम घोषित किया जाएगा, जो सीआरपीसी की धारा 82 और 83 या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 84 और 85 के तहत फरार घोषित किए गए हों। जिसमें फिरौती के लिए अपहरण, सामूहिक या जघन्य हत्या, मार्ग डकैती, लूट या हत्या के साथ डकैती, ट्रेन लूट, रंगदारी, अवैध हथियारों का निर्माण और व्यापार, साइबर अपराध, मानव तस्करी, नशे की तस्करी, नकली नोट का कारोबार व अन्य सनसनीखेज अपराध शामिल हैं। पुरस्कार राशि की घोषणा विभिन्न स्तरों पर की जाएगी। 1 लाख तकः संबंधित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) या पुलिस अधीक्षक (एसपी) द्वारा, दो से पांच लाखः रेंज डीआईजी द्वारा, पांच से 10 लाखः रेंज आईजी द्वारा, 10 से 20 लाखः गृह मंत्री के अनुमोदन से, 20 लाख से अधिकः मुख्यमंत्री के अनुमोदन से की जायेगी। वहीं अपराधियों का ग्रेड-आधारित वर्गीकरण, उन्हें पांच ग्रेड में बांटा गया है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले डॉ इरफान, कहा नई ऊर्जा के साथ विभाग व संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाऊंगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शुक्र वार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री खरगे को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। मुलाकात के दौरान डॉ अंसारी ने झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत रिपोर्ट श्री खड़गे को सौंपा। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। साथ ही, संगठन और कार्यकताओं को मजबूत करने की दिशा में भी सतत प्रयासरत हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने डॉ अंसारी के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि आप अच्छा कार्य कर रहे हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में सब कुछ पारदर्शी है और हम सभी को मालूम है कि कौन कैसा कार्य कर रहा है। इसी तरह सेवा करते रहिये। इसके बाद डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और गौरव का विषय है।

## संगठन सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू का 6 दिवसीय झारखंड दौरा आज से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संगठन सशक्तिकरण को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू अपने छह दिवसीय प्रवास पर शनिवार, 07 जून को झारखंड की राजधानी रांची पहुंच रहे हैं। अपने प्रवास के दौरान प्रदेश प्रभारी के. राजू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ 7 से 12 जून तक झारखंड के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठकें करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि झारखंड प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों एवं बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसी कड़ी में 08 जून 2025 को 10 बजे- सिमडेगा, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। इसके प>ात अप. 04 बजे चाईबासा के सर्किट हाउस में कोल्हान क्षेत्र के नागरिक समाज कार्यकताओं के साथ पेसा नियमों पर आयोजित परामर्श में भाग लेंगे।

09 जून को रामगढ़, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। वहीं अप. 03 बजे- बोकारो में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे।

10 जून को लातेहार, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। वहीं अप. 03 बजे- चतरा में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे।

11 जून को पूर्वा 11 बजे से रांची में पेसा नियमों पर परामर्श में भाग लेंगे, एवं रांची में एससी नेताओं के साथ बैठक में अपना विचार रखेंगे।

12 जून को लोहरदगा, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे एवं अप. 03 बजे - गुमला, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद रात्रि 09 बजे वापस बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हैदराबाद के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## आदिवासियों के साथ छल-कपट की राजनीति करने वाली भाजपा आज बन रही है हितैषी : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि आदिवासी समुदाय के साथ छल कपट की राजनीति करने वाली भाजपा आदिवासियों की हितैषी बनने का प्रयास कर रही है। आदिवासियों के हित की बात करने वाले बाबूलाल मरांडी फ्लाइ ओवर का नामकरण होने के बाद भी बाबा कार्तिक उराँव का नाम लेने से परहेज कर रहे हैं, यह आदिवासी जन भावनाओं का अपमान है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सिरम टोली स्थित बाबा कार्तिक उरॉव फ्लाइ ओवर का उद्घाटन किए जाने पर भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाया गये आरोप पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि फ्लाइ ओवर का उद्घाटन गुप्त तरीके से नहीं बल्कि डंके की चोट पर किया गया है। गुपचुप तरीके से कार्य करना भाजपा के सिद्धांतों में शामिल है जैसा कि इन्होंने सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव राज भवन को भेजकर किया था। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन की सरकार जो वादा करती है उसके अनुसार काम करती है। बाबा कार्तिक उरांव फ्लाइ ओवर से आदिवासी समुदाय ठगा महसूस नहीं कर रहा है बल्कि आदिवासियों को भड़का कर रोटी सेकने वालों की राजनीतिक मंसूबे पर चोट पहुंची है, जो आदिवासी समुदाय को आगे कर अपनी राजनीति को शीर्ष पर पहुंचाना चाहते थे।

सोनाल शांति ने कहा है कि आदिवासी अस्मिता, आस्था, परंपरा आदिवासी समुदाय की भावनाओं को महागठबंधन सरकार बखूबी समझती है और उनकी भावनाओं को समझ कर ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर सरना धर्म कोड लागू करने की लड़ाई छेड़ रखी है। सरना धर्म कोड को लटकाने के खिलाफ बाबूलाल जी को अपने केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष विरोध दर्ज करना चाहिए।

सोनाल शांति ने कहा है कि झारखंड में आदिवासी समुदाय पर भाजपा शासन काल में जितने अत्याचार हुए हैं, वह याद करने से भी आदिवासी समुदाय डरता है। झारखंड निर्माण के साथ ही 2001 में बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्रीत्व काल में तपकरा गोली कांड की हृदय विदारक घटना घटी थी जिसमें आठ निर्दोष आदिवासी मारे गए थे।

भाजपा के मुख्यमंत्री रघुवर दास के शासनकाल में 10000 आदिवासियों पर पत्थलगढ़ी के मामले में मुकदमे दर्ज किए गए, अगर महागठबंधन की सरकार राज्य में नहीं बनती तो यह भी जेल में होते। उन्होंने कहा है कि भाजपा के आदिवासी विरोधी मानसिकता के कारण ही आज आदिवासी समुदाय भाजपा से दूर हो गया है। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन सरकार द्वारा राज्य के सतत विकास के लिए किये जा रहे कार्य को देखकर बाबूलाल मरांडी आदिवासी समाज के मन में संशय पैदा करना चाहते हैं, जो कामयाब नहीं होगा।

## सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन आदिवासियों केलिये धोखा : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 जून को गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया। इससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया। लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर रांची के यातायात को जरूर सुगम बनायेगा। लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उदघाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है। लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

### सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछायी जा रही : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुये राज्य में सड़क निर्माण में बरती जा रही गंभीर अनियमितता पर सवाल खड़ा किये हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं संभाल रहे हैं। तो यह विभाग भ्रष्टाचार में कैसे पीछे रह सकता है, वैसे यहां पथ निर्माण विभाग में ठेकेदारों के चयन से लेकर टेंडर लेने-देने का काम कैसे होता है, यह सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि अगर टेंडर नये न्यूनतम दर में भी एलाट होता है तो बाद में ज्यादा काम दिखाकर पेमेंट बढ़ा देने एवं इसके लिये मनमाना वसूली का खेल किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि लगता है हेमंत जी ने ठान लिया है कि जब तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स वाले आकर सबसे ज्यादा घोटाले करने का रिकॉर्ड उनके नाम नहीं कर देते, वे रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा ज़िले के पेशरार में जिस सड़क का निर्माण हो रहा है, वहां गिट्टी, डामर या ग्रैन्युलर सब बेस का नामोनिशान नहीं है। सड़क निर्माण में गिट्टी वह नींव होती है, जिस पर पूरी सड़क की ताकत टिकी होती है, पर यहां तो नींव ही गायब है।

### शोर मचाने पर घर मालिक को कुएं में डुबाने का किया था प्रयास

# घर में चोरी करने घुसे चार चोर पुलिस के हत्थे चढ़े, गये जेल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना की पुलिस ने घर में चोरी करने घुसे चार चोरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्त में आये अभियुक्तों में कमलेश चौहान, पंकज डोम, विजय कुमार (रतलाम, जिला-चितौड़गढ़, राजस्थान) और ज्ञान सिंह (बैंक मोड़, धनबाद) के पास से चोरी में प्रयुक्त औजार को जब्त किया गया है। वहीं पुलिस मौके से फरार गिरोह के दो अन्य सदस्य माड़ू चौहान (हजारीबाग) और करण चौहान (रतलाम, जिला-चितौड़गढ़, राजस्थान) की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

**क्या है घटना** : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के सत्यारी टोली में बुधवार देर रात करीब एक बजे राम प्रकाश टोप्पो के घर में चोरी की नीयत से छह चोर घुसे थे। सभी गंजी और हाफ पैंट में थे। घर में चोरी के दौरान चोरों की खटफट की आवाज से राम प्रकाश टोप्पो की नींद खुल गयी। उन्होंने देखा कि घर में छह से सात की संख्या में चोर घुसे हुए हैं। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। जिसके बाद चोरों ने पकड़ाने के डर से उन्हें दबोच लिया और मारपीट कर घर के अंदर बने कुंए में डुबाने का प्रयास किया। तभी राम प्रकाश की आवाज को सुनकर मुहल्लें के लोग वहां पहुंच गये। सभी चोर पकड़ाने के डर से भागने लगे। जिसमें ग्रामीण पीछा कर चार चोर को पकड़ने में सफल रहे और जमकर पिटाई की।


इसी बीच जानकारी मिलते ही पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंची और चोरों को अपनी गिरफ्त में लेकर थाना पहुंची। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के पास से एक गुलेल, बड़ा पेचकस और कील निकालने वाला औजार जब्त की है। राम प्रकाश टोप्पो के घर से चोरों ने अलमारी से सोने की चेन और 10 हजार रुपये नकद चुरा लिये थे। घटना में राम प्रकाश के सिर और घुटने में चोट लगी। इस मामले में राम प्रकाश टोप्पों ने छह नामजद सहित अन्य अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### ठेकदार से 30 से 40 लाख की मांगी गयी थी लेवी

# एमसीसी के नाम पर ठेकेदार से लेवी मांगने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना की पुलिस ने एमसीसी संगठन के नाम पर ठेकेदार से लेवी की मांग करनेवाले गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त सुखलाल मुंडा (गुलसुटोला, सरेंगडीह,सोनाहातु, थाना- राहे ओपी) और सुखराम भेंगराज(-मइलबुरु, थाना सायको जिला-खुंटी) के पास से घटना में प्रयुक्त सिम सहित मोबाईल व घटना में प्रयुक्त दो बाइक जब्त किया गया है।





इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 22 मई को गरुडपीढ़ी स्थित पुल निर्माण स्थल पर एमसीसी के नाम पर लेवी देने के लिए पार्टी का पर्चा देकर काम बंद करने की धमकी मुंशी को दी गयी था। अलग-अलग मोबाईल नम्बर से भी ठेकेदार को धमकी दी गई थी और नहीं देने पर अंजाम भुगतने का तैयार रहने को कहा गया था। जिसके आधार पर नामकुम थाना काण्ड दर्ज किया गया था।

पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में ठेकेदार व मुंशी को धमकी देने में प्रयोग किए गया मोबाईल को अभि शिवा पाहन के घर से जब्त किया गया एवं तकीनीकी शाखा के सहयोग से इस मामले में शामिल सुखलाल मुण्डा और सुखराम भेंगराज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से वारदात में प्रयोग मोटरसाईकिल एवं मोबाईल को बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य 7 सहयोगी शामिल है। जिनमें से कुछ अपराधी का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार, गौतम कुमार, रंजीत कुमार, शशिरंजन, जयदेव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

**मुंशी है साजिशकर्त्ता** : डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस अनुसंधान में जानकारी मिली है कि इस घटना में ठेकदार का मुंशी विजय मुंडा मुख्य सरजिशकर्त्ता है,जो फरार चल रहा है। मुंशी ने ही सुखलाल से संपर्क किया था। दोनों का घर आस-पास ही है। जिसके बाद सुखलाल ने भेंगराज को लेवी मांगने का टास्क टकला और शिवा पाहन को दिया था। शिवा पाहन हजारीबाग जेल में बंद नक्सली बोयदा पाहन का भतीजा है। मुंशी सहित गिरोह में कुल सात लोग इस घटना में शामिल है।

गौरतलब है कि ठेकदार से 30 से 40 लाख की लेवी मांगी गई थी। वहीं गिरफ्त में आये अभियुक्तों के अनुसार मुंशी को कई माह से वेतन नही मिला था। जिसके कारण पैसा निकालने के लिये उसने लेवी मांगने की साजिश रची थी। पुलिस इस बिंदू पर भी जांच कर रही है।

## महिला डॉक्टर ने मुख्यमंत्री और मंत्री से लगायी इस्तीफे की गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में एक गर्भवती महिला के इलाज को लेकर डॉक्टर पर अनियमितता का आरोप लगाया गया, जो कि पूरी तरह से गलत और राजनीति से प्रेरित है। दरअसल, महिला डॉक्टर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को इस्तीफे की पेशकश करते हुये कहा कि मैं ऑन कॉल ड्यूटी पर थी और सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गई, लेकिन, कुछ भाजपा समर्थित लोग जान बूझकर हंगामा करने लगे, डराने-धमकाने लगे। मामला तूल पकड़ने लगा और अब इसे राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि सेवा कुटीर को भाजपा कार्यालय बना दिया गया है। जहां रात में गांजा और शराब का सेवन किया जाता है। महिला स्टाफ असुरक्षित महसूस करती हैं। इसलिये, हम रात में ड्यूटी नहीं कर पाते हैं। हमने पूर्व में अस्पताल प्रबंधन से सेवा कुटीर को हटाने की मांग भी की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे डर के माहौल में काम करना मुश्किल है। इसलिए मैं इस्तीफे की पेशकश कर रही हूं और मांग करती हूं कि ऐसे असामाजिक और राजनीतिक तत्वों को अस्पताल परिसर से हटाया जाये।

# डिजिटल होंगी झारखंड की पंचायतें, पंचायत सचिवालय में ही मिलेंगी आधार से जुड़ी सेवाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने डिजिटल पंचायत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आधार बनाने और अपडेट करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी, क्योंकि यह सुविधा अब पंचायत सचिवालय में भी उपलब्ध होगी।

**सीएससी-एसपीवी के साथ जल्द सरकार करेगी एमओयू** : झारखंड सरकार ने इस संबंध में आवश्यक मंजूरी दे दी है। जल्द ही राज्य सरकार और सीएससी-एसपीवी के बीच एक एमओयू(समझौता ज्ञापन) होगा। इसके बाद पंचायतों में आधार केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।





**ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों का समय और पैसा दोनों की होगी बचत** : इस नई पहल के तहत, ग्रामीण अपने नजदीकी पंचायत में ही आधार कार्ड बनवा सकेंगे और आवश्यकतानुसार उसमें अपडेट भी करवा सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी लाभ होगा। उन्हें अब आधार से संबंधित कार्यों के लिए शहरों या दूरस्थ केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे उनका समय और पैसा दोनों की बचत होगी।

**आधार सेवाओं की जानकारी** : आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने की प्रक्रिया को और अधिक जानने के लिए। यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं या अपने नजदीकी आधार केंद्र से संपर्क कर सकते हैं. वहां आवश्यक जानकारी और सहायता आपको मिल जायेगी।

## खबर एक नजर में

### जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जैक के द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2025 के परिणाम से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

### देवघर एम्स के निदेशक सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में एम्स देवघर के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय एवं उपनिदेशक अभिक दास ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने एम्स देवघर में 11 जून को आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह के लिये मुख्यमंत्री को आमन्त्रण पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एम्स देवघर में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं और सेवाओं से अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने एम्स के विस्तार से जुड़ी कार्य योजना की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

### रिम्स में डॉ शोभा चक्रवर्ती को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** रिम्स में शुक्रवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती को श्रद्धांजलि दी गई। रिम्स निदेशक डॉ प्रो राजकुमार, डीन प्रो शशिबाला सिंह समेत अन्य चिकित्सकों ने डॉ शोभा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस बीच निदेशक ने कहा कि डॉ. चक्रवर्ती ने झारखंड में प्रसूति एवं स्त्री रोग सेवाओं में बड़ा योगदान दिया। इसे हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी निष्ठा और समर्पण दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा।

### थैला से 27 बोतल शराब बरामद

**रांची।** रांची रेल मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों पर लगातार जांच जारी है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची के द्वारा ऑपरेशन सतर्क के तहत नामकुम रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में गहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर एक सफेद थैले में भारी वस्तु संदेहास्पद स्थिति में पाई गई। मौके पर उपस्थित आरपीएफ कर्मियों द्वारा कई प्रयासों के बावजूद उस थैले का कोई भी स्वामी सामने नहीं आया। संदेह के आधार पर थैले की जांच की गई, जिसमें 27 बोतलें मादक पदार्थ की गई है, जिसकी कुल अनुमानित मूल्य 4,300 रूपये- है। जब्त शराब को उत्पाद विभाग, रांची (झारखंड) को सौंपा गया है।

### झारखंड में वन नेशन, वन कार्ड सिस्टम को प्रभावी बनाये सरकार : एसोसिएशन

**रांची।** फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन ने झारखंड में वन नेशन वन कार्ड सिस्टम को कायदे से प्रभावी बनाने की मांग सरकार से की है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि सिस्टम दुरुस्त नहीं रहने से पायलट प्रोजेक्ट के तहत राज्य के छह जिले खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लातेहार, कोडरमा और चतरा के कार्डधारी पिछले मई में अन्य जिला या फिर राज्य के बाहर राशन लेने से वंचित रह गए थे। उन्होंने बताया कि राज्य के अन्य जिलों में भी खाद्यान्न प्राप्ति के माध्यम ई-पॉश मशीन के सिस्टम में बदलाव किए जाने की वजह से दुकानदार राशन का उठाव नहीं कर सकते हैं। इस कारण पायलट प्रोजेक्ट सिस्टम में संबंधित कार्डधारी किसी भी दूसरे जिला या फिर देश के अन्य राज्य में राशन का उठाव नहीं कर पायेंगे।

### बंधना उरांव को तीन साल की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार इंदवार की अदालत ने जमीन के नाम पर ठगी करने और विश्वासधात करने के मामले में अभियुक्त बंधना उरांव को दोषी करार कर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अभियुक्त बेड़ो थाना क्षेत्र के तेतर टोली निवासी है। अभियुक्त ने अपने ही गांव की प्रगीता एक्का को विवादित जमीन देने के नाम पर नौ लाख रुपये की ठगी कर ली थी।

### श्री श्री कृष्ण सिंह पार्क डोरंडा में पौधारोपण



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री श्री कृष्ण सिंह पार्क डोरंडा में पौधारोपण कार्यक्रम पार्क संचालन सतीश कुमार की अध्यक्षता मे किया गया। मौके पर चंपा, चमेली रुद्राक्ष, आम सहित अन्य पौधे लगाऐं गये। इस मौके पर प्रेमी रत्नेश कुमार, धर्मेंद्र जी, दिलवीर सिंह, महताब, भीम,सीमा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सिरमटोली फ्लाइओवर का नाम स्व. कार्तिक उरांव करना स्वागत योग्य कदम : राजेश ठाकुर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर ने सिरमटोली फ्लाई ओवर का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व केंद्रीय मंत्री कार्तिक उरांव फ्लाई ओवर किए जाने पर पर प्रसन्नता एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यों से यह साबित कर दिया कि वे झारखंड वासियों के लिए झारखंड के विकास के लिए कटिबद्ध एवं प्रतिबद्ध हैं। राज्य की राजधानी रांची को वो सुंदर बनाने के लिए एवं आमजनों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। जो काम पिछले पच्चीस वर्षों में नहीं हुआ उन्होंने मात्र तीन वर्षों में करके दिखा दिया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि गठबंधन की सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तरोत्तर विकास कर रही है। शहर के विकास के साथ साथ ग्रामीण विकास भी हो रहा है। भाजपा द्वारा बार बार विकास में अवरोध करने के बावजूद लागातार विकास के काम हो रहे हैं। मरीजों के बेहतर इलाज के लिए रिम्स 2 का भी निर्माण करने का मुख्यमंत्री ने संकल्प लिया है। झामुमो कांग्रेस एवं राजद की गठबंधन सरकार अंतिम पायदान पर बैठे बेघर लोगों को अबुआ आवास देने के साथ साथ माँ बहनों को मईया सम्मान देने का काम कर रही है। विकास की बहती गंगा को रोकने का प्रयास जो भाजपा नेता कर रहे हैं, उन्हें हम सफल नहीं होने देंगे।

### दस हजार का जुर्माना भी लगाया

## हाईकोर्ट ने जमीन की दोहरी जमाबंदी रद्द की

**रांची।** रांची के ललगुटुआ में एक जमीन की दोहरी जमाबंदी कराए जाने के मामले में हाईकोर्ट की खंडपीठ ने प्रतिवादी अनिल कुमार सिंह के पक्ष में फैसला देते हुए उक्त जमीन का दोबारा म्यूटेशन कराए जाने को रद्द कर दिया। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने फैसले में कहा कि उक्त जमीन को दोबारा बेचकर उसका दोहरा म्यूटेशन कराकर वृद्ध महिला पर केस डालकर उन्हें परेशान किया गया है। इसलिए, अपीलकर्ता (अजीत कुमार बरियार) पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जाता है। दरअसल, वर्ष 1963 में देवकली देवी ने लालगुटुआ में 43 डिसमिल जमीन खरीद कर म्यूटेशन कराया था। जमीन की रसीद भी कट रही थी। इसी दौरान पुराने जमीन मालिक के रिश्तेदारों ने वर्ष 2000 में धोखाधड़ी कर अजीत कुमार बरियार को उक्त जमीन दोबारा बेच दी थी। अजीत कुमार बरियार ने यह जमीन खरीद कर बिल्डर को बेच दी थी। बिल्डर ने इस जमीन की रजिस्ट्री कराकर दोबारा म्यूटेशन कर लिया था और देवकली देवी द्वारा पूर्व में कराई गई उक्त जमीन के म्यूटेशन को रद्द करवा दिया था। इसके खिलाफ वर्ष 2007 में देवकली देवी की ओर से अनिल कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अनिल कुमार सिंह के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिल्डर द्वारा कराए गई दोहरे म्यूटेशन को गलत बताते हुए देवकली देवी के म्यूटेशन को सही बताया था।

## आदिल जहीर ने बकरीद की दी बधाई

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने बकरीद के मौके पर झारखंड के तमाम मुस्लिम भाई बहनों के साथ समस्त राज्यवासियों को बधाई दी है। उन्होंन बकरीद का पर्व त्याग, बलिदान और समर्पण का पर्व है जो हमें दूसरों के लिए अपना पूरा जीवन कुर्बान करने और एक दूसरे के लिए जीने का संदेश देता है।

## विनय चौबे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला चलेगा

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस विनय चौबे खिलाफ अब आय से अधिक संपत्ति का मामला चलेगा। अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसीबी को सरकार से इसकी अनुमति मिल गई है। उल्लेखनीय है कि झारखंड में शराब घोटाले में गिरफ्तार विनय कुमार चौबे की मुसीबत बढ़ गई है। एसीबी ने अब विनय कुमार चौबे और उनके करीबियों-रिश्तेदारों की संपत्ति की जांच भी शुरू कर दी है। एसीबी को शेल कंपनियों में निवेश करने का साक्ष्य भी मिले हैं। एसीबी ने बीते 21 मई को विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था।

# रक्षा राज्य मंत्री ने हैदराबाद में स्थित आयुध निर्माणी मेडक का किया दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद स्थित आयुध निमार्णी मेडक का दौरा किया। यहां पहुंचने पर मेडक के सीएमडी संजय द्विवेदी और निदेशक सत्यव्रत मुखर्जी ने रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने उत्पादन सुविधाओं का निरीक्षण किया। उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की और इकाई की तैयारियों की सराहना की।



उन्होंने स्थानीय सांसद रघुनंदन राव के साथ टैंक की सवारी की।

# बकरीद आज: नगर निगम और प्रशासन ने बनायी संयुक्त कार्य योजना, साफ-सफाई और तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बकरीद को लेकर राजधानी रांची में नगर निगम और जिला प्रशासन ने मिलकर तैयारी पूरी कर ली है। साफ-सफाई से लेकर विधि व्यवस्था तक हर स्तर पर निगरानी के लिए संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया है ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

**मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान** : रांची नगर निगम की ओर से जानकारी दी गई है कि मस्जिदों और ईदगाहों के इर्द गिर्द विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। हिंदपीढ़ी, डोरंडा, कर्बला चौक, हरमू, बरियातू और अपर बाजार जैसे क्षेत्रों में सफाई के साथ-साथ चूना और कीटनाशक का छिड़काव भी कराया गया है। ईदगाह मैदानों में पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

**पर्व को लेकर विशेष बैठक का आयोजन** : नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस पर्व को लेकर एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सफाई और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने विधि-व्यवस्था को लेकर अलग से बैठक की है। त्योहार के दिन अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार निगरानी करेगी और लोगों की किसी भी तरह की परेशानी का तुरंत समाधान किया जाएगा। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए जा रहे हैं, जिससे लोगों की समस्याओं को समाधान हो सके।

**आपसी सौहार्द्र बनाए रखने की अपील** : प्रशासन और नगर निगम की यह पहल त्योहार को शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं आमजन से भी आपसी सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई है।

## असमाजिक तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई : चंदन सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार की शाम को सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सिटी डीएसपी के वी रमण, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित विभिन्न थानों के थानेदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। कोतवाली, हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में



जिला पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा पैदल गश्त कर संदेश दी कि पर्व के दौरान शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बकरीद पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह चौकस है। सभी संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। थाना स्तर पर गश्ती करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दी गई है। पूर्व में थाना व जिला स्तर पर शांति समिति की बैठक की गई है। कंट्रोल रूम बनाया गया है। पर्व में असमाजिक तत्व अगर किसी भी तरह की खलल डालेंगे तो पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

# मैने अर्जी लिख दी बाबा तेरे दरबार में, बस मोहर लगा दो अपनी खड़ा इंतजार में...

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मैने अर्जी लिख दी बाबा तेरे दरबार में , बस मोहर लगा दो अपनी खड़ा इंतजार में जैसे भजनों पर शुक्रवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में भक्त भाव विभोर नजर आए। निर्जला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित किया गया। सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का अत्यधिक महत्व माना गया है , मान्यता है की गंगा दशहरा के दूसरे दिन निर्जला एकादशी को पृथ्वी पर प्रभु की कृपा साक्षात बराती है। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही , बेला , रजनीगंधा , गुलाब , मोगरा एवम तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषश श्रृंगार किया



गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी , रमेश सारस्वत , चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका , मनोज ढांढणनीयां , नितेश केजरीवाल , नितेश लाखोटिया , विकाश पाडिया, राजेश सारस्वत , प्रियांश पोद्दार , विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।

## हरमू रोड श्रीश्याम मंदिर में अर्जी लगाने भक्त उमड़े

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार निर्जला एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। बाबा श्याम के चार मेलों में निर्जला एकादशी का भी एक बड़ा मेला लगता है।



हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में श्याम भक्त अपनी अर्जी लगाते हैं। भक्तों में ऐसा मान्यता हो गई है कि इस दरबार में अर्जी लगाने पर बाबा उनकी अर्जी जरूर स्वीकार करते हैं और उनकी मनोकामना की पूर्ति शीघ्र अति शीघ्र करते हैं। भक्तों द्वारा चढ़ाई गई अर्जियों को श्याम मंदिर के आचार्य गण एक-एक करके बाबा श्याम को सुनाते हैं। जो भी श्याम भक्त बाबा को सच्चे मन से अपनी अर्जी लगाते हैं बाबा उनकी अर्जी जरुर सुनते हैं । मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य मे बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रंगार किया गया । कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल गुलबहार मुरुगन फूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंदिर के सभी विग्रह एवं तैल चित्रों को रजनीगंधा के गजरे से सजाकर फूल माला चढ़ाई गयी।

मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल, मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अनुज मोदी,सलज अग्रवाल सोनू ने प्रथम सभी देवी देवताओं की वंदना भजन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, समेत श्यामसुंदर शर्मा , पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनौली, रतन शर्मा ,राजेश कतारुका ,वेदभूषण जैन आदि सैकड़ो भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। ये जानकारी गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## निर्जला एकादशी पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में विशेष पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर में शुक्रवार को निर्जला एकादशी पूजा का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, महाप्रसाद भोग, भजन- कीर्तन एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया।

पुजारी अरविंद पांडे द्वारा श्री राज श्याम जी को फल, मेवा, चूरमा, पेड़ा का विधिवत भोग लगाया गया व साथ ही पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं महाआरती की गई। तत्प>ात भजन कीर्तन के कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने सुमधुर मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। तत्प>ात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ,पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, विष्णु सोनी, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, पवन पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, गिरधारी सर्राफ, दीपक सर्राफ, शशि, कांता, अनुराधा, अंजलि, तरुण, अतुल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

### एचडीएफसी बैंक ने पदयात्रा कर दुकानदारों और व्यापारियों से किया संवाद

**रांची।** एचडीएफसी बैंक ने झारखंड और बिहार क्षेत्र में पदयात्रा 2.0 का सफल शुभारंभ शुक्रवार को किया। इस पदयात्रा का उद्देश्य क्षेत्र के दुकानदारों, एमएसएमई, व्यापारियों और थोक विक्रेताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनके साथ मजबूत संबंध बनाना रहा। यह अभिनव कार्यक्रम शाखा टीमों द्वारा मार्केटिंग और डेटा एनालिटिक्स टीमों के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड अंचल प्रमुख नितेश नारायण चौधरी ने किया।

### डॉ आर आर शर्मा को सिदो कान्हु मुर्मू विवि के कुलसचिव पद पर चयनित होने पर दी बधाई

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के एलुमनाई एसोसिएशन ने डॉ आर आर शर्मा को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर चयनित होने पर बधाई दी। मारवाड़ी कॉलेज रांची के एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव शुभम ,मंत्री एवं समाजसेवी संजीव कुमार ने मारवाड़ी कॉलेज के कॉमर्स विभाग के हेड एंड डीन डॉ आर आर शर्मा को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर चयन होने पर उन्हें अंगवस्त्र देकर एवं मिठाई खिला कर हार्दिक बधाई दी।

### पाहन महासम्मेलन कल तैयारी पर किया मंथन

**रांची।** आठ जून को प्रस्तावित पाहन महासम्मेलन की तैयारी के लिए शुक्रवार को पाहन महासंघ ने बैठक की। दसमाइल में सरनास्थल पर हुई इसकी अध्यक्षता करते हुए राम पाहन ने बताया कि आयोजन में अलग-अलग पड़हा के पदाधिकारी सफेद वस्त्र पहनकर आएंगे। सम्मेलन में विशेष रूप से पड़हा समन्वय समिति भारत, उदयपुर सिरी परगना पड़हा राजा, एंदेल सांगा पड़हा हुटार, खूंटी, झारखंड क्षेत्रीय पड़हा समिति हटिया के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में जगदीश पाहन, शिबू पाहन, अजित उरांव, जीता कच्छप, मंगरा कच्छप, सुनिल कुजूर, राधे तिर्की आदि थे। भुसूर खेल मैदान में पाहन सम्मान समारोह कल भुसूर खेल मैदान लाल खटंगा में रविवार को पाहन सम्मान समारोह होगा। आयोजन ट्राइब फर्स्ट अभियान झारखंड के तहत होगा। यह जानकारी झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा के अध्यक्ष मेघा उरांव ने शुक्रवार को दी। समारोह में रूढ़ि प्रथा, पूजा पद्धति का निर्वहन करने वाले पाहन पुजार, नाइके महतो, पइनभोरा, कोटवार सहित अन्य सामाजिक धार्मिक अगुवा शामिल होंगे।

### बालाजी मंदिर में श्रीवैष्णवों की निर्जला एकादशी आज मनेगी

**रांची।** तिरुपति बालाजी मंदिर में ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की प्रसिद्ध निर्जला एकादशी व्रत का मान शनिवार को है। अधिक दशमी तिथि का मान नषेध के कारण वैष्णवों की एकादशी व्रत द्वादशी युक्त तिथि में शनिवार को होगी । निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी व्रत में स्नान व आचमन के अतिरिक्त जरा भी जल ग्रहण नहीं करना चाहिये। इस एकादशी का व्रत रखने से सभी एकादशी व्रतों के फल की प्राप्ति सहज ही हो जाती है। जिन्होंने शम, दम और दान में प्रवृत्त हो श्रीहरि की पूजा और रात्रि में जागरण करते हुये इस निर्जला एकादशी का व्रत किया है, उन्होंने अपने साथ ही बीती हुई सौ पीढ़ियां को और आने वाली सौ पीढ़ियों को भगवान श्रीमन्नारायण वासुदेव के परमधाम में पहुंचा दिया है। निर्जला एकादशी के दिन भगवान् वेंकटेश्वर श्रीकेशव की प्रसन्नता के लिये निराहार रहकर आचमन के सिवा दूसरे जल का भी त्याग करने द्वादशी को वेंकटेश्वर श्रीहरि विष्णु का पूजन करना चाहिये।

## पर्यावरण कानूनों का अनुपालन अत्यावश्यक : गोपाल पाठक



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरुकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में पर्यावरण संबंधी कई कानून हैं, आवश्यकता है तो इनके अनुपालन की। वे विश्व पर्यावरण दिवस पर विवि परिसर में 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस)के सहयोग से किया। कार्यक्रम में आईकेएस की सेंटर इंचार्ज प्रो. नीलिमा पाठक, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. संदीप कुमार, डॉ. प्रियंका मिश्रा एवं डॉ. आर. एन. झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विषय परिचय डॉ. स्वातिलेखा महतो और धन्यवाद भाषण सुधीर कुमार ने दिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्रीन मेंटर्स द्वारा विश्वविद्यालय को ग्रीन यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता और गोल्ड रैंकिंग से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौतम तांती, डॉ. अरविंद भंडारी समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति शिबजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन और विवि को ग्रीन रैंकिंग प्रदान किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# इस्मा कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ब्लैक बेल्ट सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट के तत्वावधान में वाई.एम.सी.ए कांटा टोली में शुक्रवार को इस्मा कराटे प्रशिक्षण शिविर तथा ब्लैक बेल्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाईएमसीए, कांटा टोली के सचिव महोदय आशीष टोप्पो उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अंगड़ा के प्रधानाचार्य, यूके पब्लिक स्कूल बूटी के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार, हर्षित मिशन स्कूल की प्रधानाचार्य हर्षित केरकेट्टा उपस्थित रहे।



समारोह में नए शो-डॉन के लिए 40, नि डॉन-11, सान डॉन-3, योन डॉन-3 और गो डॉन के 11 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र से भी नवाजा गया जो निम्नलिखित है। सम्मान पाने वालो में प्रिया कुमारी ,नेहा कुमारी, इशायु कृष्णा, रूपेश कुमार, आदिती प्रिया, विक्रम घोष, अनमोल वर्मा ,साक्षी संपत, लावण्या शर्मा, आरजू अली, यशिका, धर्मेश कुजूर , शामिन अहमद ,फरहान अंसारी ,कौशर अली ,सुमेल अहमद, शौर्य संजीव मिश्रा, नव्या अंबिका कुमारी, पूजा प्रमाणिक, आकांक्षा कुमारी महतो, सोनिया कुमारी ,अर्चना कुजूर ,अक्षर राज, अंशराज,रेशमा किस्कू ,पीटर हेरेंज ,श्वेता शर्मा, रणवीर सिंह, आन्य जोयल तिरु, कोमल कुमारी, स्वास्तिक मोहपात्रा, जिगिशा गुप्ता, सुनीती प्रिया, पदमा अरुंधति, आराध्या आस्तिका,प्रीति कुमारी, कशिश, अरिजीता चौधरी , अंशिका सिंहा,मधु कुमारी ,जूही कुमारी, रश्मि कुमारी,नितेश मछुआ, सूरज कुमार ,राकेश प्रमाणिक, अनीश कुंडू ,राजकुमार ओझा, शिवानी कुमारी, अंजली कुमारी शामिल है। इस अवसर पर इस्मा के तकनिकी निदेशक विमल आनंद नाग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलेवर कर्मकार तथा नौशाद खान ,महासचिव कमल किशोर कश्यप, इस्मा के कानूनी सलाहकार- शुभनारायण दत्त जी साथ ही साथ,गुलाम जावेद, इबरार अंसारी, जाकिर हुसैन, बेनेट मिलिंग्स, शशि सुमन,महादेव गोप, गुमन गाड़ी,पिंटू कुमार, लालचंद लोहार, राहुल सिंह, शिव कुमार, जहुर, सुष्मिता प्रियंका किस्पोप्ता, बिनीता बारला आदि उपस्थित थे। ये जानकारी सहायक मीडिया प्रभारी लालचंद लोहार ने दी।

## सीसीएल मुख्यालय में पांच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय स्थित प्रकाश सभागार में शुक्रवार को पाँच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीसीएल के राजभाषा विभाग द्वारा केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 02 जून से 06 जून, 2025 तक आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीसीएल में प्रशासनिक कार्यों के दौरान हिंदी अनुवाद की गुणवत्ता, सटीकता तथा सुगमता को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रतिदिन दो सत्रों में व्यावहारिक एवं प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे अपने



कार्यक्षेत्र में अधिक दक्षता एवं भाषिक संवेदनशीलता के साथ हिंदी का प्रयोग कर सकें।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर थे। उन्होंने केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो से पधारी सहायक निदेशक श्रीमती लेखा सरीन को पुष्पगुच्छ एवं झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई देते हुए कहा, 'इस कार्यक्रम की सफलता तभी पूर्ण रूप से सार्थक होगी जब प्रतिभागी प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग अपने कार्यस्थलों पर करें।' उन्होंने अनुवाद के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास, तकनीकी उपकरणों की जानकारी एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग पर बल दिया।

प्रशिक्षण सत्रों का संचालन केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से पधारे सहायक निदेशक श्रीमती लेखा सरीन एवं डॉ. मोहन चंद्र बहुगुणा द्वारा किया गया। उन्होंने 'संघ की राजभाषा नीति, 'कार्यालयीन अनुवाद की प्रविधियाँ, तथा 'तकनीकी उपकरणों के प्रयोग' जैसे विषयों पर व्यावहारिक, विश्लेषणात्मक एवं सहभागितात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन अवसर पर केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सीसीएल की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह कर्मचारियों की भाषाई दक्षता एवं व्यावसायिक क्षमता को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में भी उल्लेखनीय है।

### शक्तिशाली हिंदू करेगा राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा : अंबरीष सिंह

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अम्बरीष सिंह जी ने कहा कि विहिप हिंदवः सोदरा सर्वे का भाव लेकर संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रही है। श्री सिंह शुक्रवार को लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व का चिंतन सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया एवं वसुधैव कुटुंबकम है। जबकि अन्य संप्रदायों में केवल उनका धर्म बढ़े लेकिन, हिंदू धर्म की विशेषता है कि चारों धाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, बावन शक्तिपीठों में कोई जाति नहीं केवल हिंदू दिखाई पड़ते हैं। प्रयागराज में हुए महाकुंभ के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने जातिगत भेदभाव अस्पृश्यता छुआछूत के मिथ्या आरोपों को मिटते हुये दृश्य देखा।

### खबर एक नजर में

### 10+2 तथा स्नातक के लिए सरकारी नौकरी की विशेष बैच




**रांची।** इंटर तथा स्नातक युवा के लिए इंटर के बाद तथा स्नातक में प्रवेश करने के साथ ही सरकारी नौकरी बैंकिंग ,एसएससी ,रेलवे, झारखंड एसएससी की तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए अच्छी तैयारी में लगभग 1 से 2 वर्ष लग जाते हैं ,ऐसा करने से स्नातक समाप्त होने के तुरंत बाद सरकारी नौकरी प्राप्त हो सकती है। पिछले कई वर्षों से लगातार रिकॉर्ड रिजल्ट देने वाली श्री साईं टावर सर्कुलर रोड स्थित एनआईबीएम में तैयारी शुरू करनी चाहिए यहां की पढ़ाई गई स्टडी मैटेरियल सभी परीक्षाओं में लगभग हुबहू मैच करते हैं, सभी शिक्षक काफी अनुभवी हैं निदेशक एम के गुप्ता खुद मैथ्स तथा रीजनिंग पढ़ते हैं। यहां लाइब्रेरी रीडिंग रूम है जहां हजारों किताब है। युवा ग्रुप बनाकर अंतिम चयन तक पढ़ते हैं तथा प्रतिदिन अपना डाउट विशेषज्ञों से पूछते हैं। शुक्रवार को निदेशक ने चयनित युवाओं को सम्मानित किया तथा बताया कि आगामी परीक्षा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे के लिए अंग्रेजी तथा हिंदी माध्यम में विशेष बैच 13 तथा 16 जून से प्रारंभ की जा रही है, इच्छुक विद्यार्थी ऑफिस तथा इसके वेबसाइट युटुब पर संपर्क कर सकते हैं।

## बायोम संस्थान के स्टूडेंट्स का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

### संस्थान में पढ़ने वाले 20 से ज्यादा स्टूडेंट्स को बारहवीं में 90% से ज्यादा अंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मेडिकल परीक्षा की तैयारी कराने वाली संस्थान बायोम के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें रांची केंद्र से पढ़ाई करने वाले सिद्धार्थ ने 98.4% अंक लाकर झारखंड के टॉप स्कोरर में अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा 20 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। इसमें कशिश



ने 96%, रुचि प्रिया ने 96%, नित्या ने 95%, श्रेया ने 95.4%, दिव्या ने 94.8 प्रतिशत, निखिल ने 94.4%, दिव्यांशु ने 94.2 प्रतिशत, स्नेही ने 93.6%, आर्यंस ने 92.2%, राघव ने 92%, अपूर्व ने 92%, संस्कृति ने 91.8 प्रतिशत, श्रुति ने 91.6, अदिति ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। यह सभी छात्र-छात्राएं मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 की परीक्षा भी दिए हैं। बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त कर पहला पड़ाव पार कर लिया है। जो नीट यूजी की परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश के जाने-माने सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी जगह बनाएंगे।

**बायोम इंस्टीट्यूट का नया बैच 12 जून से :** इंस्टीट्यूट के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि बायोम स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट में बेहतर अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को उनके मेरिट के आधार पर ट्यूशन फीस में 10 से 100 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। आने वाले दिनों में बायोम स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन 8 जून को बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर होगा। टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी बायोम इंस्टीट्यूट के दोनों सेंटर से ऑफलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. इसके अलावा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संस्थान के वेबसाइट से किया जा सकता है।

### नवनियुक्त राजेन्द्र पाल गौतम को कांग्रेसियों ने दी बधाई



**रांची।** नवनियुक्त राजेन्द्र पाल गौतम को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन बनाये जाने पर झारखण्ड प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश कार्यालय प्रभारी राजू राम ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नवनियुक्त राजेन्द्र पाल गौतम को चेयरमैन बनाये जाने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और वेणुगोपाल ने संगठन सृजन वर्ष को देखते हुए सही समय में सही निर्णय लिया गया। नियुक्ति पर राजेन्द्र पाल गौतम को बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष, जवाहरलाल महथा, निरंजन पासवान, सुरज कुमार पासवान, प्रकाश राम, संजय कुमार राम, बंसत कुमार पासवान, राजकुमार राम, शिव कुमार पासवान, मनोहर कुमार, अंकित कुमार, राहुल कुमार आदि अनुसूचित कार्यकर्ता शामिल है।

# बेड़ो मामला: समाधान पर दो पक्षों की बैठक

- बैठक में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से इसे अगली बैठक में समाधान करने व सामूहिक निर्णय होने तक इस पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया गया



बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के सभागार में हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी व दोनों पक्षों के प्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को सीओ प्रताप मिंज की अध्यक्षता में महादानी मैदान के समीप सरनास्थल के जमीन के मामले में उपजे विवाद के समाधान के लिए दोनों पक्षों के प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें आपसी सहमति व सर्वसम्मति से इसे होनेवाली अगली बैठक में इसका निदान निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही सामूहिक निर्णय के अभाव में तबतक मामले पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में एक पक्ष के ग्रामीण सरनास्थल की जमीन रकबा एक एकड़ पांच डिसमिल पर अपनी आस्था का हवाला देकर दावेदारी कर थे। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने एक स्वर से ऐतिहासिक महादानी मैदान को संरक्षित करने की बात पर जोर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि महादानी मैदान में सरकारी, खेलकूद, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता है। महादानी मैदान के प्रभावित होने से सभी तरह के सामुदायिक कार्यक्रम प्रभावित होंगे। जिसका असर आम लोगों के जीवन पर पड़ेगा। वहीं मौके पर पूर्व मंत्री देव कुमार धान,पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव,धर्मगुरु बंधन तिग्गा,सीओ प्रताप मिंज, बीडीओ राहुल उरांव, डीएसपी अशोक कुमार राम, खलारी डीएसपी आर एन चौधरी,सांसद प्रतिनिधि सह केंद्रीय पड़हा अध्यक्ष जुगेश उरांव,मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, केश्वर महतो, विश्वनाथ गोप, सुरेंद्र महतो, जगरनाथ भगत, आशा एक्का, जल्ही उरांव, सुशीला उरांव, मंगल पहान व करण उरांव आदि मौजूद थे।

## चार लोग घायल

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मांडर थाना के समीप एक कार की चपेट में आकर स्कूटी पर सवार दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गये। घटना गुरुवार रात लगभग नौ बजे की है। घायलों में स्कूटी चालक मघी उरांव 45 वर्ष, उसकी पत्नी सुमरी उरांव 35 वर्ष, पुत्री खुशी उरांव 12 वर्ष व आकाश मिंज 8 वर्ष शामिल हैं। बताया जाता है कि चान्हो के लुंडरी गांव निवासी मघी उरांव अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ब्राम्बे से एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद स्कूटी में अपने घर जा रहा था, इसी दौरान उक्त स्थान के निकट सामने से आ रहे एक कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया। मघी उरांव को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

## थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# भाईचारे के साथ मनेगा बकरीद का त्योहार

- सात जून को ईद उल अजहा
- अफवाह से बचने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक बीडीओ एसके चौरसिया की अध्यक्षता में हुयी। इसमें 7 जून को होने वाले ईद उल अजहा पर चर्चा की गयी। त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। सीओ रवि कुमार ने अफवाह से बचने की अपील करते हुये कहा कि प्रतिबंधित जानवर की कुबार्नी कानूनन अपराध है। श्री कुमार ने उसके अवशेष को जमीन में गाड़ने का सुझाव दिया। संचालन और धन्यवाद ज्ञापन थानेदार आरएन सिंह ने किया।



### बैठक में लिया हिस्सा

अताउल्लाह अंसारी, अनीसुर्रहमान, अंजुम खान, मोख्तार अंसारी, सैयद फिरोज, दामोदर नाथ मिश्र, राणा सिंह, हरि साहू, अरशद अयूब, आरके बर्मन, एसपी साहू, कामेश्वर महतो, शिवचरण मेहता, असलम अंसारी, फूलकुमारी देवी, कृष्णा ठाकुर, रज्जब अली, बंधु महतो, जेएन पांडेय,, जितेश्वर मुंडा, ज्योति भगत, मोहन उरांव, जुमाउद्दीन अंसारी, मुंतजिर खान, राजू तंबोली, संजय उरांव, सुरेंद्र कच्छप, रमेशचंद्र महतो, दुर्गा उरांव, अनिल तिर्की व पुलिस पदाधिकारी आदि।

### सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध

थानेदार ने जानकारी दी कि बकरीद के दिन कन्नौज, पुरियो, परहेपाट, हुरहुरी, काठीटांड़, बड़काटोली, आमटांड़, चट्टी, मुरगू, पाली, चितरकोटा, तिगरा, बाजपुर, हिंसरी, भोंडा, अगडू, बिजुलिया, सिमलिया, फुटकलटोली, पिर्रा और अल कमर कॉलोनी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जायेंगे।

## राहे : बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**राहे।** थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद त्योहार को लेकर सदस्यों के बीच शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्योहार को शांति और भाई चारे माहौल में मनाने की बात कही गयी। खुले में कुबार्नी न देने की समझाइश दी गई। वेस्टेज मटेरियल को खुले में न फेंकने को कहा गया। कुबार्नी का वीडियो न बनाने की हिदायत भी दी गई ।साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न डालने, न लाइक करने और न फॉरवर्ड करने को कहा। किसी भी अफवाह की स्थिति में तुरंत थाना ओर अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया। बैठक सीओ जया शंखी मुरमू, बीडीओ अशोक कुमार,प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, एसआई शैलेन्द्र टुडू, उप प्रमुख उमेश महतो, बिलु ठाकुर, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति अमजद अली, कासिम अंसारी, क्षेत्र मोहन महतो, मुखिया कृष्णा पातर,गदाधर महतो,सहित मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## नगड़ी थाना में शांति समिति की बैठक



**पिस्का नगड़ी।** बकरीद को लेकर शान्ति समिति की बैठक नगड़ी थाना में बुलाई गयी। बैठक में नगड़ी थाना प्रभारी के साथ-साथ नगड़ी क्षेत्र के कई लोग शांति समिति के बैठक में शामिल हुये। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बकरीद त्योहार को सभी प्रखण्ड वासी शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायेंगे। नगड़ी प्रखंड में बकरीद के मौके पर साहेर जामा मस्जिद में 7: बजे, मस्जिद ए बेलाल 7:30 बजे, हाई स्कूल मदीना एवं बांध टोली जमा मस्जिद में 7:45 बजे तथा नगड़ी जमा मस्जिद में 8 बजे एडचोरो ईदगाह 7: बजे बरसा मस्जिद 7:15 बजे, बसील मस्जिद 7:15 बजे, बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। बैठक में क्षेत्र में शांति व्यवस्था साइबर क्राइम पेट्रोलिंग बढ़ाने सहित कई विषय पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में दिलरुबा हुसैन, अब्दुल कुदूस, हाशिम अंसारी, प्रेम प्रकाश लाल शाहदेव, तपेश्वर केशरी, यासीन अंसारी, कुलदीप तिवारी, चूड़ामणि महतो, केदार महतो, दीपक, गुलरेज अंसारी, सरफराज अंसारी, रितेश राज, बिजली सकील, तस्लीम अंसारी, एकबाल अंसारी, प्रेम प्रकाश एक्का सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क का काम शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोडेया स्कूल से सोबा नदी भाया बंसरी सड़क का पक्कीकरण कार्य का स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग से एक वर्ष पूर्व हो गया है। सड़क का टेंडर भी हो गया है लेकिन इतने दिन बाद भी उक्त सड़क का काम शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में रोष वयाप्त है। विदित हो कि उक्त सड़क के खराब रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई गांवों के ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय आवागमन का उक्त सड़क ही मुख्य मार्ग है। ग्रामीण जनार्दन साहु, परिबा साहु, मुखिया दशरथ उरांव, पंसस भुनेश्वर साहु, ग्राम प्रधान शिबु पाहन,कलेश्वर महतो ने कहा कि संवेदक द्वारा जल्द ही काम शुरू नहीं किया जायेगा तो ग्रामीण विवश होकर आरईओ ऑफिस का घेराव करने को विवश होंगे। वहीं मामले पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि संवेदक से बात कर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

## अपराधियों ने बंद घर को बनाया निशाना

- तिलता बगीचा के एक घर से लाखों के जेवरात की चोरी
- अज्ञात के खिलाफ केस
- पुलिस कर रही है जांच

**रातू।** थाना क्षेत्र के टेंडर स्थित तिलता बगीचा रोड नंबर-1 निवासी अनामिका साहू की बंद घर को अपराधियों ने निशाना बनाया और दरवाजे पर लगे ताले को तोड़ अंदर घुस गोदरेज के लॉकर में रखे करीब 5 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से 6 जून को रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, स्कूलों में गर्मी छुट्टी होने के बाद 26 मई को वह पति दुर्गा प्रसाद व बच्चों के साथ मायका गयी थीं। श्री प्रसाद हर शाम घर आते थे। 5 जून की रात जब आये और मुख्य गेट खोल कर अंदर घुसे, तो दरवाजा टूटा था और कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। गोदरेज भी खुला था। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

**जेवरात, जिसकी हुयी चोरी:** गोदरेज में रखे 1.80 लाख के सोने का नेकलेस, 95 हजार के कान का झुमका, 50 हजार के कान का टॉप्स, 30 हजार के सोने का दो लॉकेट, 5 हजार के सोने का दो नथिया, 40 हजार के चांदी का दो जोड़ी पायल, 35 सौ के 5 जोड़ी चांदी का बिछिया गायब थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**सिल्ली।** थाना के प्रांगण में शुक्रवार के दिन संध्या 4 बजे से बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक संपन्न हुआ। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया एवं अध्यक्षता सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने किया। बैठक के दौरान रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड उप प्रमुख आरती देवी, जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) प्रतिनिधि डॉक्टर अखिल महतो ने सभी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। थानाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व समाज में अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें ताकि समय रहते करवाई किया जा सके। किसी प्रकार की हुड़दंग और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। त्योहार के दिन लगातार पुलिस की गश्ती जारी रहेगी। बैठक में त्योहार को लेकर सरकार के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश से सभी को अवगत कराया गया।

(आसपास की खबरें पेज 9 पर भी देखें)


## समाहरणालय, लातेहार
## (भू–अर्जन शाखा)

**परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन** के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक–23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। ग्राम–मैसादोन में अधिग्रहित भूमि का रकबा–**277.56** एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक नं | ग्राम का नाम | थाना नं | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा | | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | एकड़ में | हेक्टेयर में | एकड़ में | हेक्टेयर में | |
| 344 | मैसादोन | 213 | 65 | 84/1170P | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.12 | 0.049 | रामसहाय महतो पिता – चमरू महतो |
| 345 | मैसादोन | 213 | 65 | 199 | धान दो | 2.14 | 0.866 | 2.14 | 0.866 | |
| 346 | मैसादोन | 213 | 65 | 336 | मकान मय शहन 4 | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 347 | मैसादोन | 213 | 65 | 335 | टांड़ एक | 3.92 | 1.586 | 3.92 | 1.586 | |
| 348 | मैसादोन | 213 | 65 | 422 | धान एक | 1.21 | 0.490 | 1.21 | 0.490 | |
| 349 | मैसादोन | 213 | 65 | 530 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 350 | मैसादोन | 213 | 65 | 537 | धान एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 351 | मैसादोन | 213 | 65 | 644 | धान एक | 0.51 | 0.206 | 0.51 | 0.206 | |
| 352 | मैसादोन | 213 | 65 | 772 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 353 | मैसादोन | 213 | 48 | 55 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | भागवत महतो, भैरब महतो, महादेव महतो, पिता – लेधि महतो |
| 354 | मैसादोन | 213 | 48 | 56 | टांड़ एक | 0.48 | 0.194 | 0.48 | 0.194 | |
| 355 | मैसादोन | 213 | 48 | 57 | टांड़ एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 356 | मैसादोन | 213 | 48 | 58 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 357 | मैसादोन | 213 | 48 | 201 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 358 | मैसादोन | 213 | 48 | 202 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 359 | मैसादोन | 213 | 48 | 203 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 360 | मैसादोन | 213 | 48 | 204 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 361 | मैसादोन | 213 | 48 | 205 | टांड़ एक | 0.37 | 0.150 | 0.37 | 0.150 | |
| 362 | मैसादोन | 213 | 48 | 215 | टांड़ एक | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 363 | मैसादोन | 213 | 48 | 216 | टांड़ एक | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 364 | मैसादोन | 213 | 48 | 217 | टांड़ एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 365 | मैसादोन | 213 | 48 | 219 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 366 | मैसादोन | 213 | 48 | 220 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 367 | मैसादोन | 213 | 48 | 221 | मकान | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 368 | मैसादोन | 213 | 48 | 223 | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 369 | मैसादोन | 213 | 48 | 222 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 370 | मैसादोन | 213 | 48 | 224 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 371 | मैसादोन | 213 | 48 | 225 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | भागवत महतो, भैरब महतो, महादेव महतो, पिता – लेधि महतो |
| 372 | मैसादोन | 213 | 48 | 227 | टांड़ एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 373 | मैसादोन | 213 | 48 | 236 | टांड़ एक | 0.77 | 0.312 | 0.77 | 0.312 | |
| 374 | मैसादोन | 213 | 48 | 238 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 375 | मैसादोन | 213 | 48 | 239 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 376 | मैसादोन | 213 | 48 | 240 | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 377 | मैसादोन | 213 | 48 | 241 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 378 | मैसादोन | 213 | 48 | 242 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 379 | मैसादोन | 213 | 48 | 243 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 380 | मैसादोन | 213 | 48 | 463 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 381 | मैसादोन | 213 | 48 | 468 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 382 | मैसादोन | 213 | 48 | 565 | धान एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 383 | मैसादोन | 213 | 48 | 569 | धान एक | 0.27 | 0.109 | 0.27 | 0.109 | |
| 384 | मैसादोन | 213 | 48 | 1088 | टांड़ एक | 0.44 | 0.178 | 0.44 | 0.178 | |
| 385 | मैसादोन | 213 | 48 | 1089 | टांड़ एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 386 | मैसादोन | 213 | 48 | 1090 | टांड़ एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 387 | मैसादोन | 213 | 48 | 1045 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 388 | मैसादोन | 213 | 48 | 1047 | टांड़ एक | 1.19 | 0.482 | 1.19 | 0.482 | |
| 389 | मैसादोन | 213 | 48 | 1048 | टांड़ एक | 0.67 | 0.271 | 0.67 | 0.271 | |
| 390 | मैसादोन | 213 | 48 | 1049 | टांड़ एक | 0.72 | 0.291 | 0.72 | 0.291 | |
| 391 | मैसादोन | 213 | 48 | 1050 | टांड़ एक | 0.47 | 0.190 | 0.47 | 0.190 | |
| 392 | मैसादोन | 213 | 50 | 284 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | गिरधारी महतो, शिवदयाल महतो, पिता – भूखी महतो और भालू महतो, अंतु महतो, पिता – भुइयां महतो और मोसमात कबूतरी कुंवारी, पति–धीरजू महतो औरबिरजू महतो, पिता–पलटू महतो औरबासा महतो, भुकल महतो, सरजू महतो, पिता – धिरजू महतो |
| 393 | मैसादोन | 213 | 50 | 285 | टांड़ एक | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 394 | मैसादोन | 213 | 50 | 319 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 395 | मैसादोन | 213 | 50 | 321 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 396 | मैसादोन | 213 | 50 | 326 | टांड़ एक | 0.94 | 0.380 | 0.94 | 0.380 | |
| 397 | मैसादोन | 213 | 50 | 331 | टांड़ एक | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 398 | मैसादोन | 213 | 50 | 332 | टांड़ एक | 1.07 | 0.433 | 1.07 | 0.433 | |
| 399 | मैसादोन | 213 | 50 | 424 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 400 | मैसादोन | 213 | 50 | 426 | टांड़ एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 401 | मैसादोन | 213 | 50 | 774 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 402 | मैसादोन | 213 | 50 | 779 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 403 | मैसादोन | 213 | 50 | 796 | टांड़ एक | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 404 | मैसादोन | 213 | 50 | 820 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 405 | मैसादोन | 213 | 50 | 844 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 406 | मैसादोन | 213 | 50 | 845 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 407 | मैसादोन | 213 | 49 | 467 | टांड़ एक | 0.61 | 0.247 | 0.61 | 0.247 | ढकनी देवी वो पतोईया देवी, पिता – लेढ़ी महतो भागवत महतो वो भैरव महतो वो महादेव महतो, पिता – लेढ़ी महतो |
| 408 | मैसादोन | 213 | 49 | 538 | धान एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 409 | मैसादोन | 213 | 49 | 541/1176 | टांड़ एक | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 410 | मैसादोन | 213 | 49 | 550 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 411 | मैसादोन | 213 | 49 | 556 | धान एक | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 412 | मैसादोन | 213 | 49 | 581 | धान एक | 1.28 | 0.518 | 1.28 | 0.518 | |
| 413 | मैसादोन | 213 | 49 | 605 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 414 | मैसादोन | 213 | 49 | 609 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 415 | मैसादोन | 213 | 49 | 611 | धान एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 416 | मैसादोन | 213 | 49 | 639 | धान एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 417 | मैसादोन | 213 | 49 | 641 | धान एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 418 | मैसादोन | 213 | 49 | 667 | धान एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 419 | मैसादोन | 213 | 49 | 674 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 420 | मैसादोन | 213 | 49 | 676 | धान एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 421 | मैसादोन | 213 | 49 | 683 | टांड़ एक | 0.55 | 0.223 | 0.55 | 0.223 | |
| 422 | मैसादोन | 213 | 49 | 684 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 423 | मैसादोन | 213 | 49 | 688 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 424 | मैसादोन | 213 | 49 | 694 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 425 | मैसादोन | 213 | 49 | 706 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 426 | मैसादोन | 213 | 49 | 710 | धान एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 427 | मैसादोन | 213 | 49 | 711 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 428 | मैसादोन | 213 | 49 | 712 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 429 | मैसादोन | 213 | 49 | 724 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 430 | मैसादोन | 213 | 49 | 725 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 431 | मैसादोन | 213 | 49 | 726 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 432 | मैसादोन | 213 | 49 | 727 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 433 | मैसादोन | 213 | 49 | 728 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 434 | मैसादोन | 213 | 49 | 729 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 435 | मैसादोन | 213 | 49 | 732 | मकान मय शहन | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 436 | मैसादोन | 213 | 49 | 731 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 437 | मैसादोन | 213 | 49 | 733 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 438 | मैसादोन | 213 | 49 | 737 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 439 | मैसादोन | 213 | 49 | 915 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 440 | मैसादोन | 213 | 49 | 908 | टांड़ एक | 2.15 | 0.870 | 2.15 | 0.870 | |
| 441 | मैसादोन | 213 | 49 | 911 | टांड़ एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 442 | मैसादोन | 213 | 49 | 972 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 443 | मैसादोन | 213 | 49 | 974 | टांड़ एक | 1.35 | 0.546 | 1.35 | 0.546 | |
| 444 | मैसादोन | 213 | 49 | 978 | टांड़ एक | 1.43 | 0.579 | 1.43 | 0.579 | |
| 445 | मैसादोन | 213 | 49 | 983 | टांड़ एक | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 446 | मैसादोन | 213 | 49 | 999 | टांड़ एक परती एक साल | 2.30 | 0.931 | 2.30 | 0.931 | |
| 447 | मैसादोन | 213 | 49 | 1006 | धान दो | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 448 | मैसादोन | 213 | 49 | 1007 | धान दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 449 | मैसादोन | 213 | 49 | 1008 | धान दो | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 450 | मैसादोन | 213 | 49 | 1015 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 451 | मैसादोन | 213 | 49 | 1023 | धान दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 452 | मैसादोन | 213 | 49 | 1026 | धान दो | 2.00 | 0.809 | 2.00 | 0.809 | |
| 453 | मैसादोन | 213 | 49 | 1064 | धान दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 454 | मैसादोन | 213 | 49 | 1065 | धान दो | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | ढकनी देवी वो पतोईया देवी, पिता – लेढ़ी महतो भागवत महतो वो भैरव महतो वो महादेव महतो पिता – लेढ़ी महतो |
| 455 | मैसादोन | 213 | 49 | 1071 | धान दो | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 456 | मैसादोन | 213 | 49 | 1076 | टांड़ एक परती एक साल | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 457 | मैसादोन | 213 | 49 | 1086 | टांड़ एक | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 458 | मैसादोन | 213 | 57 | 26 | टांड़ एक | 1.68 | 0.680 | 1.68 | 0.680 | मुदूरा भुईया बकुआ भुइयां, पिता – मंगला भुईया वो बिरची भुईया वो गेन्दा भुइयां वो चमना भुइयां वो भुलना भुइयां, पिता – बदुरा भुईया |
| 459 | मैसादोन | 213 | 67 | 1138P | गढा | 0.03 | 0.012 | 0.02 | 0.008 | गुदरा पाहन, पिता–बुधराम पाहन और रिझवा पाहन, पिता–गंदवारा पाहन |
| 460 | मैसादोन | 213 | 67 | 1137P | टांड़ एक परती एक साल | 2.48 | 1.004 | 0.32 | 0.130 | |
| 461 | मैसादोन | 213 | 70 | 741 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | लेदा महतो पिता – मेघराज महतो |
| 462 | मैसादोन | 213 | 70 | 742 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 463 | मैसादोन | 213 | 55 | 183 | धान दो | 3.61 | 1.461 | 3.61 | 1.461 | चितामन महतो, पिता – सीतान महतो और मिट्ठू महतो, दशई महतो, पिता – बुटन महतो |
| 464 | मैसादोन | 213 | 55 | 229 | मकान मय शहन | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 465 | मैसादोन | 213 | 55 | 230 | मकान मय शहन | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 466 | मैसादोन | 213 | 55 | 234 | टांड़ एक | 3.08 | 1.246 | 3.08 | 1.246 | |
| 467 | मैसादोन | 213 | 55 | 557 | टांड़ एक | 1.03 | 0.417 | 1.03 | 0.417 | |
| 468 | मैसादोन | 213 | 55 | 612 | धान एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 469 | मैसादोन | 213 | 55 | 619 | धान एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 470 | मैसादोन | 213 | 55 | 627 | धान एक | 1.52 | 0.615 | 1.52 | 0.615 | |
| 471 | मैसादोन | 213 | 55 | 630 | धान एक | 0.76 | 0.308 | 0.76 | 0.308 | |
| 472 | मैसादोन | 213 | 55 | 671 | धान एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 473 | मैसादोन | 213 | 55 | 717 | टांड़ एक | 0.64 | 0.259 | 0.64 | 0.259 | |
| 474 | मैसादोन | 213 | 55 | 719 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 475 | मैसादोन | 213 | 55 | 744 | टांड़ एक | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 476 | मैसादोन | 213 | 55 | 745 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 477 | मैसादोन | 213 | 55 | 749 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 478 | मैसादोन | 213 | 55 | 750 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 479 | मैसादोन | 213 | 55 | 751 | मकान मय शहन | 0.09 | 0.036 | 0.09 | 0.036 | |
| 480 | मैसादोन | 213 | 55 | 913 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 481 | मैसादोन | 213 | 55 | 986 | टांड़ एक | 1.34 | 0.542 | 1.34 | 0.542 | |
| 482 | मैसादोन | 213 | 58 | 65 | मकान मय शहन 4 | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | मुतरा भुइयां, बकुआ भुइयां, पिता – मंगला भुइयां और मुसमात मूर्ति, पति – जोगना भुईया औरराजमनिया कुमारी, तरोइया कुमारी, लगनी कुमारी, पिता–जोगना भुइया, और बिराची भुइया, शोमदा भुइयां, चमना भुइयां, मुलना भुइयां, पिता – बहुरा भुइयां |
| 483 | मैसादोन | 213 | 58 | 66 | टांड़ एक | 0.80 | 0.324 | 0.80 | 0.324 | |
| 484 | मैसादोन | 213 | 58 | 67 | टांड़ एक | 1.09 | 0.441 | 1.09 | 0.441 | |
| 485 | मैसादोन | 213 | 58 | 297 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 486 | मैसादोन | 213 | 58 | 342 | टांड़ एक | 0.51 | 0.210 | 0.51 | 0.210 | |
| 487 | मैसादोन | 213 | 58 | 450 | टांड़ एक | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 488 | मैसादोन | 213 | 58 | 850 | टांड़ एक | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 489 | मैसादोन | 213 | 58 | 849 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 490 | मैसादोन | 213 | 58 | 851 | धान दो | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 491 | मैसादोन | 213 | 58 | 852 | धान दो | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 492 | मैसादोन | 213 | 58 | 854 | टांड़ एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 493 | मैसादोन | 213 | 58 | 855 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 494 | मैसादोन | 213 | 59 | 81P | टांड़ एक | 0.54 | 0.219 | 0.49 | 0.198 | रघुनाथ महतो पिता – मेघराज महतो |
| 495 | मैसादोन | 213 | 59 | 82 | टांड़ एक | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 496 | मैसादोन | 213 | 59 | 121 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 497 | मैसादोन | 213 | 59 | 123 | टांड़ एक | 0.69 | 0.279 | 0.69 | 0.279 | |
| 498 | मैसादोन | 213 | 59 | 151 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 499 | मैसादोन | 213 | 59 | 152 | धान एक | 0.46 | 0.186 | 0.46 | 0.186 | |
| 500 | मैसादोन | 213 | 59 | 155 | धान एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 501 | मैसादोन | 213 | 59 | 167 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 502 | मैसादोन | 213 | 59 | 347 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 503 | मैसादोन | 213 | 59 | 351 | टांड़ एक | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 504 | मैसादोन | 213 | 59 | 418 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 505 | मैसादोन | 213 | 59 | 340 | टांड़ एक | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 506 | मैसादोन | 213 | 59 | 439 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 507 | मैसादोन | 213 | 59 | 444 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 508 | मैसादोन | 213 | 59 | 457 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 509 | मैसादोन | 213 | 59 | 510 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 510 | मैसादोन | 213 | 59 | 513 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 511 | मैसादोन | 213 | 59 | 515 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 512 | मैसादोन | 213 | 59 | 526 | धान एक | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 513 | मैसादोन | 213 | 59 | 859 | टांड़ एक | 1.24 | 0.502 | 1.24 | 0.502 | |
| 514 | मैसादोन | 213 | 61 | 263 | धान दो | 0.54 | 0.219 | 0.54 | 0.219 | रतनी कुंवर पिता – धनेश्वर महतो |
| 515 | मैसादोन | 213 | 61 | 290 | टांड़ एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 516 | मैसादोन | 213 | 61 | 388 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 517 | मैसादोन | 213 | 61 | 391 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 518 | मैसादोन | 213 | 61 | 401 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 519 | मैसादोन | 213 | 61 | 876 | टांड़ एक | 0.54 | 0.219 | 0.54 | 0.219 | |
| 520 | मैसादोन | 213 | 61 | 923 | धान दो | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,लातेहार

PR 354430 (Land Reforms)25-26*D

# साक्षरता से बदलाव

देश में 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 फीसदी ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दशार्ता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दशार्ते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतसंबंध को रेखांकित करती है। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके?

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# भारतीय सैन्य रणनीति की जरूरत है थियेटर कमान



**अन्ततः** भारत ने सैन्य क्षेत्र में थियेटर कमान की स्थापना और थियेटर कमांडर की नियुक्ति करने का महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया। ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के बाद रक्षा बजट में वृद्धि के प्रस्ताव और पांचवीं पीढ़ी के आक्रामक गहराई से भेदने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमान 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट' परियोजना को मंजूरी देने के साथ यह एक सामयिक सामरिक निर्णय है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और भारत की सीमाओं के पास पसरे शत्रुओं के अतीत और इरादों को देखते हुए यह कदम पहले ही उठाने की जरूरत थी। सरकार ने डेढ़ वर्ष से लंबित थियेटर कमान के गठन की जमीनी तैयारियों का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। केंद्र ने अंतर सेवा संगठन अधिनियम (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) यानी (इंटर सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन एक्ट 2023)) बुधवार को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया। यह थियेटर कमान के गठन का प्रथम चरण है।

जाहिर है,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने अपनी रक्षा तैयारियों को और मजबूती प्रदान करनी शुरू कर दी है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने सेनाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए ?थियेटर कमान के गठन का निर्णय पहले कर लिया था। इसके तहत भारतीय सशस्त्र सेनाओं की तीनों सेवाओं की ऐसी कमानें गठित होंगी, जिसमें थल,नभ,जल सेना सहित अर्धसैनिक बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह लंबे समय से प्रतीक्षित सामरिक महत्व का सुधार है जो भविष्य के युद्धों को लड़ने के लिए सैन्य संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए है। संसद से 2023 को पारित इस अधिनियम को इसी 27 मई को सरकार ने भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य एक निश्चित भौगोलिक इकाई में सेना के तीनों अंगों के एक समूह को प्रभावी कमांड, सटीक नियंत्रण और कुशल कामकाज को बढ़ावा देना है, जिससे सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बेहतर होगा। यह अधिनियम आईएसओ के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को मजबूत और प्रभावी बनाएगा।


दरअसल 'थियेटर कमान' का अर्थ है एक क्षेत्रीय इकाई में सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित संचालन के लिए एक ही कमांडर के अधीन एकीकृत करना। यह एक ऐसी सैन्य संरचना है, जो विभिन्न सैन्य शाखाओं के बीच समन्वय और दक्षता को बढ़ाएगी। सैन्य क्षेत्र में थिएटर कमान में 'थियेटर' का मतलब एक 'विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र' से है, जहां सैन्य अभियान या ऑपरेशन किए जाते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां युद्ध, सैन्य रणनीति, या सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां केंद्रित होती हैं। 'थियेटर' शब्द का उपयोग सैन्य संदर्भ में इसलिए किया जाता है क्योंकि यह एक युद्ध क्षेत्र या ऑपरेशनल क्षेत्र को दशार्ता है, जैसे कि एक नाटक के मंच की तरह, जहां सभी नाटक के सभी भागों,आयामों, पहलुओं की गतिविधियां एक निर्देशक के निर्देश में समन्वित एवं सुचारु रूप से सम्पन्न होती हैं। थियेटर कमांड की स्थापना एकीकृत बल प्रयोग, परिचालन दक्षता और संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए रक्षा मंत्रालय का 2025 के लिए चुने गए नौ क्षेत्रों में से एक है, जिसे मंत्रालय ने 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है।

राजपत्र में अधिसूचित संदर्भ के अनुसार, यह अधिनियम थियेटर कमांड की स्थापना के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। इस अधिनियम से तीन भौगोलिक कमान (उत्तरी, पश्चिमी, समुद्री) प्रस्तावित किए गए हैं। लखनऊ में चीन-केंद्रित उत्तरी थियेटर कमान, जयपुर में पाकिस्तान-केंद्रित पश्चिमी थियेटर कमान और तिरुवनंतपुरम में हिन्द महासागर या तटीय थियेटर कमान स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो 'एक सीमा, एक बल' की अवधारणा के अनुरूप होगा। प्रत्येक थियेटर कमान में सेना, नौसेना, और वायुसेना की इकाइयां एकीकृत रूप से काम करती हैं, ताकि उस क्षेत्र में सैन्य रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। कमान का सर्वोच्च अधिकारी 'थियेटर कमांडर' होता है जो एक सैन्य अधिकारी होता है, जो एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (थियेटर ऑफ ऑपरेशन) में सैन्य अभियानों का नेतृत्व करता है। और उस क्षेत्र में सभी सैन्य बलों (सेना, नौसेना, वायुसेना) के संचालन को समन्वयित करता है। यह एक परिचालन कमांडर की (ऑपरेशनल) भूमिका है, जो युद्ध या संकट के दौरान रणनीति और कमान को लागू करती है।

इन कमानों के लिए चुने गए थियेटर कमांडर सामान्य रूप से थलसेना से लेफ्टिनेंट जनरल, नौसेना से वाइस एडमिरल या वायुसेना से एयर मार्शल स्तर का अधिकारी हो सकता है, जिसे कमांड की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह एक एग्जीक्यूटिव पद है, जो विशिष्ट थियेटर के लिए ही गठित होगी, स्थायी नहीं। पहले के सशस्त्र बलों के कानूनी ढांचे में त्रि-सेवा मामलों में निश्चित विधिक सीमाएं निर्धारित थीं, क्योंकि एक सेवा के अधिकारी को दूसरी सेवा के कर्मियों पर अनुशासनात्मक और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार नहीं था। उदाहरण के लिए, एक संयुक्त कमांड का नेतृत्व करने वाला तीन-सितारा जनरल अपने अधीन सेवा करने वाले वायुसेना या नौसेना कर्मियों न कोई निर्देश दे सकता था न ही उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकता था। ऐसी शक्तियों की कमी का कमांड, नियंत्रण और अनुशासन पर सीधा प्रभाव पड़ता था। थियेटर कमानों की स्थापना से अब स्थिति बदल जाएगी। थियेटराइजेशन अभियान का नेतृत्व रक्षा स्टाफ के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान कर रहे हैं।

दुनिया के कई देशों की रक्षा सेवाओं में थियेटर कमांडर का पद या इसके समकक्ष संरचना मौजूद है, खासकर उन देशों में जिनके पास बड़े और संगठित सैन्य बल हैं, वे एकीकृत सैन्य अभियानों के लिए थियेटर कमांड सिस्टम का उपयोग करते हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी में 2016 से पांच थियेटर कमांड हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में थियेटर कमांडर की भूमिका को 'जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांडर' कहा जाता है। रूस में थियेटर कमांडर की अवधारणा सैन्य जिलों (मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट) के रूप में है। जापान की सेल्फ-डिफेंस फोर्सेस में क्षेत्रीय कमांड हैं, लेकिन ये थियेटर कमांडर की तुलना में कम एकीकृत हैं।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों में ऑपरेशनल कमांड होते हैं, लेकिन थियेटर कमांडर का पद नहीं है। पाकिस्तान की सेना में क्षेत्रीय कोर कमांडर होते हैं, जो कुछ हद तक थियेटर कमांडर की भूमिका निभाते हैं।उत्तर कोरिया, वियतनाम, और अन्य कुछ देशों में क्षेत्रीय सैन्य कमांड हैं, लेकिन इन्हें स्पष्ट रूप से थियेटर कमांडर नहीं मान सकते। वैसे विश्व के सामरिक जगत में क्षेत्रीय थियेटर कमांड की अवधारणा को पहली बार प्रथम विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में एमिएन्स की लड़ाई में लागू किया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भाग लेने वाले देशों ने एकीकृत कमांड के सिद्धांतों को अपनाया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि संयुक्त सेवाओं की एकीकृत संरचनाएं (थियेटर कमान) नई युद्ध क्षमताओं को बनाने और समन्वय करने में मदद करेंगी।



- हरीश शिवनानी

> दुनिया के कई देशों की रक्षा सेवाओं में थियेटर कमांडर का पद या इसके समकक्ष संरचना मौजूद है, खासकर उन देशों में जिनके पास बड़े और संगठित सैन्य बल हैं, वे एकीकृत सैन्य अभियानों के लिए थियेटर कमांड सिस्टम का उपयोग करते हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी में 2016 से पांच थियेटर कमांड हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में थियेटर कमांडर की भूमिका को 'जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांडर' कहा जाता है।

## लेटर टू एडिटर

### मातृभाषा में शिक्षा

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पहले पहली से पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे की सिफारिश के अनुसार, छात्र कक्षा एक से पांच तक अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करेंगे। यह प्रस्ताव इसलिए उपयोगी है क्योंकि बच्चे मातृभाषा और घर में बोली जाने वाली भाषा को जल्दी समझ और सीख लेते हैं। इससे शिक्षा के माध्यम से बच्चे के मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायता मिलेगी। वे मातृभाषा में बेहतर ढंग से ढल पाते हैं।

**- सिमरन, रांची**

### कुंठित होती प्रतिभाएं

**अंकों** की होड़ से कुंठित होती प्रतिभाएंह्व बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों की मनोदशा का विश्लेषण करने वाला था। परीक्षा परिणाम विद्यार्थी के ज्ञान का मापदंड नहीं। भविष्य में उच्च महत्वाकांक्षाएं पालने की प्रवृत्ति परीक्षा परिणाम के कारण विद्यार्थियों में तनाव, निराशा और अवसाद को जन्म दे सकती है। शिक्षा को पैसा कमाने से जोड़ना अज्ञानता है। सच्ची शिक्षा वही है जो बच्चों को ईमानदार, परिश्रमी, कर्तव्यनिष्ठ तथा देशभक्त बनाए।

**-अनिल कौशिक, रांची**


## ट्वीट

पीएम मोदी जी द्वारा जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च सेतु 'चिनाब ब्रिज' और भारत के पहले केबल-स्टेड रेल सेतु 'अंजी ब्रिज' का लोकार्पण 'नए भारत' के अद्भुत इंजीनियरिंग कौशल और अपरिमित सामर्थ्य का प्रतीक है।

दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें अआरामद होंगी।

**- योगी आदित्यनाथ सीएम**

# पर्यावरण के प्रति जागरूकता और उससे जुड़े कानून



**सोनाली भट्टाचार्या**

पर्यावरण

भारत में पर्यावरण कानून के विकास को दो अलग-अलग चरणों में वर्गीकृत किया जा सकता हैः

1972 से पहले का विकास - इस अवधि के दौरान, भारत मुख्य रूप से टोर्ट कानूनों, आपराधिक कानूनों, जल और जंगलों से संबंधित विनियमों और पर्यावरण संरक्षण के मामलों को देखने के लिए विशेष कानूनों के समामेलन पर निर्भर था। यह देखा जा सकता है कि इस पीढ़ी के दौरान भारतीय पर्यावरण कानून में तुलनात्मक रूप से सीमित प्रगति हुई थी।

1972 के बाद का विकास - यह चरण स्टॉकहोम सम्मेलन के परिणाम के अनुरूप था और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कानून के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास को चिह्नित करता था। स्टॉकहोम सम्मेलन ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी चिंताओं के बारे में वैश्विक जागरूकता फैलाई, और भारत इस विकासशील जागरूकता का अपवाद नहीं था।

पर्यावरण कानून का शासन सतत विकास के लिए केंद्रीय है। यह पर्यावरण की जरूरतों को कानून के शासन के आवश्यक तत्वों के साथ एकीकृत करता है, और पर्यावरण शासन को बेहतर बनाने के लिए आधार प्रदान करता है। यह पर्यावरणीय स्थिरता को मौलिक अधिकारों और दायित्वों से जोड़कर उजागर करता है। यह सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों और व्यवहार के नैतिक मानदंडों को दशार्ता है, और यह पर्यावरण अधिकारों और दायित्वों के लिए एक आधार प्रदान करता है। पर्यावरण कानून के शासन और कानूनी अधिकारों और दायित्वों के प्रवर्तन के बिना, पर्यावरण शासन मनमाना हो सकता है, यानी विवेकाधीन, व्यक्तिपरक और अप्रत्याशित।पर्यावरण कानून के प्रमुख उद्देश्यःपर्यावरण को नुकसान से बचाना।

प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना।वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण को नियंत्रित करना। पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान करना। वन्यजीवों और उनकी आवास की रक्षा करना। पर्यावरण संबंधी कानूनी विवादों को हल पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 .भारतीय वन अधिनियम, 1927 , 1927).वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण अधिनियम, 2010 : पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 को भारत में पर्यावरण कानून के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला माना जाता है. यह अधिनियम केंद्र सरकार को पर्यावरण की रक्षा और सुधार के लिए व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है, जिसमें प्रदूषकों के उत्सर्जन और निर्वहन के लिए मानक निर्धारित करना, उद्योगों के स्थान को विनियमित करना, और खतरनाक पदार्थों का प्रबंधन करना शामिल है.

**पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के मुख्य पहलूः**

व्यापक पर्यावरण संरक्षणः

यह अधिनियम पर्यावरण के सभी पहलुओं को कवर करता है, जैसे कि वायु, जल, भूमि, और वन्यजीव.

**केंद्र सरकार की शक्तियाँः**

यह अधिनियम केंद्र सरकार को पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने की शक्ति देता है, जिसमें कानून बनाना, नियम बनाना, और विनियम जारी करना शामिल है.

प्रदूषण नियंत्रणः यह अधिनियम प्रदूषण के विभिन्न स्त्रोतों से निपटने के

पर्यावरण कानून, पर्यावरण की रक्षा और प्रदूषण को रोकने के लिए बनाए गए नियमों और कानूनों का एक समूह है। इसमें जल, वायु और भूमि प्रदूषण, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून शामिल हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण को मानवीय गतिविधियों के हानिकारक प्रभावों से बचाना और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देना है पर्यावरण संरक्षण कानून।

पर्यावरण के निरंतर दयनीय होती जा रही स्थिति व पर्यावरण दोहन के लगातार बढ़ रहे मामलों की गंभीरता को देखते हुए हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हेतु कई कानून बनाए गए हैं। वर्ष 1969 में केंद्र सरकार द्वारा एक विधेयक तैयार किया गया।

यह विधेयक 30 नवम्बर, 1972 को संसद में प्रस्तुत किया गया। दोनों सदनों से पारित होकर इस विधेयक को 23 मार्च, 1974 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली जो जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 कहलाया। यह अधिनियम 26 मार्च, 1974 से पूरे देश में लागू माना गया। यह अधिनियम भारतीय पर्यावरण विधि के क्षेत्र में प्रथम व्यापक प्रयास है जिसमें प्रदूषण की विस्तृत व्याख्या की गई है। इस अधिनियम ने एक संस्थागत संरचना की स्थापना की ताकि वह जल प्रदूषण रोकने के उपाय करके स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित कर सके। (अधिवक्ता हाईकोर्ट झारखंड)

# पर्यावरण संरक्षण से आत्मनिर्भरता और विकसित भारत की ओर

**विश्व पर्यावरण दिवस पर नवा बिहान का प्रेरणादायक आयोजनः**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवा बिहान कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वारा एक प्रेरणादायक और समाजोपयोगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को एक साथ जोड़ते हुए कई गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं।

कार्यक्रम की शुरूआत एक संगोष्ठी से हुई, जिसमें पर्यावरणविदों, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षकों और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, जल और वायु प्रदूषण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके बाद नवा बिहान द्वारा एक विशेष पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय नागरिकों, खासकर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय

पर्यावरण



भागीदारी रही। पौधारोपण, सफाई अभियान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी गई। प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, मोहल्ले और गाँव को स्वच्छ और हरित बनाएंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं को घरेलू उपयोगी उत्पाद जैसे टॉयलेट क्लीनर, सैनिटरी नैपकिन, हैंडवॉश आदि बनाने की प्रॉडक्ट ट्रेनिंग दी गई। यह प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और अपने परिवार की आय में योगदान देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर महिलाओं ने गहरी रुचि और उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया और कहा कि वे अब अपने गाँव में लघु उद्योग शुरू करेंगी।

कार्यक्रम में विकसित भारत विषय पर भी एक प्रेरक चर्चा सत्र हुआ जिसमें विजय राय द्वारा बताया गया कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी को प्राथमिकता देना जरूरी है।


नवा बिहान के सचिव श्री आर अजय ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि एक स्थायी सामाजिक परिवर्तन की नींव रखना है। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम सच में एक विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पौधे और पर्यावरण किट वितरित किए गए। यह आयोजन नवा बिहान की दूरदर्शी सोच को दशार्ता है जहाँ प्रकृति, नारी और राष्ट्र तीनों को साथ लेकर समग्र विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है।नवा बिहान का यह आयोजन न केवल एक दिन का कार्यक्रम था, बल्कि एक मिशन की शुरूआत है हरित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की ओर। कार्यक्रम में महिला समूह प्रमुख शिष्मणि कुमारी, देवरानी देवी, मुक्ता नारायण, सोनी तिवारी, अंजलि वर्मा, ममता, प्रशिला बारा, शिवानी, नैनशी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

**अनुष्का और विराट स्वामी प्रेमानंद जी के शरण में पहुंचे और उन्होंने शानदार जीत का आर्शिवाद पाया। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### सौंदा डी में पीओ का जोरदार स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी के परियोजना पदाधिकारी कैलाश कुमार का शुक्रवार को जोरदार स्वागत हुआ। लोगों ने सौंदा डी पीओ को बुके देकर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह के दौरान सौंदा डी, लपंगा, हिंदीगिरी परियोजना को शीघ्र चालू किए जाने को लेकर गहन चर्चा की गई। उपस्थित कर्मियों ने चिंता जाहिर की कि वर्षों से सौंदा डी परियोजना में कार्यरत कैटेगरी-1 पर कार्यरत एवं क्लर्क ग्रेड-3 कर्मियों को आज तक पदोन्नति नहीं मिल सकी है। मुख्यालय द्वारा पावर बजट में परियोजना को समुचित बजट नहीं देने को जिम्मेदार ठहराया गया। लोगों ने जल्द से जल्द बजट आवंटन सुनिश्चित कर परियोजना के संचालन व कर्मियों के हित में सकारात्मक कदम उठाने की मांग की। स्वागत करने वालों में विजय प्रसाद,राम अनुज पासवान, भुवन राम, सुरेंद्र यादव, राजनाथ हरिजन, लक्ष्मी राम, शिव राम, रेयना मांझी सहित कई कर्मी व पदाधिकारी शामिल थे।

### भुरकुंडा में खुलेगा कराटे प्रशिक्षण केंद्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट शितोरियों कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया (झारखंड) की भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में पेट्रोल पंप के समीप 8 जून को संध्या 3 बजे नए कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन अंबेडकर मंच के अध्यक्ष बालेश्वर राम, सचिव राजन कुमार व आजाद भुईया करेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कमलनाथ सिंह, ओम कुमार, सूरज करमाली, अभय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### परवरिश स्कूल कुजू में पौधरोपण



**कुजू।** विश्व पर्यावरण के असवर पर परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में पौधरोपण हुआ। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पौधा लगाया गया। कक्षा एक से लेकर 9वीं तक के छात्रों के बीच कई प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने पौधारोपण कर धरती पर हरियाली बनाये रखने की शपथ ली। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए जागरूक किया। कहा कि यह धरती हमारी है इस धरती की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। धरती ने हमें जीवन दिया, यह हमारे जीवन का आधार है। शिक्षक कंचन प्रसाद, आकांक्षा मिश्रा, प्रियंका यादव, नाजो खातून, रणजीत सिंह उपस्थित थे।

### आनंद साईं दरबार का स्थापना दिवस 24 को



**रामगढ़।** गोला रोड राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई। इसकी अध्यक्षता नंदकिशोर गुप्ता एवं संचालन मनोज मंडल ने किया। बैठक में अमित कुमार सिन्हा शामिल हुए। अमित सिन्हा ने बताया के आनंद साईं दरबार का 15 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रथम दिन 24 जून को अपराह्न 3 बजे मंदिर परिसर से पालकी यात्रा का आयोजन किया जायेगा। पालकी यात्रा के लिए अलग अलग लोगों को जिम्मेवारी दी गई है। प्रशासनिक कार्य के लिए अमित सिन्हा, पालकी यात्रा हेतु गोलू, बसंत और सन्नी साव, पानी की व्यवस्था हेतु मनोज कुमार ठाकुर, बर्तन हेतु सन्नी सिन्हा और गोलू, पालकी यात्रा की व्यवस्था हेतु छोटन और अरुण कुमार महतो को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बैठक में अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अरुण महतो, रोहित गुप्ता, राजेश कुमार, छोटन सिंह, अविनाश, धनंजय कुमार पुटूस, सुबोध सिन्हा, मनोज सिन्हा, संजय सिन्हा,बिनोद साव, बसंत कुमार, राजेश पांडे, दीपू अग्रवाल, उमेश सिंह, पंकज ठाकुर, अनिल साव,शीतल सिंह, रीता, सुनीता, संगीता, रूपा, अमिता सोनी, मल्लिका दता आदि शामिल हुए।

### पीवीयूएनएल में कवि सम्मेलन आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) परिसर में गुरुवार को कवि सम्मेलन हुआ। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध हास्य कवियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से श्रोताओं को गुदगुदाया और सोचने पर भी मजबूर किया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं चर्चित राष्ट्रीय हास्य कवयित्री डॉ. निवेदिता शर्मा, भोपाल से आए दीपक दनादन और व्यंग्यकार डॉ. अनिल बाजपेई जिन्होंने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से पर्यावरण, सामाजिक विसंगतियों और आम जनजीवन की जटिलताओं को बेहद प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन में स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा रीता सिंह, मनीष खेतरपाल, जियाउर रहमान समेत पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं परिजन उपस्थित थे।

### करमा परियोजना में लगे सैकड़ों पौधे



**कुजू।** विश्व पर्यावरण दिवस पर करमा परियोजना में सैकड़ों पौधे लगाए गए। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा ने सभी लोगों को एक पौधा लगाने का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे पूरे पर्यावरण को शुद्ध रखता है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में हमलोगों को ऑक्सीजन देता है। वृक्ष के कारण हम अनेकों तरह के बीमारियों से बचाव करते हैं, जंगल में कभी कभी आग भी लगते हमलोगों ने देखा होगा। आग लगा हो जंगल में तो हमें बुझाना चाहिए क्योंकि हमें जंगल के साथ अपने जीवन को भी बचाना है। बाद सैकड़ों फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।

# लंबित काम बतायें समाधान का प्रयास करेंगे : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

- सुंदर नगर पंचायत में सांसद व विधायक ने डीएमएफटी मद से बने नये पुल का किया उद्घाटन
- प्रयास करेंगे, क्षेत्र से पलायन रुके व रोजगार बढ़े :जायसवाल
- पुल से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी : चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत में डीएमएफटी मद से लोहा पुल में 49 लाख 22 हजार रुपये की लागत से नये पुल का उद्घाटन शुक्रवार को सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी एवं सुंदरनगर पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष व्यास पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। जायसवाल ने कहा कि आजादी के बाद पक्की पुल का निर्माण हुआ है,चार पहिया वाहन का अवगमन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विकास शतत प्रक्रिया है, जो चलते रहेगी। आप मुझे लंबित काम बतायें समाधान का प्रयास करूंगा। उन्होंने वर्षों से बंद पड़े ग्लास फैक्ट्री के खुलवाने पर बताया कि फैक्टी प्रबंधन से बातचीत हुई है, लेकिन फैक्ट्री को पुनः चालू करने की बात पर मंशा साफ नहीं था। जयसवाल ने कहा कि मैं अडाणी ग्रुप के मैनेजर से ग्लास फैक्ट्री के मामले पर बात किया हूं, जिस पर सकारात्मक रूप से जबाव मिला। हमारा प्रयास है, क्षेत्र से पलायन रुके और रोजगार का अवसर बढ़े। उन्होंने कहा की मैं चुनाव के वक्त इस पुल पर आया था। लोगो की मांग थी की पुल का निर्माण हो। एक वर्ष के कार्यकाल में मैं अपना वादा पूरा किया हूं और आगे भी करता रहूंगा।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि डीएमएफटी फंड का उपयोग पारदर्शिता एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में अब काफी सुविधा होगी और यह क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। चौधरी ने कहा कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ही उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, महामंत्री राजु चतुवेर्दी, राधेश्याम अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, सत्येन्द्र नारायण सिंह व राकेश सिन्हा, योगेश दांगी, दिनेश प्रसाद, पार्षद राजराम प्रजापति, रंजन सिंह फौजी, कुमेल उरांव, अमरेश सिंह, रंजीत पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, राजेश सिन्हा, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष सागर दांगी, विश्वरंजन सिन्हा, डॉ. संजय सिंह, पुनम साहु उपस्थित थे।

# 14.9 किलोग्राम अफीम के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

- 66,000 रुपये नकद, छह एंड्रॉइड मोबाइल, दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी को पुलिस ने किया जब्त

## हजारीबाग पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में प्रशासनिक सत्ता परिवर्तन ने जो असर दिखाया है, वह अब धरातल पर साफ नजर आने लगा है। वहीं पुलिस, वहीं थाना, वही संसाधन लेकिन नेतृत्व बदलते ही कार्रवाई की रफ्तार और धार दोनों बदल गई है। मात्र कुछ ही दिनों पहले नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने जिले की कमान संभाली है और अब उनका पहला बड़ा वार देखने को मिला जो सबसे जरुरी था मादक पदार्थ तस्करों की रीढ़ तोड़ने वाली कार्रवाई। जिले में ड्रग्स के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान में पुलिस ने तीन थाना क्षेत्रों कोर्रा, लोहसिंघना और मुफस्सिल में एक साथ छापेमारी करते हुए 14.9 किलोग्राम अफीम, 28.57 किलोग्राम अफीम में मिलाया जाने वाला रासायन, 66,000 रुपये नकद, छह एंड्रॉइड मोबाइल, दो मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और एक तौल यंत्र जब्त किया। इस अभियान का नेतृत्व सदर एसडीपीओ अमित आनंद (भा.पु.से.) ने किया और छह कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया।

**कोर्रा से दो गिरफ्तार :** कोर्रा थाना क्षेत्र से 2.5 किलो अफीम, 21.7 किलो रसायन, 66,000 रुपये नकद, तीन मोबाइल, एक स्कूटी और एक तौल यंत्र जब्त किए गए। आरोपी राहुल यादव (गिद्धौर, चतरा) और मो. अरशद अंसारी (कटकमसांडी) गिरफ्तार।

लोहसिंघना में बड़ी बरामदगी: यहां से 10.6 किलो अफीम और 6.87 किलो कट जब्त किया। आरोपी अविनाश कुमार और राहुल पांडेय (दोनों गिद्धौर, चतरा) गिरफ्तार हुए। राहुल एनडीपीएस और जेजे एक्ट में पहले से आरोपी है। यहां से 1.8 किलो अफीम, दो स्मार्टफोन और एक बुलेट बाइक बरामद हुई। आरोपी पिंटू दांगी और मुकुल दांगी (दारियातु, चतरा) गिरफ्तार हुए। मुकुल के खिलाफ उत्तर प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है। इस कार्रवाई ने यह जता दिया है कि हजारीबाग की तस्वीर अब धुंधली नहीं है। अंधेरे में रौशनी की किरण है। नशे का कारोबारियों के लिए जमीन खिसकने लगी है। पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा कि नशे का कारोबार किसी कीमत पर नहीं चलेगा। अब हर गुनहगार की बारी है। हजारीबाग बदल रहा है और इस बार वाकई सिस्टम काम कर रहा है।

### शिवाजी शाखा बरही ने मनाया हिंदू दिवस

**बरही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही प्रखंड द्वारा प्रखंड मैदान में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। बुद्धिजीवी सुधीर चंद्र ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान मराठा योद्धा एवं राजा थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हिंदू स्वराज की स्थापना की। वे अपनी वीरता, नेतृत्व क्षमता और न्यायपूर्ण शासन के कारण भारत में एक महान नायक माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज एक न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी शासक थे, जिन्होंने अपने राज्य में न्याय और सुरक्षा की व्यवस्था की। उन्होंने अपने राज्य में हिंदू संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा दिया और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया। हिंदू स्वराज दिवस पर हम छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और कार्यों से प्रेरणा ले सकते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश केशरी, खंड कार्यवाह संतोष प्रजापति, विश्व हिंदू परिषद के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, शिवाजी शाखा के मुख्य शिक्षक कुंदन जी, कोनरा मंडल प्रमुख पिंटू जी, करियातपुर मंडल प्रमुख धर्मेंद्र, आरपी शर्मा जी, डॉ. कृष्णा केशरी व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मरीजों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जायसवाल

- शेख भिखारी अस्पताल में लापरवाही पर बिफरे सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आए दिन मिल रही शिकायतों को लेकर शुक्रवार को सांसद मनीष जायसवाल अचानक अस्पताल पहुंचे। अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति को पहले से सूचना थी, इसलिए वह अस्पताल से नदारद मिले। इससे नाराज सांसद ने मौके पर प्रिंसिपल, एचओडी और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट से सवालों की झड़ी लगा दी। बुधवार रात लेबर रूम में हुई अमानवीय घटना पर सांसद ने खासतौर पर लापरवाही के लिए लेबर विभाग की एचओडी डॉ. रामेश्वरी बेग और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. एके. सिंह से जवाब तलब किया। सांसद ने पूछा कि अगर महिला चिकित्सक डॉ. आकांक्षा सुरक्षा के नाम पर गायब थीं, तो क्या हर रात यही होता है? डॉ. बेग के जवाब ने इस सवाल पर मुहर भी लगा दी।सांसद ने मौके से ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी। मंत्री ने भी सुरक्षा का हवाला दिया, जिस पर सांसद ने तीखा सवाल खड़ा किया जब अस्पताल में 20 होमगार्ड, 20 गार्ड और एक पुलिस पिकेट तैनात है, तो डॉक्टर असुरक्षित कैसे। डॉ. एसके सिंह ने अधीक्षक, एचओडी और डॉ. आकांक्षा से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा। डॉ. अजय कुमार सिंह को अस्थायी अधीक्षक नियुक्त किया गया। मनीषा कुमारी और उनके पति विनोद साव प्रसव पीड़ा में लेबर रूम का दरवाजा खटखटाते रहे, लेकिन डॉक्टर नदारद थे। मजबूरन उन्हें निजी अस्पताल जाना पड़ा।

### हजारीबाग में डीसी ने खोला प्रोन्नति, नामांकन और मूल्यांकन का पिटारा



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला प्रशासन अब शिक्षा के क्षेत्र में ठोस बदलाव की ओर कदम बढ़ा चुका है। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक में शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। बैठक ने शिक्षकों के बीच वर्षों से लंबित प्रोन्नति से जुड़े मुद्दों को नई रफ्तार देने का काम किया। उपायुक्त ने ग्रेड 2 और ग्रेड 4 में लंबित प्रोन्नति प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करने का आदेश देकर शिक्षक समुदाय में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। वहीं, शिक्षा व्यवस्था में लटके विभागीय कार्रवाई के मामले और न्यायालय में लंबित विषयों की भी सघन समीक्षा की गई। नामांकन में गिरावट वाले प्रखंड दारू, पदमा और बड़कागांव अब उपायुक्त की विशेष निगरानी में रहेंगे। इन इलाकों में नामांकन घटने के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल कर, जिला शिक्षा अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बरही प्रखंड के पांच स्कूलों को भी चिन्हित कर विशेष अनुश्रवण के आदेश दिए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में चल रहे रेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूवमेंट लर्निंग की निगरानी और उसमें कमजोर प्रदर्शन वाले विषयों पर अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग देने की योजना बनाई गई है।

# सभी स्कूलों में पानी और शौचालय हो उपलब्ध

## रामगढ़ डीसी ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत साक्षरता प्राप्त किया जाए,उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को सर्वे कर फ्लोचार्ट तैयार करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने मध्यान भोजन की समीक्षा की। निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रसोइयों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शेष बचे रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनवाने व उनके पेंशन शुरू करने को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीसी ने बच्चों को किताब, यूनिफॉर्म व बैग उपलब्ध कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। बैंक अकाउंट नहीं होने के कारण शेष बच्चों को सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर उपायुक्त ने शिविर आयोजित करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने एवं सभी बच्चों का खाता बैंक में खुलवाने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विष्णुगढ़ में वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी

**विष्णुगढ़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोरिया करमा की टीम ने विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना, सिरय और खरकी गांवों का दौरा किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसल की तैयारी, उर्वरक व कीटनाशक के संतुलित प्रयोग और टिकाऊ खेती के गुर सिखाए। एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और रसायनों के उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, डॉ. शिल्पी केरकेट्टा, राजेंद्र मीणा समेत कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओंए पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, डिजिटल एग्री मिशन आदि की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राम, मुखिया निर्मला देवी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### मडमो पंचायत : अबुआ आवास में गृह प्रवेश



**विष्णुगढ़।** बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने मडमो पंचायत के बुढ़वाडीह, बेल्याटांड और डुमरिया टांड में लाभुकों को अबुआ आवास में गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मडमो में आवास की भारी कमी थी, इसलिए 194 नए आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जो लोग अभी भी कच्चे घरों में हैं, उन्हें पीएम आवास योजना में शामिल किया जाएगा। मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, मुखिया कुंती कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा, वार्ड सदस्य ललिता देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि घनश्याम महतो, अजय मिर्धा, अरविंद सिंह सहित कई स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

### नवादा में शाह के उर्स पर कव्वाली 10 जून को

**विष्णुगढ़।** दाता गुलाम हैदर शाह के 86वें उर्स पर 10 जून को भव्य कव्वाली की महफिल सजेगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल मुख्य अतिथि होंगे जबकि जिला परिषद सदस्य शेख तैयब और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए समाजसेवी रफीक आलम और महासचिव जसीम अंसारी ने बताया कि नागपुर से शमीम साबरी और शाहीन शबा भारती के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। उर्स के दौरान सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी मुखिया ननकू महतो को सौंपी गई है। कार्यक्रम की तैयारी में सूफियान अंसारी, तनवीर अंसारी, गुलाम असरफी, मजलूम अंसारी समेत कई कार्यकर्ता जुटे हैं। श्रद्धालुओं में उत्साह है और आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां चल रही हैं।

### ड्रीम ट्यूशन सेंटर का 10वीं में शानदार प्रदर्शन

**विष्णुगढ़।** जैक द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में ड्रीम ट्यूशन सेंटर बनासो के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 35 छात्रों में से 30 प्रथम श्रेणी और 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कोचिंग की टॉपर ग्रेशु प्रेरणा रही, जबकि धीरज कुमार साव और आलिया खातून क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। परियोजना उच्च विद्यालय बनासो के टॉप 10 में ड्रीम ट्यूशन के दो विद्यार्थी शामिल हैं। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कोचिंग संचालक उमेश कुमार साव को दिया, जो पिछले 10 वर्षों से लगातार बेहतर परिणाम दे रहे हैं। यह सफलता ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और समर्पित शिक्षकों की भूमिका को दर्शाती है। छात्र और अभिभावक ट्यूशन सेंटर की भूमिका से उत्साहित हैं।

### हरली स्वास्थ्य केंद्र को ले कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**दारू।** करोड़ों की लागत से बना हरली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2018 से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष रिंकू कुमार ने 10-11 जून को दारू प्रखंड कार्यालय के पास दो दिवसीय शांतिपूर्ण धरने की घोषणा की है। रिंकू कुमार ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ता है, जो दुखद है। बार-बार मीडिया में मुद्दा उठने के बावजूद प्रशासन मौन है। एसडीओ को आवेदन देकर उन्होंने सरकार से तत्काल स्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीण भी आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और उम्मीद है कि इस बार प्रशासन तक आवाज पहुंचेगी।

### जंगल से सीएसपी संचालक का शव बरामद

**बरकट्ठा।** शुक्रवार सुबह बरकट्ठा थाना क्षेत्र के मसीपीढ़ी जंगल से ग्रामीणों ने एक शव बरामद किया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की पहचान विनोद राणा (40) पिता जगदीश राणा, ग्राम गैड़ा निवासी के रूप में की गई। वह पंचखेड़ी में एसबीआई का सीएसपी संचालक था। परिजनों के मुताबिक विनोद राणा पिछले कुछ समय से बीमार और मानसिक तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने आत्महत्या की है, हालांकि पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। शव को परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए श्मशान ले जाकर दाह-संस्कार कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीवीयूएनएल में पौधरोपण और प्रभात फेरी




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रमों में प्रभात फेरी और पौधारोपण शामिल रहे, जिन्होंने हरित भविष्य के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रभात फेरी की शुरुआत उत्साहपूर्वक की गई। जिसमें पीवीयूएनएल के अधिकारी, कर्मचारी एवं बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीईएम) की बालिकाएं शामिल हुईं। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण जागरूकता के नारों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को हरियाली और स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर परिसर में छायादार एवं दर्जनों औषधीय पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। जिसमें जीईएम की बालिकाओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और अधिक जीवंत व प्रेरणादायक बना दिया। पीवीयूएनएल परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के रूप में सराहा गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ओएंडएम) मनीष खेतराल, प्रमुख मानव संसाधन जियाउर रहमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# पर्यावरण के लिए वैदिक दर्शन महामार्ग



झारखंड के युवा मुख्यमंत्री प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षक और प्रेमी हैं। पर्यावरण दिवस पर बट वृक्ष लगाकर विश्व को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भारत के पवित्र, धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में यह सितारेदार होटल बनें इसके लिए सरकारें परेशान हैं। इन होटलों के लिए नदियों झीलों को पाट रहे हैं। मशीनें गरज रही हैं। आधुनिक विकास के कदमों से समुद्र को नाप कर हर्षित हो रहे हैं। चीन विश्व का सबसे बड़ा बांध बना रहा है। इसके निष्कर्ष अभी बाकी हैं। दैवीय आपदाएं बढ़ी हैं। पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो रहा है। बिजली की मांग बढ़ी है। करोड़ों पक्के नए घर बना रहे हैं। सीमेंट कंक्रीट के जंगलों से हरियाली पूर्ण सौंदर्य भरे नगर नहीं हैं। पर्यावरण के साथ भारतीय संस्कृति का क्षरण तेजी से हो रहा है।

**अरुण कुमार दीक्षित**

**अवनि** अंबर में भारी तपिश है। यह तपिश प्रत्येक वर्ष बढ़ती जा रही है। टीवी, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया में मौसम लगातार गर्म रहने की खबरें हैं। ग्लेशियर पिघलने की गति बढ़ने की जानकारी दी जा रही है। वैज्ञानिक इस कारण चिंता में है। विश्व के बढ़ते तापमान को वैज्ञानिकों ने बताया कि यह ग्लोबल वार्मिंग के कारण है। पूरे विश्व का पर्यावरण तंत्र बदल रहा है। भयावह तूफान आ रहे हैं। चक्रवाती तूफानों का आना बढ़ा है। पर्यावरण में अनेक तरह के बदलाव हो रहे हैं। ऋतु चक्र भी बदल रहा है। पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। कई के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। पशुओं की संख्या घट रही है। वैज्ञानिक रिपोर्ट्स कहती हैं ग्लेशियरों के पिघलने से जल का प्रवाह बढ़ेगा। जल नदियों पहाड़ों से होते हुए समुद्र में जाएगा। महासागरों का जल स्तर बढ़ेगा। जल स्तर बढ़ने से पूरी दुनिया के अनेक नगरों को इस जल से डूबने का खतरा उत्पन्न होगा।

इस तरह की रिपोर्ट पहले भी आई हैं। पर्यावरण के प्रति हम सचेत नहीं होते हैं। पूरे विश्व का तापमान न बढ़े इस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन लंबे समय से हो रहें हैं। पेरिस समझौते के 10 वर्ष हो रहे हैं। उत्सर्जन को हर हाल में कम करना ही होगा। सम्मेलनों के निष्कर्ष विश्व पर्यावरण को ठीक करने में नाकाम है। पूरे विश्व में विकास को लेकर प्रतिस्पर्धा है। प्रश्न है कि क्या आधुनिक विकास और विज्ञान मानव जीवन विरोधी है ? एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विज्ञान का चमत्कार है। यह एआई बढ़ते तापमान पर क्या करेगा ? महासागरों में बाढ़ आने पर क्या कर लेगा ? मछलियां नहीं होंगी, मोर नहीं नाचेंगे ? शेर, चीता, बिल्ली, कुत्ता,गाय, घोड़ा हाथी सब विलुप्त जाएंगे क्या। तब मनुष्य कितने बचेंगे ? जो रह जाएंगे उनके साथ रोबोट होंगे। वह होंगे तो प्लास्टिक एल्युमीनियम स्टील के रोबोट के साथ होंगे। अनेक रोबोट कम्पनियों में काम करते बताए जाते हैं। समझ सकते हैं कि रोबोट के मित्र



उनके साथ काम करने वाले मनुष्यों की संवेदना कम जरूर हो रही होगी। वे रोबोट के ही स्वभाव के हो सकते हैं। यह खोज का विषय है।

विकसित राष्ट्र अधिकतम विकास कर अंतरिक्ष में कालोनी बनाना चाहते हैं। यह एक छोर है। दुनिया के कई देश रोटी-पानी , स्वास्थ्य, शिक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा नही कर पा रहे। यह दूसरा छोर है। वे संघर्ष में हैं। पृथ्वी पर पड़ोसियों से परिचय मैत्री घटी है। फ्लैट और कालोनी में रहने वाले शहरी सभ्यों ने भारत की प्रणाम नमस्कार संस्कृति को आहत किया है। तब चन्द्रमा पर किस भगवत्ता को उपलब्ध होंगे। पूरी दुनिया युद्धों में है। इनसे लोग भयभीत हैं। शक्तिशाली देश संयुक्त राष्ट्र संघ की कोई बात सुनते नहीं। उसकी आवाज ही दबी हुई है। बढ़ते युद्धों और बारूदी प्रगति के बीच पर्यावरणीय क्षति बड़ा विषय है।

दुनिया के किसी विशेष क्षेत्र की बात नहीं पूरी दुनिया में समुद्र पाटे जा रहे हैं। पहाड़ों को गिराया जा रहा है। अंग्रेजी नाम वाले होटल भारत मे भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। एक सितारा से पांच सितारा तक होटलों की महिमा है। भारत के पवित्र, धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में यह सितारेदार होटल बनें इसके लिए सरकारें परेशान हैं। इन होटलों के लिए नदियों झीलों को पाट रहे हैं। मशीनें गरज रही हैं। आधुनिक विकास के कदमों से समुद्र को नाप कर हर्षित हो रहे हैं। चीन विश्व का सबसे बड़ा बांध बना रहा है। इसके निष्कर्ष अभी बाकी हैं। आधुनिक विकास विनाश का भाई है। दैवीय आपदाएं बढ़ी हैं। पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो रहा है। बिजली की मांग बढ़ी है। करोड़ों पक्के नए घर बना रहे हैं। सीमेंट कंक्रीट के जंगलों से हरियाली पूर्ण सौंदर्य भरे नगर नहीं हैं। घरों में कैक्टस रखे हैं। पर्यावरण के साथ भारतीय संस्कृति का क्षरण तेजी से हो रहा है। अधिकतम पेड़ लगाया जाना पर्यावरण के लिए लाभदायक है। जनप्रतिनिधि तो कहीं पेड़ लगाते समय की या किसी पेड़ पौधे के साथ की सेल्फी से दिवस मना लेते हैं।

ऋग्वेद में 'स्वस्ति' का अर्थ ही है, प्राकृतिक पदार्थों से कल्याण की भावना। यजुर्वेद में पवन हमारे लिए सुखकर चले की देवों से प्रार्थना है। अथर्ववेद में समस्त दिशाएं मित्रवत सुख दें वैदिक मनुष्य की अभीप्सा है। अथर्ववेद में ही सत्य, मृदु, संकल्प, तप, ज्ञान और त्याग के साधन से पृथ्वी के रक्षा करने की प्रार्थनाएं हैं। वैदिककाल में पर्यावरण के प्रति गहन अभिलाषा है। विशुद्ध पर्यावरण के लिए वैदिक दर्शन महामार्ग है। वैदिक काल के मनुष्य की प्रकृति से सहनाववतु की प्रार्थना है। दुनिया की प्राचीन सिंधु सभ्यता के अवशेष बताते हैं कि जीवन आनंदमगन रहा होगा। वस्तुतः पर्यावरण एक नाम है। वैदिक वाङ्गमय में पृथ्वी, आकाश, जल, वायु ,अग्नि, पंचमहाभूत तत्व हैं। इनके ही ठीक रहने से पर्यावरण विशुद्ध होगा। जिस तरह दूषित करने के सभी दोषी हैं। ठीक उसी तरह सबको पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाने के लिए आगे आना होगा।



**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## गीता के दसवें अध्याय में श्रीकृष्णें कहते हैं, प्रकृति श्रेष्ठ है



**यह** पर्यावरण तब ठीक होगा जब तापमान को घटाने के उपाय सामूहिक हों। दृढ़ इच्छा शक्ति से भरे हों। अरबों डीजल, पेट्रोल की गाड़ियां लगातार धरती पर तापमान बढ़ा रही हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में भी भारी मशीनें चल रही हैं। डीजल पेट्रोल जलेगा तो कार्बन पर्यावरण में विचरण करेगा ही। वाहनों का कचरा अलग से है। ई-कचरा नई समस्या है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं ने समुद्र, नदियों,झीलों,तालाबों में जलीय जीवों को संकट में डाला है। जलीय जीवों में प्लास्टिक कण पाए गए हैं। प्लास्टिक के उचित प्रयोग पर सरकारें गम्भीर नहीं है। नगरों से गांवों तक प्लास्टिक कचरा है। कृषि भूमि चपेट में है। लोकसभा और विधानसभाओं में इस पर चर्चा नहीं है।

विज्ञान का स्वभाव है अभी और आगे ? वस्तुओं का अंत नहीं है। धर्म और विज्ञान साथ-साथ हैं। सनातन धर्म कहता है कि हमारे आचरण से किसी व्यक्ति या समूह, राष्ट्र की क्षति न होने पाए। भारत इसे एक सूत्र वाक्य में ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ कहता है। संपूर्ण पृथ्वी हमारा परिवार है। समुद्र नदियों में ईश्वरीय अनुकंपा से जन्मे जलीय जीवों को जीने का पूरा अधिकार है। नदियों को वैदिक साहित्य में जल माताएं कहा गया है। नदियां भरतजनों की पूजनीय हैं। इन्ही नदियों के तटों पर कुंभ महाकुंभ हैं। नदियों के तटों पर विश्व में हजारों लाखों साल प्राचीन संस्कृतियों, सभ्यताओं का विकास हुआ है। नदियों, झीलों को सीवर लाइनों में परिवर्तित किया जा रहा है। वन संपदा औषधीय पेड़ों-पौधों के प्राकृतिक सौंदर्य को नष्ट करने की कार्रवाई जारी है। यह तब है जब इससे जुड़े बड़े मंत्रालय हैं। किसी एक देश में नहीं सभी देशों में हैं ऐसे मंत्रालय।

वन विभाग सरकारी धन का गोलमाल करता है। ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के नाम पर भारी बजट का बंदरबांट है। पेड़ वहीं लगाए जाते हैं जहां उनकी सुरक्षा पानी का इंतजाम नहीं है। इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतें शासन स्तर पर पुरस्कृत होती हैं। दूसरी तरफ सरकारों के दावे हैं कि वन क्षेत्र बढ़ा है। सरकारी तंत्र की इस निर्लज्जता पर समाज निरीह है। बेचारा है। कुछ पेड़ों को कटवाने पर रोक है। जिन पेड़ों पर रोक है वह पुलिस के सहयोग से कटते हैं। कभी-कभी वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत टारगेट में मुकदमे लिखे जाते हैं। फोटो खिंचवाकर पर्यावरण दिवस 05 जून को ठीक करने का प्रयास फिर होगा।

गीता के दसवें अध्याय में श्रीकृष्ण विभूतियों के वर्णन में कहते हैं, " प्रकृति श्रेष्ठ है। उन्होंने प्रकृति की महिमा को कहा कि प्रकृति और ईश्वर एक है। वे सब मे व्याप्त हैं। प्रकृति सभी जीवधारियों को गर्भ में धारण करती है। कृष्ण यहां अपने दिव्य विभूतियों के संदर्भ में कहते हैं, वेदों में मैं सामवेद हूं। देवों में इंद्र और इंद्रियों में मन हूं। प्राणियों में उनकी चेतना हूं। जल में सागर मैं ही हूं। पर्वतों में हिमालय हूं। ज्योतियों में सूर्य हूं। नदियों में गंगा हूं। मछलियों में मगर हूं। वृक्षों में अश्वत्थ ( पीपल) हूं। सृष्टियों का आदि मध्य अंत मै हूं।" कृष्ण के अर्थात उनके स्वयं के ब्रह्मांड के साथ सम्बन्धों का संकेत है। वह प्रकृति हैं जो हर कर्ता के पहले उपस्थित है।

# धन्यो गृहस्थाश्रमः

**डा जंग बहादुर पाण्डेय**

*सानन्दं सदनं सुताश्च सुधियः कान्ताप्रियभाषिणी,*
*सन्मित्रं सधनं स्वयोषिति रतिः चाज्ञापराः सेवकाः।*
*आतिथ्यं शिवपूजनं प्रतिदिनं मिष्टान्नपानं गृहे,*
*साधोः सङ्गमुपासते हि सततं धन्यो गृहस्थाश्रमः।।*

शार्दूलविक्रीडित छन्द में रची उपर्युक्त पंक्तियों का अर्थ है कि घर में आनंद हो, संतान बुद्धिमान हो, पत्नी मधुर भाषिणी हो, मित्र सच्चे हों, घर में धन हो, पत्नी के प्रति पति निष्ठावान हो, सेवक आज्ञा पालक हो, घर में अतिथियों का सत्कार होता हो, शिव का पूजन होता हो, प्रति दिन उत्तम भोजन बनता हो और सज्जनों का संग होता हो तो ऐसा गृहस्थाश्रम धन्य है।



लोक शास्त्रानुसार वर की पांच कोटियां होती हैं –वर (20–25 तक)वरनाठ (26–30 तक)झरनाठ (31–35 तक) खोरनाठ (36–40 तक) और सरनाठ (41–45 तक) हमारे समाज की विडम्बना यह है कि आजकल शादी वर की नहीं होती,शेष वरनाठ,झरनाठ,खोरनाठ और सरनाठ की ही होती है।इसका मूल कारण यह है कि आजकल लड़का और उसके अभिभावक कन्या में चार गुणों की प्रबल आकांक्षा रखते हैं–मिल्की इट, अमेरिकी हाइट,केरियर ब्राइट और मनी टाइट

इस रचना में गृहस्थ आश्रम की श्रेष्ठता प्रतिपादित की गई है। विशेष बात यह कि प्राचीन समय में तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था के अनुसार रचे गए इस पथदर्शक काव्य में अधिकांश मूल भूत मूल्य उद्घोषित हुए हैं जिनमें कालानुसार किंचित परिवर्तन ही आया है।

भारतीय दर्शन ने जीवन को चार आश्रमों में विभक्त किया है। चाणक्य नीति का श्लोक हैः-

प्रथमे नार्जितं विद्यां,
द्वितीये नार्जितं धनम्।
तृतीये नार्जितं पुण्यं,चतुर्थे किम् करिष्यति।

ये हैं - ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। प्रत्येक कालखंड की अवधि 25 वर्ष रखी गई है और उसका धर्म भी बताया गया है।ब्रह्मचर्य जीवन के पहले 25 वर्ष का कालखंड है। यह विद्यार्जन, औपचारिक शिक्षा एवं व्यवहार जगत की दीक्षा हेतु है। 26 से 50 वर्ष की आयु गृहस्थाश्रम है। यह धनार्जन और सांसारिक दायित्वों की पूर्ति का समय है। इसमें विवाह, संतान को जन्म देना, उनका लालन-पालन करना, उनकी शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था करना, परिवार को केंद्र में रखना आदि सम्मिलित हैं।51 से 75 की आयु वानप्रस्थाश्रम है।यह दान पुण्य करने का समय है।वानप्रस्थाश्रम, पारिवारिक दायित्वों से शनैः-शनैः मुक्त होने का कालखंड है। दायित्वों से मुक्ति अंतस की यात्रा के लिए प्रेरित करती है। फलतः वानप्रस्थाश्रम में निरंतर आध्यात्मिक विकास होता है। इस श्रृंखला में अंतिम आश्रम 76 से 100 संन्यासाश्रम कहलाता है। यह संसार से विरक्त होकर ईश्वर में अनुरक्त होने की कालावधि है। चौथे पुरुषार्थ मोक्ष की ओर ले जाने का साधन है- संन्यास। इसीलिए तुलसी ने मानस के लंकाकांड में मंदोदरी के मुखारविंद से अपने बाहुबली पति रावण को समझाते हुए कहलवा है किः-

**संत कहहिं अस नीति दशानन।**
**चौथेपन जाइहिं नृप कानन।**
**जासु भजन कीजिअ तंह भर्ता।**
**जो कर्ता पालन संहार्ता।**

चारों आश्रमों में गृहस्थ आश्रम को महत्वपूर्ण माना गया है। यह सृष्टि के सातत्य की अटूट श्रृंखला बनाए रखने का साधन भर नहीं है। मनुष्य की मनुष्यता के विकास में गृहस्थ आश्रम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिवार का उद्भव, एक दूसरे की कमियों-अच्छाइयों अर्थात शक्ति बिंदुओं और निर्बलताओं के साथ चलना, परस्पर मान-सम्मान देना, विभिन्न विषयों पर सामूहिक चर्चा करना, सामूहिक निर्णय लेना, उदारता, सहनशीलता, सुख-दुख में साथ रहना आदि बहुत कुछ सिखाता है गृहस्थ-आश्रम।

अब 'मैं और मेरा' तक सीमित मूल्य धर्मिता का समय है। शिक्षा से लेकर खानपान व पहनावे से लेकर सामाजिक औपचारिकता तक में आयातित संस्कृतियों का अनुकरण कर हमने अपने अस्तित्व पर स्वयं ही प्रश्नचिन्ह लगा लिया है। इसके दुष्परिणाम गृहस्थ आश्रम पर दृष्टिगोचर हो रहे हैं। 18 से 20 वर्ष की आयु में होने वाला परिणय, शिक्षा के चलते 25 वर्ष तक पहुंचा। यह तर्कसम्मत था। तत्पश्चात केरियर के चलते 25 से बढ़कर 30 तक पहुँच गया। अब 35 वर्ष की औसत आयु तक आ चुका है। इस आयु तक आते-आते युवक-युवती बौद्धिक रूप से परिपक्व हो चुके होते हैं। तथापि यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युवावस्था का शिखर काल भी ढलान पर होता है। लोक शास्त्रानुसार वर की पांच कोटियां होती हैं -वर (20-25 तक)वरनाठ (26-30 तक)झरनाठ (31-35 तक) खोरनाठ (36-40 तक) और सरनाठ (41-45 तक) हमारे समाज की विडम्बना यह है कि आजकल शादी वर की नहीं होती,शेष वरनाठ, झरनाठ, खोरनाठ और सरनाठ की ही होती है।

इसका मूल कारण यह है कि आजकल लड़का और उसके अभिभावक कन्या में चार गुणों की प्रबल आकांक्षा रखते हैं- मिल्की इट, अमेरिकी हाइट,केरियर ब्राइट और मनी टाइट और चारों गुणों का किसी एक कन्या में होना नामुमकिन है। इस संदर्भ में महाभारत का प्रसंग आ रहा है कि इंद्रसेना (द्रौपदी )की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने वरदान मांगने को कहा। इंद्रसेना ने वरदान में पांच बार कहा कि वह सर्व गुण संपन्न पति चाहती है,जो धर्मवान, बलवान, धनुर्धर, सौंदर्यवान और नीतिवान हो-एक व्यक्ति में ये सभी गुण होना असंभव था। इसलिए शिवजी ने उन्हें पांच पांडवों को पति रूप में प्राप्त करने का वरदान दिया। धर्मराज युधिष्ठिर धर्मवान थे,भीम बलवान, अर्जुन धनुर्धर, नकुल सौंदर्यवान और सहदेव नीतिमान थे। इंद्रसेना अगले जन्म में पांचाली एवं द्रौपदी बनी और शिव प्रदत्त वरदान फलीभूत हुआ।

35 के बाद की अवस्था में व्यवहार बुद्धि अधिक सक्रिय हो उठती है। प्रेम के स्थान पर व्यवहार प्रधान हो जाता है। मस्तिष्क पड़ताल करने में जुटा रहता है पर मन गौण होने लगता है।

अपने ही बनाए घेरों में घिरे इन युवाओं को पता ही नहीं होता कि एक और एक मिलकर ग्यारह नहीं अपितु एक और नेक हो जाना होता है।जीवन दो और दो मिलकर कर चार होने का गणित नहीं होता। यदि ऐसा ही होता तो मन की अनुभूतियाँ होती ही नहीं।

**(पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग रांची विवि)**

## आदिवासियत का विस्तार है गांधी का ग्राम स्वराज

**सुधीर**

**जब** महात्मा गांधी ने ₹ग्राम स्वराज₹ की बात की थी, तो उनका सपना केवल प्रशासन के विकेंद्रीकरण तक सीमित नहीं था। वे एक ऐसी ग्राम-व्यवस्था की परिकल्पना कर रहे थे, जहाँ सत्ता, संस्कृति और समाज की जड़ें गहराई तक मिट्टी से जुड़ी हों। जहाँ आत्मनिर्भरता जीवन का मूलमंत्र हो, सामाजिक न्याय व्यवहार का आधार बने और लोकतंत्र का स्वरूप सबसे नीचे से शुरू होकर ऊपर तक विस्तृत हो। गांधी के लिए ग्राम स्वराज सत्ता का ढाँचा नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन-दर्शन था। वे चाहते थे कि भारत का हर गाँव एक स्वतंत्र गणराज्य की तरह कार्य करे–जहाँ हर नागरिक का मत मायने रखे, हर व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सामूहिक सहयोग और स्वाभिमान से कर सके, और हर गाँव अपने संसाधनों, संस्कृति और निर्णयों में आत्मनिर्भर हो।

परंतु जब हम भारत के आदिवासी बहुल इलाकों की तरफ देखते हैं–झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की पहाड़ियों की ओर–तो पाते हैं कि गांधी जिस आदर्श गाँव की बात कर रहे थे, वह यहाँ पहले से अस्तित्व में था। आदिवासी समाजों में ग्राम ही सर्वोच्च इकाई रही है। गाँव केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक इकाई होता है। इन समाजों में निर्णय ग्रामसभा द्वारा लिए जाते हैं, जहाँ सभी वयस्क पुरुष और महिलाएँ भाग लेते हैं। कोई भी बड़ा फैसला–जैसे कि विवाह का अनुमोदन, भूमि विवाद का निपटारा, या जंगल के उपयोग की अनुमति–ग्रामसभा के विचार-विमर्श और सामूहिक सहमति से होता है।

अर्थव्यवस्था भी यहाँ निजी स्वामित्व पर नहीं, बल्कि सामूहिक श्रम और साझी संपत्ति पर आधारित रही है। खेतों की जोताई, बीज बोने, फसल काटने और भंडारण तक की प्रक्रिया में पूरा गाँव सहभागी होता है। उत्पादन का वितरण भी सामूहिक होता है। जल, जंगल और जमीन को समाज की साझा संपत्ति माना जाता है, जिस पर हर व्यक्ति का समान हक होता है। कोई व्यक्ति या परिवार इन संसाधनों पर निजी स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता। यह दृष्टिकोण गांधी की उस कल्पना से मेल खाता है जिसमें उन्होंने निजी संपत्ति की बजाय 'ट्रस्टीशिप' का सिद्धांत दिया था।

संस्कृति आदिवासी समाजों की आत्मा है। यह कोई जड़ या बीते हुए समय की वस्तु नहीं, बल्कि आज भी जीवंत और क्रियाशील है। गीत, गाथाएँ, नृत्य, त्योहार और अनुष्ठान केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि सामाजिक अनुशासन, ज्ञान के संप्रेषण और सामूहिक चेतना के वाहक हैं। संस्कृति का यह जीवंत स्वरूप ग्राम समाज को एकजुट रखता है, नई पीढ़ी को मूल्य देता है और गाँव की स्मृति को पीढ़ियों तक संजोए रखता है। गांधी भी मानते थे कि किसी भी समाज की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है, और जब तक वह संस्कृति जीवित है, समाज की चेतना भी जीवित रहती है।

स्पीड न्यूज

## सरायकेला : जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्या



जमशेदपुर। सरायकेला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी नितिश कुमार सिंह द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने क्रमवार भेंट कर उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना गया। डीसी ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक व त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी पात्र लाभुकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से प्रदान करने का भी निर्देश दिया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वॉकाथन




जमशेदपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वॉकाथन का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में बैंक का मूल उद्देश्य देश के युवा पीढ़ी के मध्य पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा के लिए सगज रहना एवं जागरूकता उत्पन्न करना रहा। वॉकाथन में बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टाफ सदस्यों द्वारा पूरे जोश और उत्साह से भाग लिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर के क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा व कार्यपालकगण तथा क्षेत्रीय कार्यालय के सदस्य एवं शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## युवती को भगाने का आरोपी बेंगलूरू से गिरफ्तार, गया जेल



पोटका। कोवाली थाना क्षेत्र से बीते 24 अप्रैल को एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर कर शादी करने की नियत से भगाने का आरोपी सोनल मंडल को थाना प्रभारी मोबीन अंसारी ने गिरफ्तार कर लिया है। पोटका थाना क्षेत्र के सानग्राम पंचायत अंतर्गत बुरुडीह गांव निवासी आरोपी सोनल मंडल के विरुद्ध कोवाली थाना में नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर कर शादी का प्रलोभन देते हुए भगा ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी मोबीन अंसारी ने आरोपी सोनल को कर्नाटक राज्य के बंगलुरु शहर से मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी युवक को शुक्रवार को जेल भेजा गया।

## महिला विवि के एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



जमशेदपुर। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के बिष्टुपुर कैंपस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्राओं ने सर्वप्रथम पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया। उन्होंने सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने तथा हर तरीके के कचरे जैसे गीले कचरे को अलग, सूखे कचरे को अलग रखने की सलाह देते हुए कचरे को पूर्ण संसाधित करने और उपयोग में लाने की प्रक्रिया को बताया। प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की सलाह दी तथा प्लास्टिक पर्यावरण को किस प्रकार दूषित करता है इस विषय में भी बताया। विश्वविद्यालय प्रांगण की सफाई कर्मचारियों को भी जरूरी जानकारियां दी और प्रांगण के सफाई कार्य में सहयोग भी किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस ऑफिसर डॉ सुनीता कुमारी तथा छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पहल अग्रवाल की आर्ट वर्कशॉप ने जगाई बच्चों में रचनात्मकता

जमशेदपुर। सीएच एरिया, बिस्टुपुर के टंबलिंग टॉर्टिलोज कैफे में एक आर्ट वर्कशॉप हुई, जहां बच्चों ने टी-शर्ट और कैप पर पेंटिंग जैसे एक्टिविटीज में हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप को पहल अग्रवाल ने क्यूरेट किया और इसे ब्रांड वर्स, एक ब्रांड और पीआर एजेंसी, ने स्पॉन्सर किया। इसमें 3 से 15 साल के 25 बच्चों ने खूब मजा किया। पहल अग्रवाल, जो आर्टिस्टिक मूव्स नाम के इंस्टाग्राम चैनल की क्रिएटर हैं, ने बच्चों को पेंटिंग करने के नए तरीके सिखाए और उन्हें अपनी क्रिएटिविटी खुलकर दिखाने के लिए प्रेरित किया। इस इवेंट की खास बात यह थी कि ब्रांड वर्स की क्रिएटिव हेड और मुख्य अतिथि प्रज्ञा मल्होत्रा ने जिन बच्चों ने सबसे अच्छे टी-शर्ट और कैप डिजाइन किए, उन्हें गिफ्ट हैंपर्स देकर सम्मानित किया।

### ब्राउन शुगर,गांजा और शराब के अवैध कारोबार को रोकने की मांग, पानी-बिजली की आपूर्ति व ट्राफिक कुव्यवस्था सुधारने की दी सलाह

# भाजपा चली जन समस्याओं को उठाने, डीसी से भेंट कर सौंपी समस्याओं की फेहरिश्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



डीसी को मांग पत्र सौंपते भाजपा महानगरअध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश कमेटी के सदस्य डा जटाशंकर पांडेय, बबुआ सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पार्टी नेताओं ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने व्याप्त जन समस्याओं पर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में जमशेदपुर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की कई गंभीर समस्याओं का बिंदुवार उल्लेख किया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, रेणु शर्मा, महामंत्री संजीव सिंह, अनिल मोदी, कार्यालय मंत्री सुबोध झा, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, भाजयुमो अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, साकची पूर्वी मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय, बिस्टुपुर मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी व अन्य मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि जमशेदपुर के लगभग सभी थाना क्षेत्रों में ब्राउन शुगर, गांजा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का धड़ल्ले से अवैध कारोबार हो रहा है। इसका सेवन करने वाले युवा चोरी, चैन छिनतई, वाहन चोरी और मारपीट जैसी असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हो रहे हैं। भाजपा ने इनकी बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही, हेलमेट चेकिंग के नाम पर पुलिस द्वारा फैल रही अव्यवस्था को नियंत्रित करने और बिना परमिट चल रही बसों की जांच और सड़क किनारे बसों के पार्किंग से मानगो गोलचक्कर पर उत्पन्न ट्रैफिक अव्यवस्था पर कार्रवाई की मांग की गई। भाजपा ने बरसात से पहले मानगो, उलीडीह, आजादबस्ती, जुगसलाई, बागबेड़ा, गोविंदपुर और अन्य क्षेत्रों में नालों की सफाई और सड़कों पर फैले कचरे की सफाई को अति आवश्यक बताया, ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके। इसके अलावा, शहर के एमएनएसी, जेएनएसी, जुगसलाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के झूलते तारों, लकड़ी के खंभों के सहारे गुजर रहे तारों एवं जर्जर खंभों और खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, बागबेड़ा और घोड़ाबांधा जलापूर्ति योजनाओं को लागू करने, जुगसलाई सफीगंज में पेयजल की व्यवस्था और एमई स्कूल के पास जर्जर पानी की टंकी को हटाने की मांग की गई। मानगो और मोहरदा जलापूर्ति योजनाओं की तकनीकी समस्याओं को दूर कर स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। ज्ञापन में वृद्ध, विधवा और विकलांग पेंशन की रुकी हुई किस्तों को जल्द से जल्द लाभुकों के खातों में हस्तांतरित करने की मांग की गई। साथ ही, राशन डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाने और उचित मापदंड के अनुसार राशन उपलब्ध कराने, सड़क मरम्मत के बाद खुले छोड़ दिए गए गड्ढों को दुर्घटना का कारण बताते हुए इन पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। टाटा रायसन, टाटा ब्लूस्कोप, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टिमकेन, टिनप्लेट जैसी कंपनियों के बाहर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने और परसुडीह रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। इसके अलावा, ऑनलाइन जमीन रजिस्ट्रेशन और दाखिल-खारिज में अवैध वसूली और तहसील कार्यालय में कर्मचारियों की अनुपस्थिति की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि जमशेदपुर के नागरिक आज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जो उनके दैनिक जीवन को प्रतिदिन प्रभावित कर रही हैं। चाहे वह नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार हो, पेयजल की कमी, बिजली की जर्जर व्यवस्था, या सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हो। हमने विभिन्न मंडल अध्यक्षों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त जनसमस्याओं को संकलित कर जिला प्रशासन का ध्यान उन सभी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया है। कहा कि भाजपा की मांग है कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल सके। भाजपा जनता के मुद्दों पर संघर्ष करने से कभी पीछे नही हटेगी। इस अवसर पर जितेंद्र राय, विजय तिवारी, मिली दास, कृष्णा शर्मा काली, प्रेम झा, अखिल सिंह, मंजीत सिंह, सागर राय, नीलू मछुआ, पोरेश मुखी, रमेश बास्के, उज्वल सिंह, संजीत चौरसिया, संजय तिवारी, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय, प्रशांत पोद्दार, अजीत सिंह, बबलू गोप, पवन सिंह, सूरज सिंह, आनंद कुमार, अमित मिश्रा, विकास शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# 22 किसानों के बीच रेशम किट सामग्री का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बारीडीह व जामटोली के किसान रेशम टूल सामग्री के साथ।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित तसर भवन में भवन में हस्तकरघा रेशम हस्तशिल्प निदेशालय के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय अग्र परियोजना बेड़ो के द्वारा दो समूहों बारीडीह व हरिहरपुर जामटोली के 22 महिला व पुरुष किसानों के बीच रेशम किट पालन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर पलामू क्षेत्र के सहायक उधोग निदेशक आलोक कुमार ने कहा झारखंड की जलवायु और मिट्टी रेशम उत्पादन, विशेषकर मलबरी और तसर रेशम के लिए उपयुक्त है। सरकार की यह पहल किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा आय का एक अतिरिक्त और आकर्षक स्त्रोत प्रदान करने के लिए है। उन्होंने बताया कि रेशम कीट पालन एक कम लागत वाला व्यवसाय है। जिसे घर की महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं। जिससे महिला सशक्तीकरण को भी बल मिलेगा। अग्र परियोजना पदाधिकारी सोनी कुमारी ने बताया कि इस योजना के तहत न केवल मुफ्त सामग्री प्रदान की जा रही है, बल्कि किसानों को रेशम कीट पालन का वैज्ञानिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण में शहतूत की खेती, कीटों की देखभाल, कोकून का उत्पादन और प्रसंस्करण की संपूर्ण जानकारी शामिल होगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार झारक्राफ्ट जैसे संगठनों के माध्यम से उत्पादित रेशम को बाजार उपलब्ध कराने में भी सहायता करेगी।

जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो समाज सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि टूल किट वितरण से आर्थिक और सामाजिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं रेशम किट पालन समूह के चरवा उरांव ने कहा कि कृषि में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। गांव से पलायन की समस्या दूर करने के लिए गांवों को सुविधा संपन्न बनाना होगा। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर धनंजय कुमार, प्रोजेक्ट असिटेंट मोहित महतो, परमेश्वर उरांव,जेई सुनील कुमार गोस्वामी, ग्राम प्रधान राम प्रसाद,12 पड़हा राजा विशाल उरांव, उप मुखिया जसमनी, महाकाल लोहरा, अभिराम उरांव, जोसेफ लकड़ा व गोयंदी उराईंन समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 120 वर्ष की आयु में पत्रकार की दादी का हुआ निधन



**अनगड़ा।** हेसल मासू गांव निवासी और पत्रकार बबलू मुस्ताक की दादी कूलसूम खातुन का शुक्रवार को 120 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह स्वस्थ्य थी रात में हल्का दस्त हुआ था। तीन बजे दिन में चलते फिरते उसकी मृत्यु हो गई। वह ब्रिटीश शासन काल के बारे में सब कुछ जानती और बताती थी। हेसल कब्रिस्तान में उसे सुपूर्दे खाक कर दिया गया।

## विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन महुआजाड़ी में किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा मांडर ब्लॉक के महुआजाड़ी पंचायत भवन में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी डिपूटी चीफ, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी सुमन ठाकुर, पुनम देवी, सोनी कुमारी, मो. शामी अंसारी, तालीब अंसारी, कलीन्द्र गोप, विधि के छात्र-छात्राएं, अनन्नया राज, स्नेहाप्रिया एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा व डालसा के कार्यरत पीएलवी ने माण्डर ब्लॉक के महुआजाड़ी पंचायत भवन में लोगों को डायन बिसाही, बाल श्रम और बाल विवाह पर जागरूक किया गया। इस दौरान राजेश कुमार सिन्हा ने साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बेघर, निराश्रृत अनाथ बच्चे जो समाज के मुख्यधारा से अलग हो गये उन्हें चिन्हित कर उनके अधिकारों जैसे शिक्षा संबंधी, स्वास्थ्य संबंधी, रहने का अधिकार दिलाने का काम के विषय में जानकारी दी।

डालसा के पीएलवी सुमन ठाकुर और पम्मी देवी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी। पीएलवी शामी अंसारी ने उपस्थित लोगों से उनके शिकायत का आवेदन लिया।

## दुष्कर्म के आरोपी की बांध कर जमकर पिटाई

**चान्हो।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि मुरतो गांव के किसी घर में गुरुवार को शादी समारोह था और शुक्रवार को पार्टी थी। इस पार्टी में गांव का ही 25 वर्षीय कर्मदेव उरांव भी शामिल था। वह 4 वर्षीय मासूम को बहला फुसलाकर गांव से थोड़ी दूर बगीचे में ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची के परिजनों के अनुसार उनकी बच्ची रोते हुए घर आई और घटना की जानकारी घरवालों को दी, वह खून से लथपथ थी। बच्ची की स्थिति देख उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने आरोपी को अखरा स्थल पर ले जाकर बांध दिया और उसकी जमकर पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने ही चान्हो पुलिस गांव पहुंची और आरोपी को अपने साथ थाने ले आई।

## महिला के साथ दुष्कर्म का मामला

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के मलार गांव की रहने वाली मानसिक रूप से विक्षिप्त एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई गई है। पीड़िता की बेटी ने इटकी थाना में आरोपी गांव के ही बंधना लकड़ा (35) पिता गणेश लकड़ा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्षिप्त महिला अपने घर पर अकेली थी। इसी बीच आरोपी युवक मौका पाकर विक्षिप्त महिला के घर पहुंचा और पीड़िता के घर पर ही इस घृणित अपराध को अंजाम दिया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी बंधना लकड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। उसे शनिवार को जेल भेजा जायेगा।

## एक युवक का शव बरामद

**इटकी।** रांची गुमला मार्ग पर इटकी थाना क्षेत्र के इटकी मोड़ स्थित रागिनी पेट्रोल पम्प से करीब 200 मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान विशाल सिंह (30) पिता विकाश सिंह के रूप में की गई है। मृतक प्रोफेसर कॉलोनी लालपुर रांची का निवासी बताया गया है। सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस मामले में मृतक के पिता विकास सिंह ने मृतक के ससुर मनोज सिंह एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने ससुराल बेड़ो में रहता था। पुलिस माले की छान-बीन कर रही है।

## मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने अवैध कोयला लदे हाइवा को पकड़ा, चालक को भेजा जेल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के तरफ से बीते कई महीनों से चलने वाली अवैध कोयले के कारोबार पर आखिर पुलिस ने कसा शिकंजा। खलारी डीएसपी व वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बीते कई महीने से चल रहे अवैध कोयले के कारोबार पर पुलिस का डंडा चला। थाना क्षेत्र से चल रहे दो कोयला लदा हाइवा को जप्त किया गया। बताया जाता है कि बालूमाथ के तरफ से दो हाइवा में अवैध कोयला लदा हुआ मैक्लुस्कीगंज की ओर से अग्रतर भेजा जा रहा था। इसी दौरान वरीय अधिकारी के निर्देश पर मैक्लुस्कीगंज पुलिस दोनों हाइवा जेएच 02बीआर 9715 व जेएच 02बीएस 4768 रात्रि गश्ती के दौरान रोक कर पूछताछ किया गया। जिसके बाद चालक ने कोई कोयला का कागजात नही दे पाया। जिसके बाद दोनों चालक को गिरफ्तार व हाइवा को जप्त किया गया।

# बेरोजगार युवकों से करोड़ों का ठगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिठोरिया।** बिजनेस और तरक्की का सब्ज बाग दिखाकर बेरोजगार युवकों से करोड़ों रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार एक भुक्त भोगी सरफराज अंसारी ने पिठोरिया थाना में एक ठगी का मामला दर्ज किया है। दर्ज मामले के अनुसार नजरे आलम नामक युवक ने दर्जनों बेरोजगार युवकों से बिजनेस करने एवं मोटी मुनाफा की रकम देने की लालच देकर रुपए ठग लिया है।

आरोपी ने सर्वप्रथम 13 जनवरी 2024 को दो लाख पच्चीस हजार रूपए (2,25,000) प्रति पीड़ितों से ले लिया साथ ही बिजनेस में इन रूपयो को लगाकर इसका मोटा मुनाफा युवको को देने का लालच देकर दोनों पक्षों के बीच एकरारनामा भी हुआ। बीच में पीड़ितों को मुनाफे के नाम पर कई बार चेक भी दिए गए पर सभी चेक बाउंस करता गया। पीड़ितों ने तंग आकर जब अपना मुनाफा और मूलधन की मांग करने लगे तो आरोपी पीड़ित बेरोजगारों को जान से मरवाने की धमकी भी देने लगा तब अंत में भुक्त भोगियों ने पिठोरिया थाने में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी और पैसे की वापसी करने की मांग प्रशासन से की है।

गौरतलब है कि पीड़ितों ने आरटीजीएस द्वारा भी पैसे का भुगतान किया गया है इस मामले में सरफराज अंसारी के साथ-साथ रुद्र कच्छप, अतीक अहमद महावीर मुंडा ,गुल मोहम्मद अंसारी के साथ अन्य दर्जनों लोग शामिल है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नजरे आलम आइडियल फाउंडेशन नामक संस्था भी चलाता है और इसी संस्था के खाते का प्रयोग कर वह बेरोजगार युवकों को आसानी से अपने झांसे में फंसा लेता है। पिठोरिया पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने संबंध में बताया कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा।

## निर्जला एकादशी पर सुरभि शाखा ने सुराही और फल बांटकर किया जन सेवा

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जन सेवा के अंतर्गत निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को साकची गोल चक्कर आई हॉस्पिटल के पास जरूरतमंद लोगों के बीच 51 सुराही,150 किलो आम एवं शीतल शरबत का वितरण किया गया। साथ ही साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित श्री महालक्ष्मी दादी मंदिर के सामने 200 पौधे का वितरण किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम में गंगा मिशन संस्था का भी सहयोग रहा।

# जमीन विवाद में मारपीट से आधा दर्जन व्यक्ति घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा पंचायत स्थित मलार टोला में दो भाइयों के बीच जमीन विवाद में एक पक्ष को लाठी, टांगी, कोड़ी से मारकर घायल कर दिया। घटना सुबह लगभग 6 बजे का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार बिट्टू मलार (32 वर्ष) व घर वालो ने अपने जमीन पर बाउंड्री का निर्माण करने का कार्य कर रहे थे। यह देख दूसरा भाई व उसका बेटा, बेटी सहित सगे संबधियों ने बिना बात किये लाठी, रॉड, कोड़ी, टांगी से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से बिट्टू मलार सर फोड़ दिया गया,जीतराम मलार आंख फोड़ दिया गया, रामकिशुन मलार को काटी लगा पटरा से मारा,वही गर्भवती तर्गनि देवी को भी माथा फोड़ दिया। भुक्तभोगी विट्ठू मलार ने बताया कि मारने वाला मेरे चाचा वीनू मलार है,वे अपना जमीन का हिस्सा को कब्जा कर बाउंड्री घेर लिए है। उसके बाउजूद भी मेरे हिस्सा का जमीन में जबरन कब्जा करना चाहता है। कई बार पंच में भी सलाह होने के बाद हम अपना हिस्सा के जमीन पर बाउंड्री घेर रहे थे। तभी अचानक से वार दिया। जिसके बाद मैक्लुस्कीगंज थाना में मेरे व मेरे परिवार वालो के साथ मारपीट करने वालो में वीनू मलार, सूरज मलार, छोटू मलार, मोंगल मलार, बाबुलाल मलार, कल्लू मलार, धुनि देवी, बालेश्वर मलार, अनु मलार, सुबन्ति देवी, राजेश मलार के खिलाफ शिकायत दर्ज किया गया है। घटना के बाद पुलिस अभी तक कोई पुलिसिया करवाई नही किया गया।

### ईद उल अजहा का त्योहार कल, तैयारियां पूरी

# संवेदनशील स्थानों में रहेगी पुलिस की पैनी नजर

- मस्जिदों में होगी नमाज
- सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड में तीन दिनी बकरीद शनिवार की सुबह शुरू होगी। कन्नौज, परहेपाट, पुरियो, हुरहुरी, काठीटांड़, बड़काटोली, आमटांड़, पिर्रा, फुटकलटोली, सिमलिया, अलकमर कॉलोनी, अगड़ू, भोंडा, बिजुलिया, चापाटोली, चितरकोटा बड़काटोली, पाली, तिगरा, हिंसरी, बाजपुर व गड़री में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। यह जानकारी थानेदार आरएन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रधासन की ओर से संवेदनशील गांवों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। हुरहुरी, पाली, ईदगाह टंगरा व सिमलिया में पुलिस की पैनी निगाह रहेगी।

### खुले जगह में न करें कुबार्नी



अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी ने बयान जारी कर इस्लाम धर्मावलंबियों से खुली जगहों में कुबार्नी नहीं करने, फोटोग्राफी पर अंकुश लगाने और दूसरे समुदाय के लोगों की भावना को ठेस न पहुंचाते हुये त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। श्री अंसारी ने जानकारी दी कि ईदगाह और मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे तक अदा कर ली जायेगी।

# पुलिस की पहल पर हुई प्रेमी-युगल की शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना पुलिस की पहल पर व ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति में शुक्रवार को एक प्रेमी-युगल का आदर्श विवाह कराया गया। विवाह गेतलसूद शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। मौके पर आशीर्वाद देने के लिए दोनों पक्षों के परिजनों के अलावा भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, कांग्रेस नेता शिवनारायण मुंडा, जोन्हा के पंसस दिलीप बेदिया आदि उपस्थित थे। जैलेन्द्र कुमार ने प्रेमी-युगल को आशीर्वाद देते हुए सुखमय भविस्य की कामना किया। बताया जाता है कि सिकिदिरी थाना क्षेत्र के दुबलाबेड़ा की मोनिका कुमारी का प्रेम-संबंध पिछले दो सालों से अनगड़ा थाना क्षेत्र के बुढ़ाकोचा निवासी सुरेश बेदिया के साथ चल रहा था। इसी बीच प्रेमिका गर्भवती हो गई। प्रेमी सुरेश हैदराबाद में काम करता था। प्रेमिका के गर्भवती होते ही उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इस मामले को लेकर प्रेमिका ने सिकिदिरी थाना में शिकायत की थी। थानेदार दीपक कुमार सिन्हा ने दोनों पक्षों को बुलाया। इसी बीच दो दिन पूर्व प्रेमी सुरेश प्रेमिका मोनिका को लेकर गायब हो गया और किसी निजी अस्पताल में उसका गर्भपात करा दिया। इससे मामला और बिगड़ गया। लड़की के गांव वालों ने गर्भपात कराने का विरोध किया।

सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक रूप से समझौता नही हुआ तो केस कर प्रेमी को जेल भेजेंगे। इसपर प्रेमी का परिवार शादी करने को तैयार हो गया। आनन-फानन में शुक्रवार को गेतलसूद शिव मंदिर में प्रेमी-युगल की शादी करा दी गई।

# राहुल ने शतक जड़कर इंग्लैंड में मचाया धमाल

एजेंसी

**नॉर्थम्पटन।** सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन शतक जड़ दिया है। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने भी भारत ए के लिए खेलते हुए पचासा जड़ दिया है। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी है। भारत ए का स्कोर पहली पारी में 250 रन के करीब पहुंच गया है। चायकाल तक राहुल और जुरेल ने इंग्लैंड लायंस को सफलता हासिल नहीं करने दी थी। टी ब्रेक के बाद पहले राहुल ने शतक पूरा किया और फिर जुरेल ने अर्धशतक लगाया। इंग्लैंड लायंस ने भारत ए को शुरूआती झटके दिए थे, लेकिन राहुल ने पहले करुण नायर और अब जुरेल के साथ मिलकर पारी को संभाला। इंग्लैंड लायंस के लिए तीनों विकेट क्रिस वोक्स ने ही लिए हैं। इससे पहले, इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ए को यशस्वी जायसवाल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में शुरूआती झटके लगे। इसके बाद करुण और राहुल ने भारत ए की पारी को संभाला। केएल राहुल और नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई जिसे क्रिस वोक्स ने नायर को आउट कर तोड़ा। वोक्स ने नायर को एलबीडब्ल्यू आउट किया जो अर्धशतक लगाने के चूक



गए। नायर 71 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। राहुल और नायर की सधी हुई बल्लेबाजी से भारत ने लंच ब्रेक तक दो विकेट पर 75 रन बनाए थे। दूसरे सत्र में वोक्स एक बार फिर सफलता हासिल करने में सफल रहे और उन्होंने राहुल और नायर के बीच पनप रही साझेदारी को तोड़ा। वहीं, लंच से पहले बारिश के कारण भी खेल को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा था। भारत के लिए इस मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल पारी का आगाज करने उतरे। यशस्वी इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन क्रिस वोक्स की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट होकर पवेलियन लौट गए। भारत ने इस तरह 28 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन में इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच फर्स्ट क्लास मैच खेला जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय ए टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए आई। इस मैच में केएल राहुल भी खेल रहे हैं। राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर पारी की शुरूआत करने के लिए मैदान पर आए।

### राहुल का इंग्लैंड में जमकर गरजा बल्ला, ठोका शतक

राहुल ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार बल्लेबाजी का नमूना पेश किया. उन्होंने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों के खिलाफ अर्धशतक ठोका. राहुल ने 102 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किए। इसके बाद राहुल ने 151 बॉल में अपने 100 रन पूरे कर शतक जड़ दिया। इस समय तक राहुल क्रीज पर नाबाद बने हुए हैं। उन्होंने शुरूआत दो विकेट जल्दी गिरने के बाद करुण नायर के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 बॉल में 86 रनों की साझेदारी भी निभाई।

### ध्रुव जुरेल ने लगाया अर्धशतक

इस मैच में करुण नायर भी अच्छी लय में नजर आए लेकिन वो अर्धशतक लगाने से चूक गये। नायर ने 71 गेंदों का सामना किया और 4 चौकों की मदद से 40 रनों की पारी खेली। उन्हें क्रिस वोक्स ने एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन की राह दिखाई। तो वहीं ध्रुव जुरेल ने 70 बॉल में 7 चौकों की मदद से 50 रन पूरे कर अर्धशतक लगाया। इंडिया ए ने अब तक 77 ओवर में 309 रन पर 6 विकेट गंवाए हैं।

### क्रिस वोक्स ने चटकाए 3 विकेट

भारत के तीनो विकेट क्रिस वोक्स ने हासिल किए हैं। वोक्स अब तक 17 ओवर में 50 रन देकर 3 विकेट झटक चुके हैं। उन्होंने यशस्वी जायवसाल को 17 और अभिमन्यु ईश्वरन को 11 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया। क्रिस वोक्स इंग्लैंड की टीम का हिस्सा है जो भारत के साथ 5 मैचों की सीरीज खेलने वाली है। ऐसे में वो भारत के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं।

# चवला ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये उन्होंने इसकी घोषणा की। पीयूष 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने भारत के लिए पिछला मैच 2012 में खेला था। हालांकि, पीयूष को 2007 टी20 विश्व कप में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। पीयूष ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'कृतज्ञता के साथ इस अध्याय को अंत कर रहा हूं!! खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। इस खूबसूरत यात्रा में आपके समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। पीयूष ने अपने पोस्ट में टीम इंडिया और आइपीएल की जर्सी में कई तस्वीरें भी साझा की हैं।

### आइपीएल फ्रेंचाइजियों को दिया धन्यवाद

पीयूष ने लंबे से नोट को शेयर करते हुए लिखा, 'मैदान पर दो दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद, अब इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी। आइपीएल की उन फ्रेंचाइजियों को दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया-पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस। आईपीएल मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल को संजोया है।

### पीयूष चावला का करियर



पीयूष ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। उन्होंने अपना पहला मैच 2006 में मोहाली में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के रूप में खेला था। इसके बाद उन्होंने 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे डेब्यू और 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था। पीयूष ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ, आखिरी वनडे 2011 में नीदरलैंड के खिलाफ और आखिरी टी20 मैच इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में वानखेड़े में खेला था। इसके बाद वह कभी टीम इंडिया में जगह नहीं बना सके। हालांकि, उन्होंने आइपीएल खेलना जारी रखा और वह इस लीग के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक हैं। पीयूष ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 मैच खेले। टेस्ट में उनके नाम सात विकेट, वनडे में 32 विकेट और टी20 में चार विकेट हैं। आइपीएल में उन्होंने 192 मैचों में 192 विकेट लिए। वह पिछले साल मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा रहे थे। हालांकि, मेगा ऑक्शन से पहले उन्हें रिलीज किया गया और नीलामी में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा। इसके बाद वह इस आईपीएल में कमेंट्री टीम का भी हिस्सा रहे।

## बर्मिंघम और ओवल है सबसे कठिन, बुमराह को इन्हीं मैदानों पर उतारो : आकाश चोपड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सीमित उपयोग पर अपनी राय दी। भारत को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की हाई-प्रोफाइल सीरीज खेलनी है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने हाल ही में घोषणा की थी कि बुमराह को लगातार टेस्ट मैचों में नहीं खिलाया जाएगा, क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन के कारण वर्कलोड मैनेजमेंट जरूरी है। यह समस्या जनवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान सामने आई थी। बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे और हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए वापसी की थी। आकाश चोपड़ा ने सुझाव दिया कि बुमराह का उपयोग कठिन



परिस्थितियों में करना चाहिए, खासकर बर्मिंघम और द ओवल (दूसरा और 5वां टेस्ट) में, जहां भारत को अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत होगी। चोपड़ा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में बुमराह को खेलाना आकर्षक होगा, क्योंकि मुश्किल हालात में आप अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चाहते हैं। जैसे बल्लेबाजी में आप विराट कोहली को मुश्किल रन चेज में चाहते हैं, वैसे ही गेंदबाजी में बुमराह को मुश्किल परिस्थितियों में। बर्मिंघम और द ओवल में पिचें सपाट होती हैं और वहां अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत होगी।

## न्यूजीलैंड ने वाल्टर को मुख्य कोच किया नियुक्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने को रॉब वाल्टर को राष्ट्रीय पुरुष टीम के तीनों प्रारूपों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है। जून के मध्य से कार्यभार ग्रहण करने वाले वाल्टर को गैरी स्टीड के जाने के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जुलाई में उनके साथ टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जायेगी। उनका अनुबंध 2028 के आखिर में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में होने वाले आइसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप तक चलेगा।

## टी20 मुंबई लीग : अय्यर ने सूर्यकुमार की टीम को हराया

**मुंबई।** भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को 4 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नाइट्स की शुरूआत बेहद खराब रही जिसमें सूर्यकुमार यादव भी महज एक रन बनाकर कार्तिक मिश्रा का शिकार बन गए। सलामी बल्लेबाज सिद्धांत अधतराव ने एक छोर संभलते हुए अर्धशतकीय पारी खेली।

# मेरे टेस्ट संन्यास से सबसे ज्यादा पिता दुखी : रोहित

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ओपनर रोहित शर्मा ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद अपने पिता की प्रतिक्रिया का खुलासा किया। 38 वर्षीय रोहित ने बताया कि उनके पिता गुरुनाथ शर्मा उनके इस फैसले से निराश थे, क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट के प्रशंसक हैं और उन्हें न्यू-एज क्रिकेट पसंद नहीं है। रोहित ने मई 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, जिसके बाद शुभमन गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से शुरू होगी। मुंबई में पूजा पुजारा की किताब डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ के लॉन्च के दौरान रोहित ने बताया कि उनके पिता, जो एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे, ने परिवार के लिए कई त्याग किए। रोहित ने कहा कि मेरे पिता शुरू से ही टेस्ट



क्रिकेट के दीवाने रहे हैं। उन्हें यह न्यू-एज क्रिकेट पसंद नहीं है। रोहित ने हाल ही में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खराब फॉर्म का सामना किया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया था। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट से पहले संन्यास का कोई इरादा नहीं था। रोहित ने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 264 रनों की रिकॉर्ड तोड़ पारी की याद ताजा की, जो आज भी वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने इस उपलब्धि पर केवल वेल प्लेड कहकर शांत प्रतिक्रिया दी थी। रोहित ने कहा कि जब मैं टेस्ट में 30, 40, 50 या 60 रन बनाता था, तब मेरे पिता उस पारी के बारे में विस्तार से बात करते थे। वह टेस्ट क्रिकेट को बहुत प्यार करते हैं। रोहित ने खुलासा किया कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा पर उनके पिता निराश हुए, लेकिन साथ ही उनकी उपलब्धियों पर गर्व भी था। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने मुझे रेड-बॉल क्रिकेट खेलते हुए देखा है। वह टेस्ट क्रिकेट की बहुत कद्र करते हैं। मेरे संन्यास की घोषणा पर वह थोड़े निराश थे, लेकिन खुश भी थे। उनके बिना मैं आज यहां नहीं होता। रोहित ने 67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाये, जिसमें 12 शतक शामिल हैं। उन्होंने 24 टेस्ट में भारत की कप्तानी की, जिसमें 12 जीत और 9 हार मिली।

## नीरज पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नयी दिल्ली।** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चालीटीं में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था।

## उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया

**नयी दिल्ली।** उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार पुरुष विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार इसमें अपनी जगह पक्की की। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वत: क्वालिफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था।ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप मे अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए।वहीं, चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया।

# सात्विक-चिराग का सफर हुआ समाप्त

एजेंसी

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी का सफर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी को मलयेशियाई की मान वेई चोंग और ति काई वुन की जोड़ी के खिलाफ शुक्रवार को हार का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी 2023 में इस टूर्नामेंट की विजेता बनी थी। टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त सात्विक-चिराग की जोड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। ये चोंग-वुन की जोड़ी की सात्विक-चिराग के खिलाफ पिछले पांच मैचों में पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ ही इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा। मान-वुन ने पिछले महीने मलयेशिया मास्टर्स और जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स जीता था। पहले गेम में सात्विक ने दो शॉट नेट पर मारे, जिससे मलयेशियाई टीम 9-7 से आगे हो गई। इंटरवल तक वे 11-9 से आगे थे। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद थोड़ा आक्रामक खेल दिखाया और 11-11 से बराबरी कर ली, लेकिन मान और वुन ने 15-12 की बढ़त हासिल कर ली। मलयेशियाई खिलाड़ियों ने दो बार नेट पर शॉट मारा, जिसके बाद भारतीयों ने वापसी करते हुए 17-17 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। सात्विक ने नेट पर फिर से चूक की और मलयेशियाई टीम को गेम प्वाइंट दे दिया।

### दूसरे गेम में अच्छी नहीं रही शुरूआत



दूसरे गेम में भी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और वह एक समय 3-7 से पीछे चल रही थी। मलयेशियाई टीम ने इसके बाद भी अच्छा खेल दिखाया तथा दोनों टीम के बीच अंतर को 15-9 कर दिया। भारतीय जोड़ी हालांकि आसानी से हार मानने के लिए तैयार नहीं थी और उन्होंने जल्द ही स्कोर 16-18 कर दिया। मलयेशिया की टीम ने हालांकि इसके बाद चार मैच प्वाइंट हासिल किए और बिना किसी परेशानी के जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## तेंदुलकर का इंतजार और भी लंबा था : सहवाग

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली का आइपीएल ट्रॉफी के लिए लंबा इंतजार मंगलवार रात को खत्म हुआ जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। आरसीबी के स्टार खिलाड़ी 2008 में लीग की शुरूआत से सिर्फ आरसीबी जुड़े हैं और खिताब का सूखा खत्म करने में उन्हें 18 साल लग गए। लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि तेंदुलकर का विश्व कप ट्रॉफी जीतने का इंतजार और भी लंबा था और फिर भी उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई। सहवाग ने कहा, उन्होंने (कोहली ने) ट्रॉफी जीतने के लिए केवल 18 साल इंतजार किया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2011 तक इंतजार किया। इसलिए, कोहली को कम इंतजार करना पड़ा और फिर भी सचिन ने कभी उम्मीद नहीं खोई। उन्होंने मन बना लिया था कि वह विश्व कप ट्रॉफी को अपने हाथ में लेकर ही रहेंगे।

# डी गुकेश की चौथी क्लासिकल जीत

## वेई यी को हराकर गुकेश नॉर्वे शतरंज के अंतिम दौर में

एजेंसी

**स्टवान्गर, (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर के मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश डी ने चीन के वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के खिताबी दौर में जगह बना ली है। नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर में भारत के गुकेश डी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के नंबर वन वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के अंतिम दौर में प्रवेश कर लिया है। गुकेश ने वेई यी की एक महत्वपूर्ण शुरूआती गलती का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की। तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश डी ने मुकाबले को जीतकर गेम में पूरे अंक हासिल किये। गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि कार्लसन उनसे आधा अंक आगे है। वहीं एक अन्य मैच में दुनिया के नंबर वन मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के फैबियानो कारुआना का मुकाबला हुआ। मुकाबले में एक समय ऐसा लगा रहा था कि कार्लसन हार जायेंगे, लेकिन उन्होंने हराने की स्थिति से वापसी करते हुए कारुआना को हराकर पूरे अंक हासिल किये। हिकारू नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच का खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। हिकारू नाकामुरा ने आर्मगेडन गेम में जीत हासिल की और महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक प्राप्त किये।

### आखिरी दौर में गुकेश के सामने कारूआना



अब केवल एक दौर बचा है, शतरंज की दुनिया में उत्सुकता का माहौल है। टूर्नामेंट के आखिरी दौर में डी गुकेश का सामना जहां फैबियानो कारूआना से होगा, वहीं मैग्नन कार्लसन के सामने निर्णायक 10वें राउंड में एक अन्य भारतीय अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे। यदि गत चैंपियन कार्लसन जीतते हैं तो यह 2016 से अब तक उनका 7वां नॉर्वे चेस टाइटल होगा, जबकि गुकेश यहां दो मुकाबलों में अपनी पहली जीत की उम्मीद कर रहे होंगे। अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने अर्जुन एरिगैसी को आमार्गेडन टाई ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी अर्जुन ऐरिगैसी के 11.5 अंक हैं।

# अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में चिली को 1-0 से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 के क्वालीफाई मुकाबले में अर्जेंटीना ने चिली को 1-0 से हराकर तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला गुरुवार को सैंटियागो में खेला गया। अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल जूलियन अल्वारेज ने 23वें मिनट में किया। अर्जेंटीना और चिली के बीच फुटबॉल में लंबे समय से जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता रही है, जिसमें 1942 की दक्षिण अमेरिकी चैंपियनशिप से लेकर 2016 कोपा अमेरिका फाइनल तक के मुकाबले शामिल हैं। उस फाइनल में हार के बाद लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा कर दी थी, हालांकि बाद में वे दोबारा खेल में लौट आए थे। इस मुकाबले में अर्जेंटीना पहले ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका था, इसलिए कप्तान मेसी को शुरूआती ग्यारह खिलाड़ियों में शामिल नहीं किया गया। टीम ने युवा खिलाड़ियों निको पाज, जूलियन अल्वारेज और जियोवानी सिमीओने के साथ शुरूआत की। हालांकि, मैच की पहली वास्तविक कोशिश चिली ने की, जब तीसरे




ही मिनट में एलेक्सिस सांचेज ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने शानदार बचाव करते हुए रोक लिया। इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल पर नियंत्रण बना लिया और पहले हाफ में चिली को कोई खास मौका नहीं दिया। 13 मिनट बाद थियागो आल्माडा ने एक शानदार पास दिया, जिसे अल्वारेज ने चिप शॉट से गोल में तब्दील कर दिया।

गेंद गोलपोस्ट से लगकर भीतर चली गई। दूसरे हाफ में चिली ने वापसी की कोशिश की और 60वें मिनट के बाद तीन बार गोल करने की कोशिश की, लेकिन अर्जेंटीना की मजबूत रक्षा और गोलकीपर मार्टिनेज की फुर्ती ने उसे बराबरी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग अंक तालिका में अपराजेय बढ़त बना ली है, जबकि चिली सबसे नीचे है और उसकी विश्व कप में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। अब अर्जेंटीना 10 जून को कोलंबिया से भिड़ेगा, जबकि चिली का सामना उसी दिन बोलिविया से होगा। 2026 विश्व कप के लिए शीर्ष छह टीमें सीधा प्रवेश पाएंगी।

## अल्काराज फ्रेंच ओपन के फाइनल में

**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के चोटिल लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना फ्रेंच ओपन पुरुष एकल के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गये मुकाबल में अल्काराज ने पहला सेट गंवा दिया था, लेकिन इसके बाद वह 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। इसी दौरान इटली के मुसेट्टी ने जांघ की चोट के कारण खेल छोड़ दिया।



# पुलिस की छापामारी में चोरी की 11 बाइक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो शहरी क्षेत्र में बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए गए छापामारी अभियान के तहत बोकारो पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की 11 बाइक बरामद की। दरअसल बोकारो के शहरी क्षेत्र में निरंतर बाइक चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक बोकारो नगर के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर निरन्तर छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 05 जून को पुलिस अधीक्षक को यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बाइक चोर शहर में रेकी कर रहे हैं और बाइक चोरी करने की फिराक में है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक ने विशेष छापामारी दल को दी। उक्त सूचना पर छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप में शामिल एक बालक को पकड़कर उसकी निशानदेही पर बोकारो शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी गई कुल 11 मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में पश्चिम बंगाल के कोटशिला निवासी शिवा कुमार तथा पाण्डु मुण्डा के नाम शामिल हैं।

## पुलिसकर्मियों ने किया मॉक ड्रिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा इस दौरान लेकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने को लेकर बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस केन्द्र में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक-नगर परिचारी प्रवर-1 परिचारी प्रवर-2 एवं जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा जवान सम्मिलित रहे।

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस के जवानों को किसी भी आपातकाल से निपटने की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही जवानों को दंगा विरोधी हालात पर काबू करने के भी गुर सिखाये गये।

### बीएसएल में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह का
## समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अंतर्गत आयोजित सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स सेक्टर-5 के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष की वैश्विक थीम-प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के अनुरूप बीएसएल ने अपनी सशक्त प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए विविध रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किया। समारोह में बीएसएल के सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता सीजीएम- पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी डीके सक्सेना बोकारो चैप्टर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के चेयरमैन बीके प्रसाद सचिव हरिहर राउत विभाग की जीएम प्रीति झा डीजीएम उमेश कुमार सिंह एजीएम नितेश रंजन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बोकारोवासी उपस्थित थे। सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण चित्रकला प्रतियोगिता अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशालाएं प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूकता रैली निबंध लेखन पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज जैसी अनेक प्रेरक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें अधिकारी कर्मचारी एवं बोकारोवासी शामिल हुए। वक्ताओं ने पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने व प्रकृति-संवेदी जीवनशैली अपनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी को समय की आवश्यकता बताया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एजीएम तरुण श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के सचिव हरिहर राउत द्वारा किया गया।

## निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर अंकुश हेतु कार्यशाला आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग रोकने को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह- कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा ने की। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता राज्य समन्वयक के प्रतिनिधि डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर एसएलसीए सुशील कुमार डीपीआरओ रवि कुमार पुलिस निरीक्षक रूपेश कुमार साइकेट्रिस्ट डॉ प्रशांत मिश्रा आदि उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त श्री झा ने कार्यशाला को काफी महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों से इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम काफी दूरगामी हैं क्योंकि यह हमारे बच्चों व युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारी टीम बनाकर लगातार जिले में छापेमारी अभियान चलाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि अगर बच्चे -राष्ट्र के भविष्य मादक पदार्थों का सेवन करेंगे तो उनका व्यक्तित्व खोखला हो जाएगा। इसके दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने उपस्थित सभी को शपथ दिलायी। कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा हैं तथा युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है। कहा कि हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय परिवार मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त कराएंगे। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रखंड स्तरीय सभी सीडीपीओ/महिला पर्यवेक्षिकाओं विभिन्न निजी संस्थाओं विभिन्न विभागों के कर्मियों को विशेषज्ञों द्वारा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह सभी आगे प्रखंड-पंचायत स्तर पर अन्य लोगों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग रोकने को लेकर जागरूक करेंगे। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका जरीडीह पुष्पा सिंह सीडीपीओ पेटरवार चंदा रानी अमर संस्कार कल्याण केंद्र के सचिव रवीश कुमार समेत सभी सीडीपीओ/सभी महिला पर्यवेक्षिका विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## अखंड हरिकीर्तन से आस्था बढ़ने के साथ समाज में समरसता कायम रहती है : बबिता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के हिसीम गांव के हरिमंदिर स्थान में विधि विधान के साथ 72 घण्टे का अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ शुक्रवार को सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबिता देवी के द्वारा किया गया। इस दौरान सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्म पत्नी सह पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि अखंड हरि कीर्तन से न सिर्फ आस्था बढ़ती है बल्कि समाज मे आपसी समरसता कायम रहती है और लोगो के मन को शांति एव आध्यात्मिक चेतना भी जगती है। उन्होंने इस पूजा के माध्यम से गांव समाज में सुख समृद्धि व अमन चैन की कामना किया। कहा कि अखंड हरि कीर्तन से पूरे गांव सहित आसपास के इलाके में भक्ति का संचार होता है। इस तरह की धार्मिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए ताकि लोगो में आस्था बढ़ने के साथ साथ समाज की एकता बना रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव समाज के सुख समृद्धि के लिये ग्रामवासियों के सहयोग से हर साल अखंड हरि कीर्तन का आयोजन सालों से होते आ रहा है। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम पंसस जगेश्वर मूर्मू आनंद महतो राजेश टूड्डू केदार महतो लालदेव महतो फनीद्र नाथ मुंडा जानकी महतो कुलदीप करमाली अनीश जायसवाल झरी महतो प्रमोद कुमार कमलेश कुमार महतो विमलेश कुमार महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ललमटिया गोलीकांड में सम्मिलित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

### झारखंड के गोड्डा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /ललमटिया।** राजमहल परियोजना (इसीएल) ललमटिया क्षेत्र अन्तर्गत ओसीपी के पहाड़पुर गाँव में हो रहे खनन कार्य में बाधा डालने एवं मजदुरों पर हमला करने के उद्देश्य से कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली बारी की घटना कारित कि गयी थी । इस घटना में एक एउछ कर्मी घायल हुआ था जिस संदर्भ में ललमटिया थाना कांड सं0 44/ 2025, दिनांक- 28/05/ 2025, धारा-121/ 121(1)/ 122/109/ 118(1)/ 132/ 324(4) बी०एन०एस० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। घटना का उद्भेदन करते हुए इसमे संलिप्त दो अपराधकर्मियों को दिनांक 01.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। कांड के अग्रतर अनुसंधान के क्रम में इस कांड में संलिप्त दो अन्य अप्रा० अभि० 1. बेटका टुडू, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता- स्व० बबलु टुडू, सा०- धमनी, थाना- बोआरीजोर, जिला-गोड्डा 2. अर्जुन ठाकुर, उम्र करीब 49 वर्ष, पिता स्व० गुरुचरण ठाकुर, सा) बढ़ा भोडाय, थाना- ललमटिया, जिला-गोड्डा को गिरफ्तार कर उन दोनो का स्वीकारोक्ति बयान लिया गया जिसमें उन दोनों ने भी इस कांड में अपनी सलिप्तता स्वीकार करते हुये अन्य अभियुकों कि संलिप्तता कि बात बताए है। अग्रतर पुछ-ताछ के क्रम में इन दोनों के द्वारा बताया गया कि ये सूर्यनारायण हाँसदा के नेतृत्व में घटना को अंजाम देते है। अभियुक्तों कि गिरफ्तारी के क्रम में उक्त अभियुकों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोबाईल फोन एवं एक मिसफायर जिन्दा गोली की बरामदगी कि गई है। उपरोक्त दोनो गिरफ्तार अभियुक्तों को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता

1. बेटका टुडू, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता- स्व0 बबलु टुडू, सा0- धमनी, थाना- बोआरीजोर, जिला-गोड्?डा।
2. अर्जुन ठाकुर, उम्र करीब 49 वर्ष, पिता- स्व0 गुरुचरण ठाकुर, सा0- बड़ा भोडाय, थाना- ललमटिया, जिला- गोड्डा।

बरामद सामग्रीः-1 . एक सैमसंग कम्पनी का बिना सीम लगा हुआ एंड्रॉयड मोबाईल फोन एवं एक एयलटेल का सिम खुला हुआ।
2. एक सैमसंग कम्पनी का की पैड मोबाईल फोन जिसमे दो सिम लगा हुआ।
3. एक मिसफायर जिन्दा गोली जिसके पेन्दे पर 8 एमएम केएफ लिखा हुआ।

छापामारी टीम में शामिल -
1. पु0नि0 विरेन्द्र पासवान, बोआरीजोर प्रभाग, गोड्डा।
2. पु0नि0, उपेन्द्र कुमार महतो, महागामा प्रभाग, गोड्डा।
3. पु0अ0नि0, रौशन कुमार, ललमटिया थाना प्रभीरी गोड्डा।
4. पु0 अ0नि0, प्रभाष वास, ललमटिया थाना।
5. पु0 अ0नि0 धुर्व कुमार, थाना प्रभारी, बोआरीजोर थाना।
6. पु0अ0नि0 राजन कुमार राम, थाना प्रभारी, हनवारा थाना।
7. पु0अ0नि0 शौरभ कुमार ठाकुर, थाना प्रभारी, मेहरमा थाना।
8. पु0अ0नि0 अनित माकी, थाना प्रभारी, बलबड्डा थाना।
9. पु0 अ0नि0 पंकज कुमार सिंह, थाना प्रभारी, ठाकुरगंगटी थाना।
10. पु0अ0नि0 अंकित कुमार झा. ललमटिया थाना।
11. स0अ0नि0. सुरेन्द्र कुमार यादव, ललमटिया थाना।
12. स0अ0नि0, सरोज सोरेन, ललगठिया थाना।
13 तकनिकी शाखा, गोड्डा।
14. थाना सशस्त्र बल।

## स्पीड न्यूज

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर चैम्बर ने किया पौधरोपण

**गोड्डा।** आज नगर परिषद एवं गोड्डा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने संयुक्त रूप से पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम में लोगों के बीच पर्यावरण संबंधित जागरूकता अभियान चलाया साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम भी किया ' चैम्बर अध्यक्ष प्रितम गाडिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन काल में एक पौधा लगा कर उनको संरक्षण कर के जरूर बड़ा करे, ताकि आने वाला कल हमारे लिए प्रकृति अनुकूल रहे। कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष प्रीतेश नंदन, सचिव कमरान, संयुक्त सचिव महताब आलम, बिकास टेकरीवाल, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अजित सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बेणु चौबे, समाजसेवी बच्चू झा,महिला समाजसेवी सुजाता जी एवं अन्य शामिल रहे।

### बकरीद को लेकर सुंदरपहाड़ी क्षेत्र में पदाधिकारियों ने निकाला फ्लैग मार्च

**गोड्डा/सुंदरपहाड़ी।** बकरीद पर्व को लेकर सुंदरपहाड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनिका बास्की, अंचलाधिकारी प्रकाश बेसरा, सदर इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक एवं थानां प्रभारी आशीष कुमार यादव पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर सूंदरपहाडी थाना क्षेत्र के विविन्न गाँवो में मोटरसाइकिल व पैदल मार्च किये, इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने कई मस्जिदों का भ्रमण कर बकरीद पर्व के बारे में जानकारी लेते हुए कई तरह का दिशा निर्देश भी दिए, सभी पदाधिकारियों ने बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किये।

### तेनुघाट में रेडक्रॉस सोसाइटी ने लगाया ब्लड डोनेशन कैम्प

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट सिचाई विभाग के अतिथि भवन में बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के नेतृत्व में रेडक्रॉस सोसाइटी बोकारो के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में अनुमंडल क्षेत्र के गोमिया, पेटरवार, कसमार आदि क्षेत्रों के दर्जनों लोगों ने अपने अपने रक्त का दान किया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, और इससे बढ़कर कोई दान नही है। कहा कि रक्त कोइ प्रयोगशाला में बनाया नही जा सकता है, इसे सिर्फ दान के माध्यम से संग्रह किया जाता है। इसलिए रक्तदान कर जरूरतमंद मानव जीवन को बचाने में अपना योगदान अवश्य दें।

### डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन



**बोकारो।** सेल ने देश के रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कंपनी की रणनीतिक प्रतिबद्धता पर बल देते हुए दुर्गापुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट में 4 जून को सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव- 2025 का आयोजन किया। स्वदेशीकरण परियोजनाओं के लिए विशेष रक्षा-ग्रेड स्टील के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में सेल ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के साथ गहन सहयोग को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था जो भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की पहल की ओर एक और कदम रहा। ऑर्डिनेंस फैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव के दौरान हुए विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस सम्मेलन में सेल के वरिष्ठ नेतृत्व ने अपने विचार रखे जिसमें निदेशक-वाणिज्यिक वीएस चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक एवं दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा शामिल थे।

## एक नजर में

### राजद के गोड्डा जिलाध्यक्ष का चुनाव संपन्न

**गोड्डा।** आज दिनांक 06/06/2025 को जिला प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल गोड्डा मो जाहिद इकवाल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी के निर्देशानुसार 2025 से 2028 तक के सांगठनिक चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय गोड्डा में जिला अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर प्रदेश द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव प्रभारी श्री भूतनाथ यादव एवं श्री मदन यादव जी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें सुरेंद्र यादव उर्फ सुरेश यादव पिता स्वर्गीय जलधार यादव ग्राम विसाहा पोस्ट लतौना थाना पथरगामा जिला गोड्डा को जिला अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसकी घोषणा चुनाव प्रभारी भूतनाथ यादव ने जारी किए इस महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया में सभी प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड के प्रतिनिधि एवं सभी क्रियाशील सदस्य के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया इसमें मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता मोहम्मद जाहिद इकबाल बजरंगी प्रसाद यादव जीतराम हेमरम एहतेशामुल हक पिंटू गुप्ता नीलम देवी प्रदेश महासचिव धनंजय यादव राजीव कुमार प्रो जय प्रकाश यादव,असलम यूनुस तमिजुद्दीन अंसारी अनंत लाल यादव मोहम्मद जमाल सावित्री देवी किरण देवी अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

### कथारा में बिताया पल जीवन का स्मरणीय : दुर्गेश

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के अंतर्गत कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी दुर्गेश कुमार सिन्हा का स्थानांतरण बोकारो एवं करगली क्षेत्र में स्टाफ ऑफिसर योजना एवं परियोजना के पद पर सीसीएल मुख्यालय द्वारा किया गया है। कथारा से बिरमित होने के बाद आरसीएमयू कथारा परिवार की ओर से यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपने विचार रखते हुए दुर्गेश कुमार सिन्हा ने कहा कथारा में बिताया पल जीवन के यादगार पल में एक पल है। सभी के साथ और सहयोग से वित्तीय वर्ष में कोयले का उत्पादन 937000 टन हो सका था। इस वित्तीय वर्ष में भी कोयल का उत्पादन 14 लाख तन से अधिक किया जाना था। वह आंकड़ा भी सभी लोगों के सहयोग से पूरा हो सकेगा ऐसी मुझे पूर्ण विश्वास है। क्षेत्र में बीते पल और लोगों का मिले साथ और सहयोग के लिए मैं हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं साथ ही प्रबंधकीय निर्णय का मैं स्वागत भी करता हूं। कंपनी द्वारा मुझे जिस प्रकार का कार्य दिया जाएगा मैं अपने कार्य का निष्पादन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करने के लिए संकल्पित हूं। मेरे जीवन में कार्य की प्राथमिकता रही है और उसी को मैं कर्तव्य और पूजा समझता हूं। प्रबंधन के समक्ष परियोजनाओं को चलाने में कई प्रकार की कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तो कभी कुछ कड़े और बड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं इसमें कभी कुछ लोगों को अच्छा या बुरा भी लगना स्वाभाविक है लेकिन हम मेरी मानसा कभी किसी को ठेस पहुंचाने की नहीं रही। मेरे कार्यकाल में जितना हो सका उतना कठिन परिश्रम कर उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में अपना कार्य किया। यह कंपनी हमारे और आपके परिवार जैसा है और इसका रखरखाव और उत्पादन हम सबों का कर्तव्य है आप लोगों को संदेश देना चाहेंगे कि आप लोग कड़ी मेहनत कर कोलियरी की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ते हुए उत्पादन लक्ष्य को हर हालत में पूरा कर नये परियोजना पदाधिकारी को सहयोग करेंगे। सम्मान समारोह में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारी के द्वारा दुर्गेश कुमार सिंह साहब को पगड़ी साल बुके तथा माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह ने कहा सिंहा साहब परियोजना के विकास के लिए अपने कठिन परिश्रम के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जिसके परिणाम से ही पिछले घटा को पाठ कर हम लोग मुनाफे की ओर अग्रसर हुए। परियोजना में विकास के कार्य को भी उनकी प्राथमिकता रहे सामाजिक कार्यों से लेकर अन्य कार्यों में भी इनकी अभिरुचि रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से सीसीएल रीजनल समिति के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर प्रसाद क्षेत्रीय सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती विजय यादव वाशरी के सचिव रंजय कुमार सिंह आर आर शॉप के अध्यक्ष रणजीत सिंह महाप्रबंधक कार्यालय के सचिव एन एन मिश्रा एनके त्रिपाठी रवि कुमार सिंह अमनदीप सिंह देवाशीष आश संतोष सिंह अर्जुन चौहान मंसूर खान वकील राम पंडित विश्वनाथ चौहान श्रवन कुमार शमशेर आलम कमलकांत सिंह सुजीत मिश्रा सुरेश ठाकुर विजय नायक पिंटू राय संतोष राम गोड खिराधन साल भिखम कुमार प्रमोद यादव अरुण सिंह लकी सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### फुसरो में गंगा दशहरा महोत्सव मनाया गया

**बेरमो।** हिंदुस्तान पुल फूसरो के निकट दामोदर नदी तट पर आज गंगा दशहरा महोत्सव मनाया गया। यजमान के रूप में भाजपा बोकारो जिला के उपाध्यक्ष अर्चना सिंह व उनके पति जीतेंद्र सिंह ने मां गंगा की विधिवत पूजा की। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे दयानंद बरनवाल, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार,ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा ,नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थानीय संयोजक दामोदर बचाओ अभियान भरत वर्मा तत्वावधान में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मां गंगा के धरती पर अवतरण होने के बाद आज ही के दिन भागीरथ जी के पूर्वजों का उद्धार हुआ था इसलिए हर साल आज ही के दिन गंगा दशहरा महोत्सव मनाया जाता है। भाजपा नेत्री अर्चना सिंह ने कही कि मुझे तीन बार दामोदर नदी तट पर गंगा दशहरा महोत्सव में पूजा करने का मौका मिला। नदी की पूजा करने से नदी को साफ रखने की लोगों को प्रेरणा मिलती है। केंद्र सरकार द्वारा गंगा की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड की जीवन दायिनी दामोदर नद का भी सफाई अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री रघुवर दास जी के समय दामोदर का सफाई हो रहा था। जब से हेमंत सोरेन की सरकार आई दामोदर का सफाई अभियान बंद कर दिया गया है। इस मौके पर आर.उनेश, दिनेश सिंह, अशोक मिश्रा,भाई प्रमोद कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, पंकज पांडेय, अभिनेश वर्मा, रमेश स्वर्णकार, लालमोहन, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में जमकर लोगो ने लिया हिस्सा

**तेनुघाट कोर्ट।** अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि उपायुक्त बोकारो के निर्देश के पर शुक्रवार 06 जून को तेनुघाट सिंचाई विभाग के अतिथि भवन में भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा शिविर का आयोजित किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बताते चलें कि रक्त दान शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार कनिष्क, पेटरवार बीडीओ, समाजसेवी मुमताज अंसारी, पत्रकार, सहित अन्य कई लोगों ने अपना अपना रक्त दान किया। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने दी और आगे बताया कि बॉर्डर पर लड़ रहे सैनिक जो हम सबों की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों से लड़ रहे गोली बारी में जख्मी हुई सिपाहियों रक्त की आवश्यकता होती है,तथा जरूरत मन्द को रक्त की आवश्यकता होती है। दान किया गया रक्त से ही उनका जान बचाया जा सकता है। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्त दान करने से कमजोरी आ जाती है, जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। आज के समय में विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि रक्त दान करने से शरीर और भी ऊर्जावान होता है। कई मायने में शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने का बेहतर उपाय है। रक्तदान एक सच्चा उपहार है, जिसे आप दूसरो की जरूरतो को दे सकते है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन और हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है और दिल का दौरा पड़ने का जोखिम कम होता है। अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के डॉ शंभू कुमार ने बताया कि रक्तदान कर शिविर की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने की। कुल 150 यूनिट रक्त संग्रहीत किया गया। रक्तदान शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी बोकारो के आपदा प्रबंधन चेयरमैन ज्योति प्रकाश द्विवेदी, चेयरमैन बासुदेव मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेश गुटिया, लेब टेक्नीशियन राज कुमार, संजय कुमार, प्रकाश मिश्रा, चूरामन कुमार, ब्रह्मदेव सिंह, सचिन कुमार, अनित कुमार, संजय कुमार, सुनील पाल, कुंदन कुमार, सरजू महतो, राम रतन कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका में 12 देशों के लोगों के प्रवेश पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 12 देशों के नागरिकों को देश में आने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध आदेश नौ जून से लागू होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस आशय के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो , इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन पूर्ण प्रतिबंध की श्रेणी में शामिल हैं। आंशिक प्रतिबंध की श्रेणी में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला को रखा गया है।

## लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकाने ध्वस्त

**बेरूत।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दक्षिणी लेबनान के उपनगर दहिह में ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह के यूएवी उत्पादन केंद्र और भंडारण स्थलों को ध्वस्त कर दिया। आईडीएफ ने एक्स पर कहा कि हिजबुल्लाह के सामरिक ठिकानों पर रात को हवाई हमला किया। एक ड्रोन निर्माण कार्यशाला को मिट्टी में मिला दिया गया।

## अमेरिका ने रद्द किया नेपाल का स्पेशल स्टेटस

**काठमांडू।** अमेरिका ने नेपाल का स्पेशल स्टेटस रद्द करने की घोषणा की है। 7000 से अधिक नेपाली नागरिकों को अमेरिका छोड़ कर जाने को कहा गया है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने नेपाल को अब तक दिए जाने वाले टेंपररी प्रोटेक्टेड स्टेट्स को रद्द कर दिया है।

## बांग्लादेश में अगले साल अप्रैल में होंगे चुनाव

ढाका। बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में आम चुनाव होंगे। शुक्रवार को बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने कहा कि देश के राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आपको उचित समय पर चुनावों के लिए विस्तृत रोडमैप प्रदान करेगा।

## विस्फोट में पाक के पूर्व मंत्री की मौत


पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आवास पर गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट में पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री की मौत हो गई। घटना गुरुवार की है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के पूर्व सीनेटर अब्बास खान अफरीदी सहित तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब्बास की इलाज के दौरान मौत हो गई। राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले अफरीदी ने केंद्रीय मंत्री और सीनेटर के रूप में कार्य किया था।

## रिजिजू ने वक्फ संबंधित उम्मीद पोर्टल किया लांच

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने केंद्रीय पोर्टल उम्मीद का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। रिजिजू ने कहा कि आम मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी।

# 1486 करोड़ की लागत से बना अद्भुत है भारत का चिनाब ब्रिज

## दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर भूकंप और बम भी बेअसर



**एजेंसी**

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया। यह देश का पहला केबल-स्टे अंजी ब्रिज भी है, जो यह फ्रांस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह पुल चिनाब नदी पर बना है और उधमपुर-श्रीनगर के बीच रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि इसपर बम और भूकंप का भी असर नहीं होगा।

उदघाटन के मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत कई लोग उपस्थित थे।

**725 मीटर है पुल की लंबाई:** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस पुल की कुल लंबाई 725 मीटर है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि यह भारी तूफान, तेज हवाओं और यहां तक कि विस्फोटों को भी झेलने में सक्षम है। पुल के डेक की कुल चौड़ाई 15 मीटर है। अंजी पुल 82 मीटर से लेकर 295 मीटर तक के 96 केबल पर टिका है।

**8 साल में बनकर तैयार:** यह पुल आठ साल से अधिक समय में बनकर तैयार हुआ है। इस पुल को बनाने में 1486 करोड़ रुपये की लागत लगी है।

यह भारत की पहली केबल-स्टेड रेलवे पुल है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर लंबे मार्ग में अहम संपर्क सुविधा है। इसके निर्माण को 2002 में मंजूरी दी गयी थी, लेकिन इस पर काम 2017 में शुरू हुआ।

**8 हजार से ज्यादा मीट्रिक टन**

### एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा

वास्तुकला का अद्भुत नमूना चिनाब रेलवे पुल नदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और पेरिस के प्रतिष्ठित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह 1,315 मीटर लंबा इस्पात का मेहराब वाला आर्च ब्रिज पुल है जिसे भूकंपीय और वायु संबंधी परिस्थितियों को झेल सकने के अनुकूल बनाया गया है।

**स्टील का प्रयोग :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिनाब ब्रिज को बनाने में 28 हजार से ज्यादा मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही 46 हजार क्यूबिक मीटर कंक्रीट का भी इस्तेमाल किया गया है। इस पुल में 6 लाख से ज्यादा बोल्ट भी लगे हैं।

# एलन मस्क ने ट्रंप पर फोड़ा 'बड़ा बम'

## खुफिया ईप्सटीन फाइल में ट्रंप का नाम

**अमेरिकी फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन ने कथित तौर पर अरबतियों के लिए फंड मैनेज करके अकूत संपत्ति जमा की**




**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला कंपनी के अरबपति मालिक एलन मस्क के बीच सार्वजनिक विवाद गहराता जा रहा है। दोनों ने एक दूसरे पर सार्वजनिक रूप से हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ चौंकाने वाला खुलासा किया है। एलन मस्क ने आरोप लगाया है कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम एपस्टीन फाइल में है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने लिखा कि वास्तव में बड़ा बम गिराने का समय आ गया है। डोनाल्ड ट्रंप एप्सटीन फाइल्स में हैं। यही असली कारण है कि उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है।

**ट्रंप पर चले महाभियोग :** मस्क ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि सच्चाई सामने आएगी। इतना ही नहीं, उन्होंने ट्रंप पर महाभियोग चलाने और उनकी जगह जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनाए जाने की मांग करने वाली एक पोस्ट को भी शेयर किया। जेफरी एपस्टीन एक अमेरिकी फाइनेंसर था, जिसने कथित तौर पर अरबतियों के लिए फंड मैनेज करके अकूत संपत्ति जमा की। इस दौरान उसने प्रभावशाली हस्तियों के साथ संबंध बनाए, जिनमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति, ब्रिटिश राजघराने के लोग और प्रमुख हॉलीवुड हस्तियां शामिल हैं। एपस्टीन के पतन की शुरूआत 2008 में हुई जब उसने बाल वेश्यावृत्ति के आरोपों को स्वीकार किया। बाद में उसे एक डील के तहत 13 महीने की सजा सुनाई गई, जिसकी काफी आलोचना हुई। 2019 में उसे फिर से संघीय यौन तस्करी के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। उस पर नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण करने वाला एक नेटवर्क चलाने का आरोप था। अगस्त 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उसकी मौत हो गई। एपस्टीन की मौत को आत्महत्या बताया गया, लेकिन कई कॉन्स्पिरेसी थ्योरी कहती हैं कि हाई प्रोफाइल लोगों को बचाने के लिए उसे चुप करा दिया गया।

### कई नामी लोग थे एपस्टीन के दोस्त

कई शक्तिशाली लोगों का नाम जेफरी एपस्टीन से जुड़े यौन शोषण केस में अदालती दस्तावेजों में दर्ज किया गया है। इनमें ट्रंप, प्रिंस एंड्र्यू और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन जैसे शामिल हैं। 2024 में चुने जाने से पहले ट्रंप ने एपस्टीन के साथ किसी भी तरह से संबंध से इनकार किया। ट्रंप ने कहा था कि उन्हें एपस्टीन से संबंधित फाइलें जारी करने में कोई समस्या नहीं होगी। हालांकि, इन फाइलों को अभी तक जारी नहीं किया गया है, एक बार फिर मांग उठ रही है।

## स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट के लिए मिला लाइसेंस

**नयी दिल्ली ।** एलन मस्क के नेतृत्व वाली सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज कंपनी स्टारलिंक को भारत में कमर्शियल सर्विसेज शुरू करने के लिए लाइसेंस मिल गया है। कंपनी इस साल के आखिरी या अगले वर्ष की शुरूआत में देश में कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर सकती है।

जानकारी के अनुसार, दूरसंचार विभाग ने अमेरिकी कंपनी को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट परमिट जारी कर दिया है। आने वाले दिनों में स्टारलिंक को ट्रायल स्पेक्ट्रम भी जारी किया जाएगा। देश में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज सेवाएं प्रदान करने के लिए स्टारलिंक अब यूटेलसैट के वनवेब और जियो-एसईएस के बाद जीएमपीसीएस परमिट पाने वाली तीसरी सैटकॉम कंपनी है।

## अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप का हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर प्रतिबंध रोका

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन स्थित संघीय न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश को अस्थायी रूप से रोक दिया है, जिसमें हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आने वाले विदेशी छात्रों का अमेरिका में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया था। न्यायाधीश एलिसन बरोस ने हार्वर्ड को दिया गया दो-पृष्ठीय अस्थायी रोक आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप के आदेश को तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक मामला पूरी तरह न्यायालय में न सुलझ जाए। छह महीने के इस प्रतिबंध से तत्काल और अपरिवर्तनीय नुकसान होगा, जो कि न्यायिक प्रक्रिया के लिए हानिकारक है। बरोस ने पिछले महीने भी ट्रंप के एक आदेश को रोका था, जो हार्वर्ड को विदेशी छात्रों को दाखिला देने से रोकने का प्रयास करता था।

## जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जायेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी -7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी और कनानास्किस में इस महीने होने वाली जी-7 की बैठक में भाग लेने का आमंत्रण देने के लिए धन्यवाद दिया। मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के लोकतंत्र जनता के जनता के संपर्क से जीवंत हैं। दोनों देश आपसी सम्मान और साझा हितों को लेकर अपने संबंधों में आगे बढायेंगे।



# जीरो टॉलरेंस की आतंकी नीति पर सहमत ब्रिक्स देश

**भारत में होगा 12वां सम्मेलन**

**▶▶ आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा पाकिस्तानः ओम बिरला**



**नयी दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन मे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है। ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने हिस्सा लिया। सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए साझा घोषणापत्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओम बिरला ने कहा कि आतंकवाद विश्व समुदाय के लिए आज सबसे बड़ा खतरा बन गया है और भारत के लिए पड़ोसी मुल्क से संचालित आतंकवाद संकट बना हुआ है लेकिन पाकिस्तान अपने क्षेत्र में आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल हो रहा है। बिरला ने आतंकवादी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद को रोकने, खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, आधुनिक तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने और न्यायिक प्रक्रियाओं में साझा प्रयास करने पर जोर दिया है।

# बीजापुर में मुठभेड़, 25 लाख का इनामी नक्सली भास्कर ढेर

**एके-47 व गोलाबारूद बरामद**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के घने जंगलों वाले इंद्रावती नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली भास्कर उर्फ मइलारापु अडेल्लू (45) को मार गिराया। जवानों ने मारे गए नक्सली भास्कर के शव के साथ एके-47 राइफल तथा अन्य विस्फोटक, हथियार, गोलाबारूद बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सली भास्कर का शव बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सली मंडुगुला भास्कर राव उर्फ मइलारापु पिता दुर्गैह निवासी ग्राम-उरूमादला जिला आदिलाबाद, तेलंगाना, तेलंगाना स्टेट कमेटी का स्पेशल कमेटी सदस्य (एसजेडसी) एवं सीपीआई (माओवादी) संगठन की तेलंगाना राज्य समिति के मंचेरियल कोमरम भीम (एमकेबी) का सचिव था। मुठभेड़ स्थल से भागे हुए अन्य नक्सली कैडरों की तलाश के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। अभियान के समाप्त होने और पूर्ण पुष्टि प्राप्त होने के बाद ही अन्य नक्सली कैडरों की हताहतों और बरामदगी से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। पुलिस के अनुसार इंद्रावती नेशनल पार्क के जंगल में हुई मुठभेड़ में मारा गया नक्सली भास्कर आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। गुरूवार को इसी जंगल में एक करोड़ के इनामी नक्सली गौतम उर्फ सुधाकर मारा गया था।




# रेपो रेट में कटौती से शेयर बाजार ने लगायी लंबी छलांग

## सेंसेक्स 747 और निफ्टी 252 अंक उछला

**▶▶ 92 प्रतिशत तूफानी तेजी के साथ सेंसेक्स 82 हजार पार**

**▶▶ निफ्टी 1.02 % उछलकर 25 हजार पर हुआ बंद**



**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवेदनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा।

बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 4.74, वित्तीय सेवाएं 1.79, ऑटो 1.50, बैंकिंग 1.25, कमोडिटीज 0.72, सीडी 1.38, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 0.19, हेल्थकेयर 0.40, आईटी 0.41, दूरसंचार 0.14, यूटिलिटीज 1.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 1.56, तेल एवं गैस 0.76, पावर 0.78, टेक 0.30, सर्विसेज 0.42 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.52 प्रतिशत उछल गए।

### निवेशकों को 3.56 लाख करोड़ फायदा

शेयर बाजार में आई मजबूती सं स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 451.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.50 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 3.56 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

## एक लाख के करीब पहुंचा सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली।** सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये से लेकर 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार किया। 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये से लेकर 91,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका। चांदी के भाव में भी 2,000 रुपये की तेजी आई है, चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम हुआ। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट की कीमत 91,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज हुई। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। कोलकाता में 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये प्रति 10 ग्राम व 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।

